सी० बी०—दो संख्या 331

लोक सभा

दंड विधि (संशोधन) विधेयक, 1980

(संयुक्त समिति का प्रतिवेदन)

[2 नवम्बर, 1982 को प्रस्तुत]

लोक सभा सचिवालय
नई दिल्ली

नवम्बर, 1982/कार्तिक, 1904 (शक)
मूल्य : 6 रु० 60 पैसे

दंड विधि (संशोधन) विधेयक, 1980 संबंधी संयुक्त समिति के प्रतिवेदन का शुद्धिपत्र

पृष्ठ	पैरा	पंक्ति	के स्थान पर	पढ़िये
(iii)	--	7	श्री रास बिहारी बेहरा	श्री रास बिहारी बहेरा
(iii)	--	8	श्रीमती गुरबिंदर कौर ब्रार	श्रीमती गुरबिंदर ब्रार
(iii)	--	22	श्री एस.शिगार-वादीवेल	श्री एस.सिंगारा-वाड़ीवेल
(vii)	20(एक)	6	तथड	तथा
(xv)	33	3	अपराधो	अपराधी
(xxiii)	--	5	परमपत्नी	धर्मपत्नी
(xxx)	--	1	ऐम	ऐसा
(xxxiii)	3	2	सहमत	असहमत
1	2	1	नई धारा 220क	नई धारा 228 क
2	--	1	धार	धारा
2	--	4	जिसको	जिसकी
2	--	27	मुद्रित	मुद्रित
3	--	10	मध्यम	माध्यम
3	--	12	समझाने	समझने
3	--	22	दण्दित	दण्डित
4	--	7 तथा 10	कर्मचारीवृंद	कर्मचारिवृन्द
4	--	10	प्रबन्धक	प्रबन्ध
4	--	23	दंडनीय	दंडादेश
4	--	24	स्त्री	स्त्री
4	--	35	उसके	इसके
5	--	3	मैथुन	मैथुन
5	--	9	बलात्संग की	बलात्संग के
5	--	17	स्त्रीनिवासी की	स्त्री निवासी को
6	--	5	संख्याकित	संख्यांकित
6	--	6	उपधारा	उपधाराएं
8	--	6	जाना है	जाता है
9	--	8	श्री रास बिहारी बेहरा	श्री रासबिहारी बहेरा

....2/-

पृष्ठ	पैरा	पंक्ति	के स्थान पर	पढ़िये
9	-	23	श्री शिंगारवा-धीवल	श्री शिंगारावाड़ी-वेल
15	-	30	रिहब्बिलकेशन	रिहेबिलटेशन
17	-	7	श्री डी.क. नायकर	श्री डी.के. नायकर
17	-	20	श्री ए.सिंगारा-	श्री एस.सिंगारावाड़ीवेल
19	-	7	श्री डी.के नायक	श्री डी.के. नायकर
20	- अन्तिम		अपर सचिव	अवर सचिव
21	1	3	विज्ञति	विज्ञप्ति
22	-नीचे से 8		पपलानी-अपन सचिव	बबलानी-अवर सचिव
37	2	2	सभापति लोक सभा	सभापति ने लोक सभा
37	2	3	विदेशी	निदेशों
39	-	18	अध्ययन	अध्यक्ष
60,62,68 70,71,72, 73,84,86, 88,89,91, 94,104तथा106	-	-	श्रीमती गुरबि-न्दर कौर बरार	श्रीमती गुरब्रिन्दर कौर बरार
66 तथा 67	-	-	श्री रास बिहारी बेहरा	श्री रासबिहारी बहेरा
69 तथा 71	-	-	श्री डी.के.नायर	श्री डी.के. नायकर
71	- नीचे से8		श्री बी.इब्राहम	श्री बी.इब्राहीम
72	- नीचे से 4		श्रीमती गीता मुखर्जो	श्रीमती गीता मुखर्जी
73	- नीचे से 5		श्री के.अर्जुन	श्री के. अर्जुनन
76	- नीचे से 5		श्री डी.आर. नायकर	श्री डी.के. नायकर
79	4	5	पेशन न	पेश न
79	5	2	देय	टेप
82	- नीचे से 9		श्री बापूसाहिब पाहलेक	श्री बापूसाहिब परूलेकर
85	-	9	श्री ए.जी.पराँजपे	श्री एच.जी.पराँजपे
106	- नीचे से 2		श्री सत्यदेव कोड़ा	श्री सत्यदेव कोड़ा

विषय सूची

	पृष्ठ
1. संयुक्त समिति की रचना	(iii)
3. संयुक्त समिति का प्रतिवेदन	(v)
3. विमत टिप्पण	(xix)
4. संयुक्त समिति द्वारा यथा प्रतिवेदित विधेयक . . .	1
परिशिष्ट–एक :	
संयुक्त समिति को विधेयक भेजने के लिए लोक सभा में प्रस्ताव . .	9
परिशिष्ट—दो :	
राज्य सभा में प्रस्ताव	11
परिशिष्ट—तीन :	
उन एसोसियेशनों, संगठनों, व्यक्तियों इत्यादि की सूची, जिनसे संयुक्त समिति को ज्ञापन/अभ्यावेदन प्राप्त हुए ।	12
परिशिष्ट—चार :	
संयुक्त समिति की बैठकों का कार्यवाही-सारांश	19

दण्ड विधि संशोधन विधेयक, 1980 संबंधी संयुक्त समिति

समिति की रचना

श्री डी० के० नायकर—सभापति

सदस्य

लोक सभा

2. श्री के० अर्जुनन
3. श्री रास बिहारी बेहरा
4. श्रीमती गुरबिन्दर कौर ब्रार
5. श्रीमती विद्यावती चतुर्वेदी
6. श्री बी० किशोर चन्द्र एस० देव
7. श्रीमती सुशीला गोपालन
8. *श्रीमती मोहसिना किदवई
9. श्रीमती माधुरी सिंह
10. श्रीमती गीता मुखर्जी
11. श्री के० एस० नारायण
12. श्री राम प्यारे पनिका
13. श्री बापू साहिब पल्लेकर
14. श्री अमृत पटेल
15. श्री काजी सलीम
16. प्रो० निर्मला कुमारी शक्तावत
17. **श्री एन० के० शेजवलकर
18. श्री एस० सिंगारवादीवेल
19. श्री आर० एस० स्वैरो
20. श्री त्रिलोक चन्द
21. श्री वी० एस० विजयराघवन
22. श्री पी० वेंकटसुब्बैया

राज्य सभा

23. †श्री लाल कृष्ण आडवाणी
24. श्री राम चन्द्र भारद्वाज

---

*14-9-1982 से त्यागपत्र दे दिया।

**श्री आर० के० महालगी के निधन हो जाने पर 16-4-1982 से उनके स्थान पर नियुक्त किए गए।

†राज्य सभा में कार्यावधि समाप्त हो जाने पर 2-4-1982 से समिति के सदस्य नहीं रहे, 5-5-1982 से पुनः नियुक्त किये गये।

25. श्री अमर प्रसाद चक्रवर्ती
26. श्री एल० डब्ल्यू० धाबे
27. श्री बी० इब्राहीम
28. श्री धुलेश्वर मीना
29. श्री सुरेन्द्र महन्ती
30. श्री बी० पी० मुन्नुसामी
31. †श्री लियोनार्ड सोलोमन सारिंग
32. श्री इरा सेझियान
33. श्री हुकमदेव नारायण यादव

सचिवालय

1. श्री एच० जी० परांजपे—संयुक्त सचिव ।
2. श्री सत्यदेव कौड़ा— मुख्य विधायी समिति अधिकारी ।
3. श्री टी० ई० जगन्नाथन —वरिष्ठ विधायी समिति अधिकारी ।

विधायी परामर्शदाता

1. श्री एस० रामैया—संयुक्त सचिव तथा विधायी परामर्शदाता, विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय (विधायी विभाग)
2. श्रीमती बी० एस० रमादेवी—संयुक्त सचिव तथा विधायी परामर्शदाता, विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय (विधायी विभाग)
3. डा० रणवीर सिंह—सहायक विधायी परामर्शदाता, विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय

प्राक्कलन (राजभाषा स्कंध)

श्री आर० बी० अग्रवाल—उप प्राक्कलन, विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय (राजभाषा स्कंध)

गृह मंत्रालय के प्रतिनिधि

1. श्री पी० के० कठपालिया—अपर सचिव ।
2. श्री एस० बी० शरण—संयुक्त सचिव ।

---

†राज्य सभा में कार्यावधि समाप्त हो जाने पर 19-10-1981 से समिति के सदस्य नहीं रहे । 17-12-1981 से पुनः नियुक्त किए गए ।

दण्ड विधि (संशोधन) विधेयक, 1980 संबंधी संयुक्त समिति का प्रतिवेदन

मैं, संयुक्त समिति, जिसे भारतीय दण्ड संहिता 1860, दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 का और संशोधन करने के लिए विधेयक सौंपा गया था, का सभापति उसकी ओर से प्रतिवेदन प्रस्तुत करने लिए प्राधिकृत किए जाने पर समिति द्वारा यथा संशोधित विधेयक के साथ संलग्न यह प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूं।

2. यह विधेयक लोक सभा में 12 अगस्त, 1980 को पुरःस्थापित किया गया था। इस विधेयक को दोनों सभाओं की संयुक्त समिति को सौंपने का प्रस्ताव तत्कालीन गृह मंत्री ज्ञानी जैल सिंह द्वारा 23 दिसम्बर, 1980 को लोक सभा में प्रस्तुत किया था तथा स्वीकृत किया गया था (परिशिष्ट-एक)।

3. राज्य सभा ने उक्त प्रस्ताव पर 24 दिसम्बर, 1980 को सहमति दी (परिशिष्ट-दो)।

4. राज्य सभा से प्राप्त संदेश लोक सभा समाचार भाग-2 में 26 दिसम्बर, 1980 को प्रकाशित किया गया।

5. समिति की कुल मिलाकर 44 बैठकें हुईं।

6. समिति की पहली बैठक 3 फरवरी, 1981 को कार्यक्रम तैयार करने के लिए हुई। इस बैठक में समिति ने विधेयक के उपबंधों के संबंध में राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों, सार्वजनिक निकायों, महिलाओं और स्वयंसेवी सामाजिक संगठनों, बार एसोसिएशनों/काउंसिलों, प्रेस संगठनों, व्यक्तियों आदि से विधेयक की विषयवस्तु में रुचि रखने वाले पक्षों से 18 फरवरी, 1981 तक अपने विचारार्थ ज्ञापन मांगने का निर्णय किया ताकि समिति के कार्य में आसानी हो सके।

समिति ने उक्त तारीख तक ही विधेयक के उपबंधों पर सभी राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्र प्रशासनों के मुख्य सचिवों, बार एसोसिएशनों/काउंसिलों, प्रेस संगठनों और महिला तथा स्वयंसेवी सामाजिक संगठनों*, के महान्यायवादी और सभी राज्यों के महाधिवक्ताओं को उनकी टिप्पणियां/सुझाव आमंत्रित करने हेतु उन्हें एक परिपत्र भेजने का निर्णय भी किया।

समिति ने यह भी निर्णय किया कि विशेषज्ञों तथा विधेयक में रुचि रखने वाले पक्षों का विधेयक के उपबंधों के संबंध में मौखिक साक्ष्य लिया जाये।

समिति ने इस संबंध में प्रैस विज्ञप्ति जारी करने का निर्णय भी किया जिसमें ज्ञापन प्राप्त करने तथा मौखिक साक्ष्य देने के लिए अनुरोध करने की अंतिम तारीख 18 फरवरी, 1981 निर्धारित की गयी। 4 फरवरी, 1981 को महानिदेशक आकाशवाणी, तथा महानिदेशक, दूरदर्शन, नई दिल्ली से भी अनुरोध किया कि इस प्रैस विज्ञप्ति की विषयवस्तु को लगातार तीन दिनों तक आकाशवाणी तथा दूरदर्शन के सभी केन्द्रों से प्रसारित किया जाये।

7. चूंकि 18 फरवरी, 1981 तक बहुत कम ज्ञापन प्राप्त हुए थे तथा लोक सभा सचिवालय को ज्ञापन प्राप्त करने की तारीख को बढ़ाने के लिए अनेक अनुरोध प्राप्त हुए। अतः 21 फरवरी, 1981 को सभापति ने ज्ञापन प्राप्त होने की तारीख बढ़ा कर 7 मार्च, 1981 कर दी। इसे लोक सभा सचिवालय द्वारा 23 फरवरी, 1981 को जारी की गयी प्रैस विज्ञप्ति के माध्यम से अधिसूचित किया। प्रैस विज्ञप्ति की विषयवस्तु का आकाशवाणी और दूरदर्शन केन्द्रों में प्रसारण किया गया।

---

*भारत के असाधारण राजपत्र, के भाग-दो, खण्ड 2 में 12 अगस्त, 1980 को प्रकाशित।

8. चूंकि बढ़ाई गयी उक्त तारीख तक पर्याप्त संख्या में, विशेषकर राष्ट्रीय स्तर के महिला संगठनों से ज्ञापन प्राप्त नहीं हुए थे, अतः समिति ने 17 मार्च, 1981 को हुई अपनी बैठक में ज्ञापन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख को और बढ़ाकर 15 अप्रैल, 1981 तक करने का निर्णय किया। 19 मार्च, 1981 को फिर एक प्रैस विज्ञप्ति जारी की गयी। महानिदेशक, आकाशवाणी और महानिदेशक दूरदर्शन नई दिल्ली से इसे आकाशवाणी के सभी केन्द्रों तथा दूरदर्शन केन्द्रों से प्रसारित करने का फिर से अनुरोध किया गया।

उक्त बैठक में समिति ने यह निर्णय भी लिया कि सभी संसद सदस्यों तथा देश के सभी जिला बार एसोसिएशनों को भी उक्त बढ़ी हुई तारीख से यानि 15 अप्रैल, 1981 तक विधेयक के उपबंधों पर टिप्पणियां/सुझाव देने का अनुरोध किया जाये। तदनुसार सभी संसद सदस्यों, देश के सभी जिला बार एसोसिएशनों के अध्यक्षों से उक्त तारीख तक अपनी टिप्पणियां सुझाव भेजने का अनुरोध किया गया। है

9. समिति द्वारा विभिन्न राज्य सरकारों, सार्वजनिक निकायों महिला और स्वयंसेवी सामाजिक संगठनों आदि से 123 ज्ञापन/अभ्यावेदन प्राप्त हुए जिनमें [इस विधेयक के उपबंधों के संबंध में उनके विचार/टिप्पणियां/सुझाव दिए गए थे—(परिशिष्ट–तीन)।

10. बलात्संग के मामलों की बढ़ती हुयी समस्या की जानकारी प्राप्त करने तथा विभिन्न राज्यों में ऐसे मामलों की घटनाओं के तथ्यों और आंकड़ों का विशेषकर उन लोगों से दिल्ली आने में असमर्थ लोगों से पता लगाने के लिए समिति ने 29 अप्रैल, 1981 को हुई अपनी बैठक में निर्णय किया कि विभिन्न राज्यों का दौरा किया जाये और विभिन्न महिलाओं और स्वयंसेवी सामाजिक संगठनों, बार काऊंसिलों/जिला बार एसोसिएशनों, राज्य सरकारों आदि के प्रतिनिधियों का मौखिक साक्ष्य लेने के लिए बैठकें की जायें।

11. तदनुसार समिति ने अपनी औपचारिक बैठकें प्रथम दौर में 30 जून, से 7 जुलाई, 1981 तक शिमला, लखनऊ तथा भोपाल में, दूसरे दौर में 27 जुलाई से 2 अगस्त तक बम्बई, हैदराबाद तथा बंगलोर में तथा तीसरे दौर में 14 से 23 अक्तूबर, 1981 तक कलकत्ता, ईटानगर, पटना तथा भुवनेश्वर में की तथा विभिन्न महिला तथा स्वयंसेवी सामाजिक संगठनों, बार काऊन्सिलों / जिला बार एसोसिएशनों, राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के प्रतिनिधियों तथा व्यक्तियों का मौखिक साक्ष्य लिया।

समिति ने नई दिल्ली में 2 तथा 3 नवम्बर, 1981 को विभिन्न महिला तथा स्वयंसेवी सामाजिक संगठनों, दिल्ली प्रशासन, के प्रतिनिधियों तथा व्यक्तियों का भी मौखिक साक्ष्य लिया।

12. सरकारी अधिकारियों तथा गैर सरकारी अधिकारियों अर्थात् समाज के सभी वर्गों के महिला तथा स्वयंसेवी सामाजिक संगठनों, बार काऊन्सिलो/एसोसिएशनों तथा अन्य संगठनों, व्यक्तियों आदि का प्रतिनिधित्व करने वाले 225 साक्षी मौखिक साक्ष्य देने के लिये समिति के समक्ष उपस्थित हुए।

13. समिति ने 16 से 18 नवम्बर, 1981 को तथा पुनः 8 से 11 फरवरी, 1982 को हुई अपनी बैठकों में उन संशोधनों, जिनकी सूचना सदस्यों द्वारा की गई थी तथा उन सामान्य सुझावों, जो सदस्यों द्वारा दिये गये थे, के संदर्भ में विधेयक के उपबंधों पर सामान्य चर्चा की ताकि वह अपने विचार बना सके और मतैक्य पर पहुंच सके। सामान्य चर्चा के दौरान समिति के कुछ सदस्यों द्वारा यह सुझाव दिया गया था कि क्या गृह राज्य मंत्री उनके द्वारा चर्चा के दौरान व्यक्त किये गये विचारों के आधार पर कोई सरकारी संशोधन लाने के लिये तैयार हैं। तदनुसार, गृह राज्यमंत्री ने समिति द्वारा विचार करने के लिये सरकारी संशोधन लाने के लिये रजामंदी व्यक्त की।

14. समिति ने 8 फरवरी, 1982 को हुई अपनी बैठक में यह निर्णय लिया कि नई दिल्ली तथा अन्य स्थानों पर समिति के समक्ष दिये गये साक्ष्य का रिकार्ड मुद्रित कराया जाना चाहिये तथा संसद के दोनों सदनों के पटल पर भी रखा जाना चाहिये।

15. समिति का प्रतिवेदन अगले सत्र (बजट सत्र, 1981) के प्रथम सप्ताह के अंतिम दिन अर्थात् 20 फरवरी, 1981 तक सदन में प्रस्तुत किया जाना था। समिति को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिये पाँच बार समय बढ़ाये जाने की अनुमति दी गई थी। पहली बार 19 फरवरी, 1981 को छटे सत्र के प्रथम सप्ताह के अंतिम दिन अर्थात 21 अगस्त, 1981 तक; दूसरी बार 20 अगस्त, 1981 को, शीतकालीन सत्र, 1981 के प्रथम सप्ताह के अंतिम दिन अर्थात 27 नवम्बर, 1981 तक; तीसरी बार 27 नवम्बर, 1981 को बजट सत्र, 1982 के प्रथम सप्ताह के अंतिम दिन अर्थात 19 फरवरी, 1982 तक ; चौथी बार 19 फरवरी, 1982 को मानसून सत्र के उपान्तिम सप्ताह के अंतिम दिन अर्थात 7 अगस्त, 1982 तक; तथा पांचवीं बार 5 अगस्त 1982 को शीतकालीन सत्र, 1982 के अंतिम सप्ताह के प्रथम दिन अर्थात 2 नवम्बर, 1982 तक।

16. सरकारी संशोधन प्राप्त होने के बाद सभापति ने सदस्यों से यदि वे ऐसा चाहते है, सरकारी संशोधनों को ध्यान में रखते हुए नये संशोधनों की सूचनायें देने के लिये अनुरोध किया।

समिति ने 8, 11, 12 तथा 13 अक्तूबर, 1982 को हुई अपनी बैठकों में सरकारी संशोधनों तथा नये संशोधनों आदि, जिनकी सूचना सदस्यों द्वारा दी गई थी तथा जो उनको पेश किये गये थे, के सन्दर्भ में विधेयक पर खण्डवार विचार किया।

17. समिति ने 13 अक्तूबर, 1982 को हुई अपनी बैठक मे यह निर्णय लिया कि समिति द्वारा विधेयक के बारे मे प्राप्त टिप्पणियां/सुझाव दर्शाने वाले ज्ञापनों/अभ्यावेदनो आदि के दो सेट प्रतिवेदन के प्रस्तुत किये जाने के बाद संसद् ग्रन्थालय में रखे जायें ताकि संसद् सदस्य सन्दर्भ के लिये उनका प्रयोग कर सकें।

18. समिति ने 23 अक्तूबर, 1982 को हुई अपनी बैठक में प्रतिवेदन पर विचार किया तथा उसे स्वीकार किया।

19. विधेयक में प्रस्तावित मुख्य परिवर्तनों के बारे में समिति की टिप्पणियां अनुवर्ती पैराग्राफों में दी गई हैं।

20. खण्ड 2 : समिति ने इस खण्ड में निम्नलिखित कतिपय संशोधन किये है :—

(i) समिति नोट करती है कि प्रस्तावित नई धारा 228क की उपधारा (1) के उपबंधों के अन्तर्गत कतिपय अपराधों नामतः धारा 354 के अन्तर्गत किसी स्त्री का शीलभंग करने के उद्देश्य से उस पर हमला करने तथा तीन अपराधों, नामतः प्रस्तावित नई धाराओं 376, 376क, 376ख, तथा 376ग के अन्तर्गत बलात्संग तथा अवैध मैथुन, के लिये इससे आहत व्यक्ति की पहचान के प्रकटीकरण को ऐसे कारावास से जिसकी अवधि एक मास से कम नहीं होगी, किन्तु जो दो वर्ष तक हो सकेगी, दण्डनीय बनाया जा सकता है तथा उसके लिये जुर्माना भी लगाया जा सकता है। समिति महसूस करती है कि चूंकि प्रस्तावित विधान मुख्यतः बलात्संग तथा अवैध मैथुन से संबंधित है, धारा 354 के अन्तर्गत अपराध को, जो कि एक छोटा अपराध है, और बलात्संग जैसा संगीन तथा गंभीर अपराध नहीं है, इसके कार्यक्षेत्र के भीतर नहीं लाया जाना चाहिये।

(ii) समिति यह भी नोट करती है कि प्रस्तावित नई धारा 228क की उपधारा (1) के उपबन्धों में कम से कम एक मास के कारावास की व्यवस्था है तथा उसके परन्तुक में न्यायालय को एक मास से कम की अवधि के कारावास का दण्डादेश अधिरोपित करने का भी अधिकार प्रदान किया गया है। समिति ने देखा है कि ये उपबंध दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 354 (4) में अन्तर्विष्ट उपबन्धों के अनुरूप नहीं है, जिनमें यह उपबन्ध है कि यदि न्यायालय ऐसे अपराध के मामले में जो कि एक वर्ष या अधिक अवधि के कारावास से दण्डनीय है, तीन महीनों से कम अवधि के कारावास का दण्डादेश

अधिरोपित करता है, तो उसे ऐसा दण्डादेश देने के कारणों को दर्ज करना चाहिये, बशर्ते कि वह दण्डादेश न्यायालय के उठने तक के कारावास का दण्डादेश न हो। समिति का यह मत है कि चूंकि प्रस्तावित नई धारा 228क की उपधारा (1) के अन्तर्गत अपराध कारावास से, जिसे दो वर्ष तक बढाया जा सकता है तथा जुर्माने से भी दण्डनीय बनाया जा सकता है, न्यायालय ऐसे दण्डादेश के कारणों को दर्ज किये जाने के अध्यधीन उसमें उल्लिखित कम से कम एक माह के दण्डादेश की बजाय कम से कम तीन माह का दण्डादेश अधिरोपित करने को बाध्य है। धारा 354(4) के अन्तर्गत एकमात्र अपवाद न्यायालय के उठने तक का दण्डादेश है। परन्तु प्रस्तावित नई धारा 228क की उपधारा (1) के परन्तुक के अन्तर्गत न्यायालय विशेष कारणों को दर्ज करने के पश्चात् न्यायालय के उठने तक का दण्डादेश अधिरोपित कर सकता है, अतएव समिति का यह मत है कि कम से कम एक माह के दण्ड से संबंधित प्रस्तावित उपबन्धों तथा न्यायालय को निर्धारित न्यूनतम अवधि से कम के कारावास का दण्डादेश अधिरोपित करने संबंधी परन्तुक का लोप किया जा सकता है।

भाग (एक) तथा (दो) में की गई सिफारिशों पर आधारित प्रस्तावित नई धारा 228क की उप-धारा (1) में तदनुसार संशोधन कर दिया गया है।

(iii) समिति महसूस करती है कि प्रस्तावित नई धारा 228क की उपधारा (2) में प्रयुक्त शब्द "जहां तत्समय प्रवृत्त किसी अधिनियमित द्वारा", जिसमें ऐसे अधिनियमों में निर्दिष्ट अपराध से आहत व्यक्ति की पहचान के प्रकटीकरण का निषेध किया गया है, अस्पष्टता के कारण वांछनीय नहीं है तथा यह आशंका भी व्यक्त की गई है कि ऐसा अधिनियमन प्रस्तावित विधान के कार्यक्षेत्र में न आ सके।

(iv) समिति नोट करती है कि प्रस्तावित नई धारा 228क की उपधारा (2) में अन्तर्विष्ट उपबंधों के द्वारा प्रस्तावित विधान के अन्तर्गत अपराधों से आहत व्यक्ति की पहचान के प्रकटीकरण पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाया गया है, जो कि कई बार उस व्यक्ति के हितों के विरुद्ध भी जा सकता है। समिति महसूस करती है कि कतिपय मामलों में समुचित जांच करने तथा अपराधियों को सजा दिलाने के लिए प्रचार आवश्यक हो सकता है। अतएव समिति का मत है कि जांच के उद्देश्यों के लिए तथा यह सुनिश्चित करने के लिए कि अपराधी सजा से बच न पायें यदि यह आहत व्यक्ति के हित में हो तो अपराध की जांच करने वाले पुलिस अधिकारी को किसी नाम या अन्य बात का, जिससे आहत व्यक्ति की पहचान सदाशयता से प्रकट हो सके, मुद्रण तथा प्रकाशन करने की अनुमति दी जानी चाहिये।

इसी प्रकार यदि पीड़ित व्यक्ति ऐसी इच्छा व्यक्त करता है और ऐसे मामले में जिसमें पीड़ित मृतक है अथवा अव्यवस्क है अथवा विक्षिप्त है, ऐसे पीड़ित व्यक्ति का नजदीकी रिश्तेदार ऐसी इच्छा व्यक्त करता है तो पीड़ित अथवा नजदीकी रिश्तेदार की लिखित अनुमति से प्रकाशन किया जाए। किन्तु यह सुनिश्चित करने के लिए कि पीड़ित व्यक्ति के नजदीकी रिश्तेदार द्वारा दी गई अनुमति का दुरुपयोग न हो, यह अनिवार्य कर दिया जाए कि इस प्रकार की अनुमति, केन्द्र अथवा राज्य सरकार द्वारा इस प्रयोजन के लिए मान्यताप्राप्त किसी कल्याण संस्थान अथवा संगठन के सभापति अथवा सचिव को ही दी जाए।

भाग (तीन) और (चार) में दिए गए सुझावों पर आधारित प्रस्तावित नई धारा 228क की उपधारा (2) को नई उप धारा द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है।

(v) समिति का यह भी मत है कि पीड़ित व्यक्ति के हितों की रक्षा के लिए प्रस्तावित नई धारा 228-क की उपधारा (1) में उल्लिखित अपराध के संबंध में न्यायालय के समक्ष चल रही कार्यवाही से संबंधित किसी भी सामग्री के न्यायालय की अनुमति के बिना मुद्रण अथवा प्रकाशन को भी दण्डनीय बनाया जाना चाहिए।

तदनुसार प्रस्तावित नई धारा 228-क में एक नई उपधारा (3) जोड़ी गई है।

(vi) न्यायालय के बन्द कमरे में हुई किसी कार्यवाही से संबंधित किसी सामग्री के प्रकटीकरण के प्रतिषेध से संबंधित प्रस्तावित नई धारा 228-क की उपधारा (2) के खंड (ख) को बदल कर खंड 4 में अन्तरित किया गया है जो न्यायालय के परिसर में पहुंच से संबंधित दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 327 में संशोधन करने के लिए है। (देखिए पैरा 22)

21. खण्ड 3—समिति ने इस खंड में जैसा कि नीचे स्पष्ट किया गया है, कतिपय संशोधन किये हैं जो इस प्रकार हैं :—

(i) समिति अनुभव करती है कि "स्वतंत्र और स्वैच्छिक" शब्द, जिसे प्रस्तावित नई धारा 375 के खंड दूसरे में जोड़े जाने का प्रस्ताव है, से भ्रम पैदा हो सकता है और वस्तुतः ऐसा आभास देता है कि यह स्वीकृति अमान्य है। सहमति हमेशा स्वतंत्र और स्वच्छिक होनी चाहिए अन्यथा यह सहमति नहीं होगी। समिति का यह विचार है कि भारतीय दंड संहिता की धारा 90 में विहित उपबंधों, जिनमें उन परिस्थितियों की व्याख्या की गई है जिनमें सहमति को अमान्य माना जाता है, के अनुसार उपरोक्त शब्दों का जोड़ा जाना अनावश्यक है। इसलिए समिति का यह विचार है कि "स्वतंत्र और स्वच्छिक" शब्द हटा दिये जाने चाहिए।

(ii) समिति नोट करती है कि प्रस्तावित नई धारा 375 के खंड तीसरे के दायरे को "जैसी कि धारा 503 में व्याख्या की गई है अथवा किसी चोट या आपराधिक अभित्रास" शब्दों को जोड़ कर, वर्तमान खंड की अपेक्षा काफी व्यापक बनाया गया है। समिति महसूस करती है कि बलात्संग और बैध मैथुन से संबंधित अपराधों के संदर्भ में "क्षति" शब्द का जोड़ा जाना आवश्यक नहीं है क्योंकि इसे पहले ही भारतीय दंड संहिता की धारा 90 के अन्तर्गत लिया गया है। जहां तक "आपराधिक अभित्रास" शब्दों का संबंध है भारतीय दंड संहिता की धारा 503 के अन्तर्गत इसकी व्याख्या की गई है जो काफी व्यापक है, इसलिए यह आवश्यक नहीं है। इसलिए समिति का यह मत है कि "अथवा किसी क्षति अथवा आपराधिक अभित्रास जैसी धारा 503 में व्याख्या की गई है" शब्द हटा दिये जाने चाहिए। समिति का यह मत भी है कि खंड तीसरे में विहित वर्णन का विस्तार केवल उन्हीं मामलों तक होना चाहिए जिनमें पीड़ित अथवा किसी व्यक्ति को जिससे वह हितबद्ध है, मृत्यु या उपहति के भय में डाल कर अभिप्राप्त की गई है।

(iii) समिति नोट करती है कि प्रस्तावित नयी धारा 375 के पांचवे खंड में की गई तथ्य की भ्रांति के अन्तर्गत सहमति के बारे में उपबंध पहले ही भारतीय दंड संहिता में निहित उपबंधों के अन्तर्गत आ चुके हैं। समिति यह महसूस करती है कि इसलिए ये उपबंध अनावश्यक हैं और इन्हें छोड़ दिया जाना चाहिए।

(iv) समिति यह महसूस करती है कि एक महिला, मस्तिष्क की विक्षिप्तता अथवा नशे अथवा किसी चेतनाशून्य अथवा हानिकर पदार्थ के प्रभाव में होने के कारण कोई भी प्रभावी प्रतिरोध करने में असमर्थ होती है। अतः समिति का यह मत है कि प्रस्तावित नयी धारा 375 के छठवें खंड (नये पांचवें

खंड) के वर्णन में आने वाला यह कथन "अथवा प्रभावी प्रतिरोध करने में असमर्थ है" अनावश्यक है और इसलिए इसे छोड़ दिया जाना चाहिए।

(v) समिति यह महसूस करती है कि ऐसे मामले में जहां न्यायिक पृथक्करण की डिक्री के अन्तर्गत पति और पत्नी अलग अलग रह रहे हैं उनके बीच मेल मिलाप की संभावना है जब तक कि तलाक की डिक्री नहीं दी जाती है। इसलिए ऐसी अवधि के दौरान पति द्वारा अपनी पत्नी की सहमति के बिना किये गये मैथुन को बलात्संग के रूप में अथवा इसके बराबर नहीं माना जाना चाहिए। अतः प्रस्तावित नई धारा 375 के सातवें खंड (नये खंड छठवें) के वर्णन के अन्तर्गत स्पष्टीकरण 2 को छोड़ दिया गया है।

समिति का यह मत है कि ऐसी परिस्थितियों के अन्तर्गत पति द्वारा अपनी पत्नी के साथ किए गए मैथुन को अवैध मैथुन के रूप में माना जाना चाहिए और इस प्रयोजन के लिए विधेयक में एक स्वतंत्र उपबंध की व्यवस्था की जानी चाहिए। [देखिए नीचे भाग (xiv)]

(vi) समिति यह महसूस करती है कि अपनी पत्नी के साथ जो बारह वर्ष की आयु से कम नहीं है, मैथुन करने वाले पति को बलात्संग के अपराध के लिए उपबन्धित दण्ड बलात्संग के खण्ड के बराबर नहीं होना चाहिए अपितु यह अपेक्षाकृत हल्का होना चाहिए। समिति का यह मत है कि इस अपराध के लिए ऐसी दण्ड की जैसा कि संहिता के वर्तमान उपबंधों के अन्तर्गत व्यवस्था की गई है अर्थात् एक ऐसी अवधि के लिए कारावास जिसका विस्तार दो वर्ष तक अथवा जुर्माने सहित अथवा दोनों हो सकते हैं, विधेयक में व्यवस्था की जानी चाहिए।

प्रस्तावित नयी धारा 376 की उपधारा (1) को तद्नुसार संशोधित किया गया है।

(vii) समिति यह महसूस करती है कि पुलिस कर्मचारियों के पद और प्राधिकार के आधार पर उसके द्वारा किये गये बलात्संग के अपराधों की बढ़ती हुई घटनाओं को देखते हुए हालांकि समिति यह संदेह नहीं करती है कि प्रत्येक पुलिस कर्मचारी एक अपराधी है, प्रस्तावित नई धारा 376 की उपधारा (2) के खण्ड (क) में अन्तर्विष्ट उपबंध उन सभी क्षेत्रों को शामिल करने के लिए पर्याप्त नहीं प्रतीत होते हैं जहां तक उनके प्राधिकार का विस्तार हो सकता है। इसके अतिरिक्त इस खण्ड में प्रयुक्त कथन "स्थानीय क्षेत्र" अत्यन्त अस्पष्ट है। अतः समिति का यह मत है कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी संभव खामियों को दूर किया जाए ताकि अपराधी दण्ड से न बच सकें, ऐसे किसी भी पुलिस अधिकारी जो उस थाने की सीमाओं के भीतर जिसमें वह नियुक्त है अथवा उसके परिसर में अथवा उसकी अभिरक्षा अथवा अपने अधीनस्थ अधिकारी की अभिरक्षा के अधीन महिला के साथ बलात्संग है, प्रस्तावित खण्ड की परिधि के अन्तर्गत लाया जाना चाहिए।

उपधारा (2) के खण्ड (क) को तदनुसार संशोधन किया गया है।

(viii) समिति महसूस करती है कि प्रस्तावित नई धारा 376 की उपधारा (2) के खण्ड (ग) में अन्तर्विष्ट उपबंध केवल अधीक्षक अथवा जेल प्रबंधक, रिमाण्ड होम अथवा अभिरक्षा के किसी अन्य स्थान तक ही सीमित नहीं रहने चाहिएं।

समिति को इस बात की आशंका है कि ऐसी संस्था के प्रबंधक वर्ग का या स्टाफ का कोई भी व्यक्ति अपने पद का लाभ उठा सकता है और उस संस्था में रह रहे किसी भी व्यक्ति के साथ बलात्संग कर सकता है। अतः समिति की यह राय है कि उपधारा (2) के खंड (ग) के वर्ग उपबंधों के कार्य क्षेत्र को विस्तृत करके संस्था के प्रबंधक वर्ग या संस्था के स्टाफ के सभी व्यक्तियों को उसके अंतर्गत लाया जाना चाहिए।

उपधारा (2) का खंड (2) तदनुसार संशोधित कर दिया गया है।

(ix) समिति नोट करती है कि प्रस्तावित नई धारा 376 की उपधारा (2) के खड (छ) में अंतर्विष्ट उपबंधों का इस प्रकार विस्तार किया गया है कि इसके अन्तर्गत वे व्यक्ति आ सकें जो अस्पताल में प्रबंध से सम्बद्ध हैं और यह उन्हीं महिलाओं तक सीमित रखा गया है जिनका अस्पताल में इलाज हो रहा हो। समिति को इस बात की आशंका है कि "प्रबंध से सम्बद्ध" शब्दावली में वे व्यक्ति भी आ सकते हैं जिन्हें ऐसी किसी महिला के बारे में कोई जानकारी नहीं है जो किसी अस्पताल में आई हों, जो वांछनीय नहीं है। समिति यह महसूस करती है कि प्रस्तावित उपबंधों के दायरे का केवल उन व्यक्तियों तक विस्तार किया जाना चाहिए जो अस्पताल के प्रबंधक वर्ग में है या वहां के स्टाफ में शामिल है। समिति यह भी महसूस करती है कि प्रस्तावित उपबंध का दायरा अस्पताल में इलाज करवा रही महिला के साथ किये जाने वाले बलात्संग के मामलों तक ही समिति नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसमें बलात्संग के वे मामले भी शामिल किये जाने चाहिएं जो उस अस्पताल में किसी भी महिला के साथ किया गया हो चाहे वह वहां कभी-कभी आती हो या अस्पताल में किसी रोगी के साथ रह रही हो।

तदनुसार उपधारा (2) के वर्तमान खंड (घ) के स्थान पर नया खंड प्रतिस्थापित कर दिया गया है।

(x) समिति का यह मत है कि अवयस्कों के साथ किये जाने वाले बलात्संग की बढ़ती हुई घटनाओं को देखते हुए, जो कि अन्यथा भी एक जघन्य अपराध है, किसी ऐसे भी व्यक्ति को भी जो 12 वर्ष से कम आयु की महिला के साथ बलात्संग करता है कठोर दण्ड दिया जाना चाहिए। तदनुसार उपधारा (2) में एक नया खंण्ड (च) जोड़ा गया है।]

(xi) समिति नोट करती है कि प्रस्तावित नई धारा 376 की उप धारा (2) के स्पष्टीकरण एक में "सामूहिक बलात्संग" को ऐसा बलात्संग परिभाषित किया गया है जो तीन या अधिक व्यक्तियों द्वारा अपने सामान्य आशय को अग्रसर करने के लिए किया जाता है। समिति यह महसूस करती है कि "सामूहिक बलात्संग" में यदि कोई एक व्यक्ति बलात्संग करता है तो उसके साथ शामिल सभी व्यक्तियों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए तथा उन्हें भी बराबर दण्ड दिया जाना चाहिए। चूंकि इसमें व्यक्तियों की संख्या "तीन या अधिक व्यक्ति" रखी गई है और यदि एक व्यक्ति बलात्संग करता है तो उसके साथ के अन्य व्यक्ति इस अपराध के अन्तर्गत नहीं आ सकेंगे। अतः समिति का यह मत है कि "सामूहिक बलात्संग" की परिभाषा "व्यक्तियों के एक समूह में एक या अधिक व्यक्तियों द्वारा किया गया बलात्संग" होनी चाहिए।

तदनुसार, उपधारा (2) के स्पष्टीकरण एक को संशोधित किया गया है।

(xii) उक्त उपधारा के खंड (घ) में किये गये संशोधन के परिणाम स्वरूप प्रस्तावित नई धारा 376 की उपधारा (2) के स्पष्टीकरण 2 का लोप कर दिया गया है।

(xiii) समिति नोट करती है कि मूल विधेयक में उपधारा (2) के खंड (घ) के अंतर्गत "अस्पताल" की परिभाषा नहीं दी गई थी लेकिन नई धारा 376 ग (अब धारा 376 घ) में दी गई थी। समिति यह महसूस करती है कि "अस्पताल" की परिभाषा को स्पष्टीकरण 3 के रूप में उप-

धारा (2) के खंड (घ) के अंतर्गत लाया जाना चाहिए और इसका दायरा व्यापक बनाया जाना चाहिए ताकि इसके अंतर्गत वे सभी बलात्संग आ सकें जो अस्पताल के अहाते में या चिकित्सा करने वाली किसी अन्य संस्था के अहाते में किये जाते हैं ।

तद्नुसार, प्रस्तावित नई धारा 376 की उपधारा (2) में स्पष्टीकरण 3 जोड़ दिया गया है ।

(xiv) जैसा कि ऊपर भाग (पांच) में पहले ही कहा जा चुका है, समिति यह महसूस करती है कि पत्नी की सहमति के बिना उसके साथ पति द्वारा किये जाने वाले मैथुन को, जबकि पत्नी पृथक्करणीय डिग्री के अंतर्गत पृथक रह रही हो, परन्तु वह अभी भी उसकी पत्नी हो, बलात्संग के अपराध के बराबर नहीं मानना चाहिए और इसके लिए पति को हल्का दंड दिया जाना चाहिए ।

तद्नुसार, विधेयक के खंड 3 में एक नयी धारा 376 क अंत:स्थापित की गई है ।

(xv) समिति यह महसूस करती है कि प्रस्तावित नई धारा 376 क (जिसकी संख्या अब 376 ख है) में प्रयुक्त पदावली "अपने पद की स्थिति का अनुचित लाभ उठाता है" से पेचीदगियां उत्पन्न हो सकती हैं और इससे इस बात पर भी विवाद खड़ा हो सकता है कि "उचित लाभ" तथा "अनुचित लाभ" का क्या अभिप्राय है । अत: समिति का मत है कि "अनुचित" पद का लोप कर दिया जाना चाहिए ।

समिति यह भी नोट करती है कि इस धारा में आये पद "विलुब्ध" से अभियुक्त को बच निकलने की कुछ गुंजाइश हो सकती है । समिति यह महसूस करती है कि बच निकलने की संभावना को समाप्त करने के लिए "विलुब्ध" पद से पहले "उत्प्रेरित या" जोड़ा जाए ।

तदनुसार, प्रस्तावित धारा 376 क (जिसकी संख्या अब 376ख कर दी गई है) में संशोधन किया गया है ।

(xvi) समिति महसूस करती है कि किसी जेल अथवा रिमांड होम का अधीक्षक अथवा प्रबन्धक वहां के निवासियों को ऐसे अवैध मैथुन के लिये, जो बलात्संग की कोटी में नहीं आता, उत्प्रेरित अथवा विलुब्ध करने के लिये निवासियों पर अपने प्राधिकार तथा नियंत्रण का लाभ उठा सकता है । अत: समिति का मत है कि धारा 376ख के उपबन्ध (अब धारा 376ग) उन्हीं तक सीमित रहने चाहियें । धारा में तदनुरूप संशोधन किया गया है ।

समिति का आगे यह विचार है कि यदि ऐसे संस्थान में अन्य पदधारी कोई व्यक्ति जो पद के कारण वहां के निवासियों पर किसी प्रकार के प्राधिकार अथवा नियंत्रण का प्रयोग करके ऐसा अपराध करता है, तो उसे भी वही दंड दिया जाना चाहिये । तदनुसार, इस धारा में स्पष्टीकरण 1 जोड़ दिया गया है ।

(xvii) प्रस्तावित नई धारा 376ग (अब 376घ) में किये गये संशोधन पारिणामिक तथा स्पष्टात्मक स्वरूप के हैं ।

खंड 3 तद्नुरूप संशोधित किया गया है । इस खंड में किये गये अन्य संशोधन या तो पारिणामिक, स्पष्टात्मक स्वरूप के हैं अथवा प्रारूपण सम्बन्धी हैं ।

22.खण्ड 4:—समिति महसूस करती है कि अन्य सभी सम्बद्ध अपराध, जिन पर बन्द कमरे में कार्यवाही किये जाने का प्रस्ताव है, गम्भीर स्वरूप के नहीं है। अतः गोपनीयता को प्रकट करने हेतु उन्मुक्त वातावरण की सुविधा उपलब्ध कराने के विचार से बन्द कमरे में केवल बलात्संग और अवैध मैथुन के मामलों की ही सुनवाई की जानी चाहिये। इस प्रकार बन्द कमरे में सुनवाई के लिये धारा 3 के अन्तर्गत आने वाले अपराधों के मामले किये जाने चाहियें।

समिति महसूस करती है कि यद्यपि विधेयक के खंड 3 के अन्तर्गत भारतीय दंड संहिता की प्रस्तावित नई धाराओं, के अन्तर्गत बलात्संग तथा अवैध मैथुन से सम्बन्धित अपराधों के मामलों की सुनवाई के लिये न्यायालय की कार्यवाही बन्द कमरे में की जानी है, कभी-कभी किन्हीं परिस्थितियों के अधीन किसी व्यक्ति विशेष को न्यायालय में उपस्थित होने की अनुमति देना आवश्यक हो सकता है। अतः समिति का विचार है कि किसी भी पक्ष द्वारा आवेदन देने पर पीठासीन न्यायाधीश को किसी व्यक्ति विशेष को न्यायालय में उपस्थित होने की अनुमति देने का स्वविवेकाधिकार होना चाहिए।

इस खण्ड में तद्नुरूप आवश्यक संशोधन किये गये हैं तथा खंड में किये गये अन्य संशोधन पारिणामित स्वरूप के हैं।

23. खण्ड 5 तथा 6 : समिति महसूस करती है कि दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 350 में संक्षिप्त विचारण सम्बन्धी विद्यमान उपबन्ध को ध्यान में रखते हुए बन्द कमरे में हुयी सुनवाई का विवरण मुद्रित अथवा प्रकाशित करने के लिये विधेयक में अपराध के संक्षिप्त विचारण के लिये स्पष्ट उपबन्ध करने की आवश्यकता नहीं है। अतः विधेयक के खंण्ड 5 का लोप किया गया है।

इसी प्रकार विधेयक के खंड 6 का भी जो पारिणामिक स्वरूप का है, लोप किया गया है।

24. खण्ड 5 (मूल खण्ड 7): समिति महसूस करती है कि कुछ अपराधों के आहत व्यक्तियों की पहचान बताने के सम्बन्ध में प्रस्तावित नई धारा 228क के अन्तर्गत आने वाला अपराध इतना गम्भीर नहीं कि जिसे अजमानतीय बनाया जाये, जैसा कि प्रस्ताव किया गया है, अतः इसे जमानतीय अपराध की श्रेणी में रखा जाना चाहिये।

समिति का यह भी विचार है कि नई धारा 376 के अन्तर्गत किसी व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी के साथ जिसकी आयु बारह वर्ष से कम न हो मैथुन से सम्बन्धित अपराध तथा नई धारा 376क के अन्तर्गत विवाह विच्छेद के दौरान पति द्वारा पत्नी के साथ, उसकी सहमति के बिना, किया गया मैथुन असंज्ञेय, जमानतीय तथा सत्र न्यायालय द्वारा सुनवाई योग्य बनाया जाना चाहिये।

समिति का आगे यह विचार है कि प्रस्तावित नई धारा 376ख, 376ग और 376घ के अन्तर्गत आने वाले अपराधों के मामले जमानतीय तथा सत्र न्यायालय द्वारा सुनवाई योग्य बनाये जाने चाहियें। समिति यह भी महसूस करती है, कि इन उपबन्धों के, जिनके अन्तर्गत अपराधों को संज्ञेय श्रेणी में रखा गया है, के दुरुपयोग को रोकने के लिये वारंट अथवा मजिस्ट्रेट के आदेश के बिना कोई गिरफ्तारी नहीं की जानी चाहिये।

प्रस्तावित नई अनुसूची की प्रविष्टियां तदनुरूप संशोधित की गयी हैं। इस खंड में किये गये अन्य संशोधन पारिणामिक स्वरूप के हैं।

25. खण्ड 6(मूल खण्ड 8) —समिति नोट करती है कि इस खण्ड के द्वारा भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 में एक नयी धारा 111क अंत:स्थापित किये जाने का प्रस्ताव है जिसमें बलात्संग के लिये कुछ अभियोजनों में सम्मति न होने की उपधारणा के लिये व्यवस्था है। समिति का विचार है कि भारतीय साक्ष्य अधिनियम में ऐसे उपबंध के अन्त:स्थापन के लिये समुचित स्थान धारा 114 के पश्चात होगा जिसमें किसी मामले विशेष के अभियोजन के कतिपय तथ्यों के विद्यमान होने की उपधारणा का उपबंध है ।

तदनुसार प्रस्तावित नयी धारा 111क को धारा 114 के पश्चात् रखे जाने का प्रस्ताव किया गया है और इसकी संख्या अब धारा 114क कर दी गयी है।

(ii) समिति यह भी नोट करती है कि गर्भवती स्त्री के साथ बलात्संग से संबंधित प्रस्तावित नयी धारा 376 की उपधारा (2) के खण्ड (ङ) को प्रस्तावित नयी धारा 114क (मूल धारा 111क) के कार्यक्षेत्र से निकाल दिया गया है। समिति का विचार है कि यदि किसी गर्भवती स्त्री के साथ बलात्संग के अभियोजन में यह सिद्ध हो जाता है कि स्त्री गर्भवती है, तो न्यायालय के पास इस उपधारणा के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा कि उसने सम्मति नहीं दी थी। अत: समिति की यह राय है कि प्रस्तावित नयी धारा 476 की उपधारा (2) के खण्ड (ङ) को भी नयी धारा 114क के कार्यक्षेत्र के भीतर लाया जाना चाहिये ।

(iii) समिति को यह आशंका है कि नयी धारा 114क (मूलधारा 111क) में किये गये उपबंधों का तब तक दुरुपयोग किये जाने की संभावना है जब तक कि बलात्संग के अभियोजन से यह सिद्ध नहीं हो जाता कि मैथुन केवल अभियुक्त द्वारा ही किया गया है। अत: समिति का यह विचार है कि भारतीय दण्ड संहिता की नयी प्रस्तावित धारा 376 की उपधारा (2) के अन्तर्गत बलात्संग के अभियोजन में यह सिद्ध करना अनिवार्य कर दिया जाना चाहिये कि मैथुन अभियुक्त द्वारा किया गया था ताकि निर्दोष व्यक्तियों को झूठे भुकदमों में न फंसाया जा सकें ।

खण्ड में तदनुसार संशोधन किया गया है। इस खण्ड में किया गया अन्य संशोधन पारिणामिक स्वरूप का है ।

26. खण्ड 1—इस खण्ड में किया गया संशोधन औपचारिक स्वरूप का है ।

27. अधिनियमन सूत्र— अधिनियमन सूत्र में किया गया संशोधन औपचारिक स्वरूप का है।

28. संयुक्त समिति सिफारिश करती है कि विधेयक, संशोधित रूप में पारित किया जाये ।

सामान्य सिफारिशें

29. महिलाओं पर किये जा रहे बलात्कार एवं सम्बद्ध अपराधों की निरंतर बढ़ती हुई घटनाओं को देखते हुए दंड विधि संशोधन विधेयक, 1980 के उपबंधों के संबंध में समाज के विभिन्न वर्गों के विचारों को जानने की दृष्टि से संयुक्त समिति ने राज्य सरकारों व गैर-सरकारी निकायों से सुझाव मांगे थे। उनसे बहुत बड़ी संख्या में टिप्पणियों/सुझावों वाले अनेक ज्ञापन प्राप्त हुए। समिति देश भर में कई स्थानों पर भी गयी थी। अपनी यात्राओं के दौरान, समिति ने राज्य सरकार के अधिकारियों और गैर-सरकारी व्यक्तियों जिनमें विभिन्न महिलाओं तथा स्वैच्छिक सामाजिक संगठनों, अधिवक्ता परिषदों, अधिवक्ता एसोसिएशनों, के प्रतिनिधि तथा अन्य व्यक्ति भी शामिल थे, से औपचारिक विचार-विमर्श किया था।

30. अपने विचार-विमर्शों तथा अपने विचाराधीन विधेयक की जांच-पड़ताल करने के दौरान समिति को सूचित किया गया था कि महिलाओं पर किये गये बलात्कार और यौन संबंधी अपराधों के अतिरिक्त उन पर कई अन्य अत्याचार भी किये जाते हैं ; जिनसे उनकी सुरक्षा के लिये पर्याप्त कानून नहीं है। वास्तव में कानूनों की अपर्याप्तता के अतिरिक्त

हमारे समाज की अधिकांश महिलायें स्वयं प्रभावी रूप से प्रतिरोध करने के लिये शारीरिक रूप से सक्षम नहीं है तथा शारीरिक दृष्टि से असमानता के कारण आत्मरक्षा के लिये भी ऐसे अपराधों/अत्याचारों का प्रतिरोध करने के लिये समर्थ नहीं हैं । शिकार हुयी इन अपराधों/अत्याचारों का पीड़ित महिलाओं पर प्रतिकूल मनोवैज्ञानिक शारीरिक और सामाजिक प्रभाव पड़ता है । ऐसे अपराधों/अत्याचारों से निपटने के लिये समिति को विभिन्न सुझाव दिये गये हैं ।

31. समिति को प्राप्त सुझावों/टिप्पणियों को ध्यान में रखते हुए इस विधेयक के उपबंधों की जांच-पड़ताल करने के पश्चात् समिति महसूस करती है कि यद्यपि ऐसे अपराधों/अत्याचारों के साथ निपटने के लिये उसमें अंतर्विष्ट उपबंध अपर्याप्त हैं, फिर भी विस्तृत परिवर्तनों का सुझाव देना प्रस्तावित विधान के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत पूरी तरह नहीं आयेगा । तथापि इस विषय-वस्तु के महत्व तथा तात्कालिक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, तथा महिलाओं के कल्याण का विचार करते हुए तथा उनके उचित हितों के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए समिति ने विधेयक पर संशोधनों का सुझाव देने के अतिरिक्त सरकार के विचारार्थ कुछ सामान्य सिफारिशें करने का निश्चय किया है ।

32. सामान्य सिफारिशों को दो भागों में रखा गया है प्रथम भाग में भारतीय दंड संहिता के संशोधन हेतु सिफारिशें दी गयी हैं और दूसरे भाग में अपराध प्रक्रिया संहिता, 1973 के संशोधन के लिये सिफारिशें की गयी हैं । समिति सिफारिश करती है कि सरकार निम्नलिखित मामलों का विनियमन करने हेतु या तो वर्तमान विधानों का संशोधन करे अथवा यदि आवश्यक हो तो इस संबंध में उपर्युक्त विधान बनाये ।

भाग एक

(भारतीय दंड संहिता में सुझाये गये संशोधन)

I. छेड़-छाड़ होने पर महिला को शरीर की प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार :

33. समिति बड़ी चिंता के साथ यह नोट करती है कि अभी हाल ही में महिलाओं के साथ छेड़-छाड़ करने, उन्हें परेशान करने आदि की घटनाओं में वृद्धि हो गयी है और अपराधों लोग अपराध कानून के होने के बावजूद भी दंडित होने से बच जाते हैं । समिति महसूस करती है कि एक महिला को शील भंग करना नृशंस अपराध है और इस पर कठोर दंड दिया जाना चाहिये । समिति का मत है कि छेड़छाड़ करने के अपराध को बलात्कार के बराबर माना जाना चाहिये और इसे भारतीय दंड संहिता की धारा 100 के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत लाया जाना चाहिये जिसके अधीन शरीर के प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार भार डालने तक हो सकता है ।

II. शारीरिक तथा मानसिक रूप से विकलांग महिलाओं पर बलात्कार के लिये दंड

34. समिति का मत है कि जो कोई भी ऐसी महिला पर बलात्कार करता है जो कि विक्षिप्त मन, अंधे, बहरे, गूंगे होने के कारण अथवा वह शारीरिक या मानसिक रूप से अपंग होने के कारण अपना बचाव करने में असमर्थ है उसे निवारक दंड दिया जाना चाहिये । समिति की राय है कि इसके लिये प्रस्तावित नयी धारा 376 की उप धारा (2) में एक उपयुक्त उपबंध की अंतःस्थापना की जानी चाहिये ।

III. आर्थिक प्रभुत्व होने पर किसी महिला पर बलात्कार के लिये दंड

35. समिति को सूचित किया गया है कि ग्रामीण तथा नगरीय दोनों क्षेत्रों में सरकारी तथा गैर-सरकारी क्षेत्रों के नियोजकों आर्थिक प्रभुत्व, प्रभाव तथा नियंत्रण, में तथा किसी एक व्यक्ति की नौकरी के अंतर्गत भी महिलाओं पर बलात्कार किये जाने के अत्यधिक मामले हुए हैं । समिति की राय है कि इस प्रकार किये गये अपराधों, चाहे वे नियोजकों के द्वारा प्रत्यक्ष

एवं अप्रत्यक्ष रूप से किये गये हों, के लिये भी कठोर दंड दिया जाना चाहिये तथा उन्हें भारतीय दंड संहिता की नयी धारा 376 के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत लाया जाना चाहिये।

भाग दो

(दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 में संशोधन संबंधी सुझाव)

IV सूर्यास्त के बाद और सूर्योदय से पूर्व स्त्रियों की गिरफ्तारी की मनाही।

36. देश के विभिन्न भागों के दौरे के दौरान समिति को अनेक स्त्री और स्वयं सेवी सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने बताया कि पुलिस द्वारा स्त्रियों के साथ किये जाने वाले अपराधों में वृद्धि के कारण जब कभी किसी स्त्री को गिरफ्तार किया जाता है या पुलिस स्टेशन पर पूछताछ के लिये बुलाया जाता है या वहां रोका जाता है, वह असुरक्षित महसूस करती है और सदैव आशंकित रहती है कि पुलिस उसे तंग करेगी और हो सकता है उसके साथ यौन अपराध भी करे।

37. समिति का विचार है कि अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर किसी भी स्त्री को सूर्यास्त के बाद सूर्योदय से पहले गिरफ्तार नहीं किया जाना चाहिये। तथापि, जब ऐसी अपरिहार्य परिस्थिति हो तो पुलिस अधिकारी को अनिवार्यतः एक लिखित रिपोर्ट बना कर अपने वरिष्ठ अधिकारी से पूर्वानुमति लेनी चाहिये अथवा यदि मामला अविलम्बनीयता का है तो उसे अनिवार्यतः गिरफ्तारी के बाद अविलम्ब अपने तत्काल वरिष्ठ अधिकारी को गिरफ्तारी के कारण और साथ ही पूर्वानुमति न लेने के कारण बताते हुए लिखित सूचना देनी चाहिये।

38. समिति विधि आयोग द्वारा अपने 84वें प्रतिवेदन के पैरा 3.7 में की गई ऐसी सिफारिश से पूरी तरह सहमत है और सिफारिश करती है कि दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 46 में एक समुचित उपबंध अंतःस्थापित किया जाये जिसमें उपरोक्त सुझावों का समावेश हो।

V बलात्संग से दोषारोपित व्यक्ति की चिकित्सीय परीक्षा

39. समिति को बताया गया कि यद्यपि बलात्संग या अन्य यौन अपराधों से दोषारोपित व्यक्ति की चिकित्सीय परीक्षा की जाती है किन्तु सामान्यतः यह देखा गया है कि चिकित्सीय परीक्षा सरसरी तौर पर की जाती है और उसकी रिपोर्ट भी समय पर नहीं मिलती। फलस्वरूप अनेक मामलों में अभियोजन पक्ष असफल रहता है और अभियुक्त दण्ड से बच निकलता है।

40. समिति का विचार है कि जब बलात्संग करने या बलात्संग करने का प्रयास करने से दोषारोपित किसी व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाता है और उसकी परीक्षा की जानी हो तो उसे अविलम्ब रजिस्ट्रीकृत अर्हताप्राप्त चिकित्सा व्यवसायी के पास भेजा जाना चाहिये ऐसे चिकित्सा व्यवसायी को अविलम्ब ऐसी व्यक्ति की परीक्षा करनी चाहिये और एक रिपोर्ट तैयार करनी चाहिये जिसमें उसके द्वारा की गई परीक्षा के परिणाम देते हुए प्रत्येक निष्कर्ष पर पहुंचने पर कारण बताये और चोट के चिन्ह, यदि कोई हों, और वीर्य या रक्त की रासायनिक परीक्षा और/या जहां सम्भव हो व्यक्ति के शरीर या वस्त्रों पर उसके धब्बों का पूरा विवरण दें। चिकित्सा रिपोर्ट में परीक्षा आरम्भ करने और उसके द्वारा पूरा होने का समय भी दिया जाना चाहिये तथा चिकित्सा व्यवसायी को अविलम्ब अन्वेषक अधिकारी को रिपोर्ट भेजनी चाहिये, जो उसे आगे मजिस्ट्रेट को भेजे।

41. समिति का विचार है कि जैसा कि विधि आयोग द्वारा अपने 84वें प्रतिवेदन के पैरा 4.7 में सिफारिश की गई है, दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 में एक स्वतंत्र धारा 53 के अंतःस्थापित की जाये जिसमें उपरोक्त सुझावों का समावेश किया जाये।

VI. बलात्संग से आहत व्यक्ति की चिकित्सीय परीक्षा

42. समिति को बताया गया है कि अनेक मामलों में प्राय: होने वाले विलम्ब के अलावा बलात्संग से आहत व्यक्ति की चिकित्सा रिपोर्ट भी सरसरी तौर पर तैयार की गई पाई जाती है जिसमें सफलतापूर्वक मुकदमा चलाने के लिये सारवान विवरण का अभाव रहता है। समिति का विचार है कि अन्वेषण के दौरान यदि किसी स्त्री जिसके साथ बलात्संग या बलात्संग का प्रयास अभिकथित है कि चिकित्सा परीक्षा का प्रस्ताव है, ऐसी परीक्षा स्त्री की सहमति से अथवा उसकी ओर से सहमति देने के लिये सक्षम किसी व्यक्ति की सहमति से किसी रजिस्ट्रीकृत और अर्हताप्राप्त चिकित्सा व्यवसायी द्वारा की जानी चाहिये। और उसे ऐसे चिकित्सा व्यवसायी के पास अविलम्ब भेजा जाना चाहिये। ऐसे चिकित्सा व्यवसायी को अविलम्ब उसकी परीक्षा करनी चाहिये और एक रिपोर्ट तैयार करनी चाहिये जिसमें स्त्री को सामान्य मानसिक स्थिति सहित उपरोक्त पैरा 40 में उल्लिखित सभी विवरण दिये जायें और यह भी कि क्या आहत व्यक्ति के साथ पहले भी मैथुन होता था। रिपोर्ट में अपेक्षित अन्य विवरणों के साथ यह भी स्पष्ट रूप से लिखा जाये कि ऐसी परीक्षा के लिये स्त्री की सहमति या उसकी ओर से सहमति देने के लिये सक्षम किसी अन्य व्यक्ति की सहमति ले ली गई थी।

43. समिति विधि आयोग द्वारा अपने 74वें प्रतिवेदन के पैरा 4.10 में की गई सिफारिशों से सहमत है और सिफारिश करती है कि दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 में एक स्पष्टीकरण द्वारा 164क अंत:स्थापित की जाये जिसमें उपरोक्त सुझावों का समावेश हो।

VII. महिलाओं एवं बालकों पर किये गये अपराध की जांच में समाज कल्याण अधिकारी को संबद्ध करना

44. समिति का विचार है कि यह सुनिश्चित करने के लिये कि महिलाओं एवं बालकों पर किये गये अपराधों से संबंधित मामलों की जांच सही ढंग से हो, जांच करने वाले पुलिस-अधिकारी के लिये यह अनिवार्य कर दिया जाना चाहिये कि वह ऐसी जांच में उस क्षेत्र के किसी समाज कल्याण अधिकारी अथवा किसी मान्यता प्राप्त समाज कल्याण संगठन के प्रतिनिधि को संबद्ध करे।

45. समिति सिफारिश करती है कि दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 में खण्ड 173क के रूप में उपयुक्त उपबन्ध अन्त:स्थापित कर लिये जायें जिससे उपयुक्त सुझावों का समावेश हो।

VIII. बलात्संग—आहत व्यक्तियों को मुआवजा

46. समिति को बताया गया कि एक बार इस बात का पता लग जाने अथवा यह सिद्ध हो जाने पर कि किसी महिला विशेष के साथ बलात्संग किया गया है, व्यवहार में उसके परिवार के सदस्यों अथवा निकट संबंधियों द्वारा उसे अपनाये जाने की कोई संभावना नहीं है। समिति महसूस करती है कि वास्तव में हमारा समाज अभी उस आधार तक ऊंचा नहीं उठा है जहां बलात्संग, छेड़छाड़ इत्यादि आहतों को सहानुभूति की दृष्टि से देखा जाये तथा उन्हें अपेक्षित /सहानुभूति प्रतिष्ठा एवं सम्मान दिया जाये। परिणामत: कुछ मामलों में बलात्संग अथवा अन्य यौन संबंधी अपराधों से आहत महिलायें पागल हो जाती हैं अथवा आत्महत्या कर लेती हैं अथवा अपनी इच्छा के विरुद्ध वेश्या बन जाती हैं। समिति का विचार है कि ऐसी आहत महिलाओं को पर्याप्त मुआवजा दिया जाना चाहिये जिससे वे अपना जीवन पुन: बसा सकें।

47. समिति सिफारिश करती है कि दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के खण्ड 275 में उपयुक्त उपबंध अन्त:स्थापित किया जाये जिसमें उपयुक्त सुझावों का समावेश हो।

IX. गिरफ्तारी के बाद महिला की हिरासत व नजरबन्दी

48. जैसा कि उपर्युक्त पैरा 36 में पहले ही स्पष्ट किया जा चुका है कि जब किसी महिला को गिरफ्तार करने के पश्चात् पूछताछ के लिये थाने में नजरबन्द रखा जाता है तो

वह स्वयं को असुरक्षित महसूस करती है और उसे पुलिस द्वारा तंग किये जाने और यहां तक कि उसके साथ बलात्संग किये जाने की भी आशंका रहती है। हाल ही में इस प्रकार की घटनाओं में हुई वृद्धि से ऐसे व्यक्तियों के मन में यह आशंका दृढ़ होती जा रही है। अतः उनकी आशंका को समाप्त किये जाने और महिलाओं को पुलिस के कुकृत्यों से पर्याप्त संरक्षण प्रदान किये जाने की आवश्यकता है।

49. अतः समिति का विचार है कि जब किसी महिला को गिरफ्तार किया जाता है और उन्हें हिरासत में रखने के लिये अनन्य रूप से महिलाओं के लिये निर्धारित स्थान में रखने की उपयुक्त व्यवस्था नहीं है तो उन्हें बच्चों की देख रेख, संरक्षण एवं कल्याण संबंधी संस्था में स्त्री और बालक संस्था (अनुज्ञापन) अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत अनुज्ञापित, अथवा केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था में भेज दिया जाये सिवाय ऐसे मामलों में जिनमें उन्हें संरक्षण गृह अथवा किसी विशेष विधि के अन्तर्गत इस प्रयोजनार्थ प्राधिकृत किसी अन्य स्थान पर भेजना अपेक्षित हो।

50. समिति सिफारिश करती है कि दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 में एक स्वतंत्र खण्ड 417क अन्तःस्थापित किया जाये जिसमें उपर्युक्त सुझावों का समावेश हो।

निष्कर्ष

51. समिति महसूस करती है कि जब तक उपर्युक्त सुझावों के आधार पर उपर्युक्त विधान तैयार/अधिनियमित नहीं किया जाता, तब तक सरकार इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये कार्यपालक अनुदेश जारी किये जाने की संभावना पर विचार करे।

डी० के० नाटकर,
सभापति,
संयुक्त समिति।

नई दिल्ली ;
30 अक्तूबर, 1982

---

8 आश्विन, 1904 (शक)

विमत टिप्पण

I

प्रतिवेदित रूप में विधेयक में कतिपय ऐसे उपबन्ध हैं जो निष्पक्ष विचारण तथा हमारे देश की वर्तमान सामूहिक बलात्संग तथा अभिरक्षा में बलात्संग के अनेक मामले हो रहे हैं, वर्तमान परिस्थितियों में बलात्संग जैसे सामाजिक अपराधों को रोकने के हित में नहीं है; मेरी राय में विधेयक का खण्ड (2) समस्या के समाधान में सहायक नहीं होगा। किसी ऐसे व्यक्ति के नाम अथवा किसी सामग्री के मुद्रण और प्रकाशन जिससे पीड़ित व्यक्ति की पहचान होती है से संबंधित खण्ड अस्पष्ट है तथा बहुत व्यापक है और इससे सही अर्थ में आपराधिक दायित्व स्थापित नहीं होता। पहचान से संबंधित किसी सामग्री की विभिन्न न्यायालयों द्वारा अलग-अलग व्याख्या की जायेगी। इस खण्ड का उस स्थिति में भी दुरुपयोग होने की संभावना है जबकि किसी समाचार के प्रकाशन से पत्रकार अथवा समाचार पत्रों के प्रबन्धक इस खण्ड के क्षेत्राधिकार में आ जायेंगे। वस्तुतः यह प्रकाशन पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाने के समान है। यह अवांछनीय है तथा इसका वास्तविक अभिप्राय बलात्संग तथा संबंधित अपराधों अथवा सामान्य रूप से भारतीय महिलाओं के बारे में आम चर्चा तथा विरोध को दंडनीय बनाना है। अब प्रेस ऐसे मामलों से संबंधित कोई समाचार प्रकाशित करने तथा दो वर्ष के कारावास से दंडनीय अपराध करने का खतरा मोल लेने का दुःसाहस नहीं करेगी। इससे सताढ़ व्यक्तियों विशेषरूप से अपराधों को संरक्षण देने वाले व्यक्तियों को सुविधा होगी तथा आम चर्चा पर इस प्रकार का प्रतिबंध आर्थिक तथा राजनीतिक रूप से अधिक शक्तिशाली व्यक्तियों के लिये सहायक होगा। यह जनसेवा की भावना वाले उन व्यक्तियों तथा नागरिकों की राह में भी रुकावट डालेगा जो जांच संबंधी चूक के विरुद्ध जनमत तैयार करना चाहते हैं। जन-विरोध तथा प्रमुख समाचार पत्रों के द्वारा ऐसे मामलों में कठोर दंड तथा कार्यवाही की मांग करने पर ही सरकार को यह विधेयक प्रस्तुत करने तथा इस विषय के सभी पहलुओं पर विचार करने के लिये एक संयुक्त समिति गठित करने की आवश्यकता पड़ी थी।

2. कानून में ऐसा परिवर्तन किया जाना चाहिये ताकि इसके द्वारा अपराधियों को कड़े से कड़ा दण्ड दिया जा सके। परन्तु यह इसके बिल्कुल विपरीत है। जिन कारणों से बलात्संग से संबंधित कानून की पुनर्जांच की आवश्यकता उपस्थित हुई थी, उन्हीं को इस कानून के अन्तर्गत दंडनीय बनाया जा रहा है। आपराधिक न्याय दिलाने में जन सहयोग सामाजिक न्याय के लिये स्वास्थ्यप्रद तथा प्रेरक है। यह खंड इसके विपरीत है। अतः इस मामले को पत्रकारिता के व्यवसाय, वर्तमान कानून तथा प्रेस परिषद् के विवेक पर छोड़ना वांछनीय होगा। प्रेस तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में किसी प्रकार का हस्तक्षेप का अर्थ लोकतांत्रिक पद्धति को नकारना होगा। व्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र का आधार है। प्रेस की स्वतंत्रता पर किसी प्रकार के रोक अथवा प्रतिबंध पर सावधानी पूर्वक विचार किया जाना चाहिये तथा केवल अपवादी परिस्थितियों में ही किया जाना चाहिये। बलात्संग तथा सामाजिक अपराधों के पीड़ितों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से भी इस प्रकार का प्रतिबंध सहायक नहीं होगा और इससे कोई समाधान नहीं हो पायेगा। कुछ व्यक्तियों तथा संगठनों ने इस संबंध में समिति के समक्ष साक्ष्य दिया है।

3. भारतीय दंड संहिता की धारा 228क में पत्रकारों अथवा समाचार पत्रों के प्रबंधकों को दो वर्ष के कारावास तथा असीमित मात्रा में जुर्माने का उपबंध है। धारा 354 दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के उप खंड (4) के अन्तर्गत उनके साथ साधारण अपराधियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है। यह उपबंध किया गया है कि जब एक वर्ष या अधिक अवधि के कारावास से दण्डनीय कोई अपराध सिद्ध हो जाता है परन्तु न्यायालय द्वारा तीन माह से कम की अवधि की सजा दी जाती है, तो न्यायालय को ऐसी सजा देने के कारणों को दर्ज करना चाहिये बशर्ते कि यह सजा न्यायालय के उठने तक की न हो। कोई भी न्यायालय

तीन माह से कम की सजा के कारण देने का उत्तरदायित्व नहीं लेगा और इसलिये धारा 228 क, उप-खंड (1) तथा उप-खंड (3) के अन्तर्गत सजा कम से कम तीन माह की होगी। इस कानूनी उपबंध को ध्यान में रखते हुए कोई भी व्यक्ति ऐसे अपराधों से संबंधित समाचार को प्रकाशित करने का जोखिम नहीं उठायेगा तथा किसी समाचार के प्रकाशित न होने की स्थिति में वास्तविक अपराधियों का पता लगाना तथा दोषियों को सजा देना कठिन होगा। जांच की अवस्था में प्रचार का निषेध करने अथवा उसे दण्डनीय अपराध बनाने का कोई ठोस कारण नहीं है।

4. विधेयक के खंड 4 के अन्तर्गत यह उपबंध किया गया है कि ऐसे अपराधों का विचारण बन्द कमरे में किया जायेगा। किसी कानून के न होने पर बन्द कमरे में किये जाने वाले विचारण की कार्यवाही के प्रकाशन का निषेध करने संबंधी खंड 4 का उल्लंघन न्यायालय का अवमान होगा। इसके अतिरिक्त यदि विधेयक के अधीन खंड 4 के उल्लंघन पर दण्ड दिया जाना है तो कठोर दांडिक उपबंधों की व्यवस्था करना वांछनीय नहीं होगा। यहां तक की भारत के विधि आयोग ने अपने 84 वें प्रतिवेदन में भी 1 हजार रु० तक के जुर्माने की व्यवस्था की है और यह कहा है कि प्रस्तावित धारा 228क में इस प्रकार का अधिनियम बनना चाहिये जिससे कि अदालत की कार्यवाही का प्रकाशन अवैध घोषित हो तथा इसके लिये जुर्माना किया जाये न कि कारावास की सजा दी जाये।

5. इसलिये मेरा सुझाव है कि खंड 228क, उप खंड (1) को हटा दिया जाये तथा उसके स्थान में निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाये :—

> "228क (1) जो कोई भी ऐसे व्यक्ति का नाम मुद्रित और प्रकाशित करता है जिसके विरुद्ध मुकदमे की सुनवाई के दौरान धारा 376—क धारा 376 ख धारा 376ग और धारा 376(घ) के अधीन अपराध किया हुआ पाया जाये और यदि ऐसा मुद्रण और प्रकाशन सद्भावना से न किया गया हो अथवा जनहित में न हो तो उसे 1000 रु० तक दंड किया जावेगा।

धारा 228 क, उप धारा 2 को हटा दिया जाये। धारा 228क और उप-धारा (3) की व्याख्या को हटा दिया जाये और उसके स्थान पर क्रम संख्या 228 क (3) को बदल कर 228 क2 कर दिया जाये। निम्न लिखित प्रति-स्थापित किया जावे :—

> "228 क (2) जो कोई भी उपधारा 1 में उल्लिखित अपराध के संबंध में न्यायालय की पूर्व अनुज्ञा के बिना न्यायालय के बन्द कमरे में हुई किसी कार्यवाही के संबंध में कोई बात प्रकाशित करेगा उसे 1000 रु० तक जुर्माने का दंड दिया जा सकता है।

स्पष्टीकरण

किसी उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय के निर्णय का मुद्रण या प्रकाशन इस धारा के अर्थ में कोई अपराध नहीं है।

6. वर्तमान कानून के अधीन पीड़ित तथा अपराधी व्यक्तियों के नाम तथा विवरण जब तक कि मुकदमे की कार्यवाही बन्द कमरे में नहीं हुई हो समाचार पत्रों द्वारा प्रकाशित की जा सकती है। यह न्यायिक कार्यवाहियों के अनुरूप है। इंड न्याय संहिता का एक प्रभुत्व सिद्धांत यह है कि सुनवाई खुली होनी चाहिये। अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 327 में यही व्यवस्था की गयी है। ए० आई० आर० 1967 एस० सी० के पृष्ठ में जिसमें उच्च-

तम न्यायालय का नरेश बनाम महाराष्ट्र राज्य के मामले का निर्णय दिया गया है, उसमें भी यह बात स्पष्ट कही गई है कि जब जनता को सुनवाई से वंचित किया जाता है तो प्रकाशन का कोई प्रयोजन नहीं रह जाता। विधि का यह भी सर्वमान्य सिद्धांत है कि "गोपनीय रखने पर न्याय समाप्त हो जाता है।" तथापि ऐसी विशेष परिस्थितियों में जहां प्रचार से होने वाली बदनामी से बचने के लिये यह एक सामान्य सिद्धांत है कि न्यायिक कार्यवाही के प्रकाशन पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है परन्तु ऐसा प्रतिबंध अत्यन्त विशेष परिस्थितियों में ही किया जा सकता है। यह मान्य सत्य है कि बलात्संग से उत्पन्न कलंक से भविष्य बिगड़ जाता है। अतः बलात्संग की शिकार महिला के चाहने पर ही बंद कमरे में कार्यवाही की जानी चाहिये। अतः मेरा सुझाव है कि उप धारा (2) को जोड़ने वाले खंड को पुनः लिखा जाना चाहिये और परन्तुक से पहले उप धारा (2) के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए :—

> "यदि पीड़ित व्यक्ति ऐसा चाहता है और उसने इस संबंध में लिखित रूप में आवेदन पत्र दिया है।"

7. सामूहिक बलात्संग एक बहुत ही गंभीर अपराध है और इसके लिये निवारक दंड दिया जाना चाहिये। इसका अन्य अपराधों के साथ वर्गीकरण नहीं किया जा सकता है जैसाकि नई धारा 376 के अन्तर्गत उप-खंड (2) में किया गया है मेरे विचार से न्याय के उद्देश्यों को मृत्युदण्ड या आजीवन कारावास तथा जुर्माने की देयता का उपबंध करने पर ही पूरा किया जा सकता है। जैसा कि कत्ल करने के लिये भारतीय दण्ड संहिता धारा 302 के अन्तर्गत उपबंध किया गया है। प्रस्तावित संशोधन में उपबंध किया गया दंड पर्याप्त नहीं है।

8. समाप्त करने से पूर्व, मैं यह कहना चाहूंगा कि अवयस्कों के साथ बलात्संग की घटनायें गत तीन वर्षों में विशेष रूप से दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र में बढ़ रही हैं। हमारा यह अनुभव है कि इन अपराधों के दांडिक विचारण को प्राथमिकता नहीं दी जाती। कानून का अच्छा होना ही पर्याप्त नहीं है। लेकिन उसे सही रूप से लागू करने का तंत्र भी होना चाहिये। अतः ऐसे मामलों की सही तथा शीघ्र जांच कराना और मामलों का शीघ्र निपटान करने के लिये पर्याप्त तंत्र का होना आवश्यक है। सरकार को इसके लिये तुरन्त कदम उठाने चाहिए और ऐसे मामलों के विचारण के लिये विशेष न्यायालयों को स्थापित करने हेतु न्यायपालिका को निदेश देने चाहिये। जब तक अपराधियों पर शीघ्र मुकदमें नहीं चलाये जाते और उन्हें निवारक दंड नहीं दिये जाते तब तक इस सामाजिक अपराध को नहीं रोका जा सकेगा। इस समय ऐसे व्यक्तियों द्वारा कानून को अपनी प्रतिरक्षा के रूप में देखा जाता है और विचारण में असाधारण विलंब न्याय को हास्यास्पद बना रहे हैं।

9. उपर्युक्त टिप्पणियों तथा अपने विमत टिप्पण के साथ मैं सामान्य रूप से समिति द्वारा अन्य मामलों के संबंध में की गयी सिफारिशों से सहमत हूं।

नयी दिल्ली;
25 अक्तूबर, 1982

(एस० डब्ल्यू० खान)

---

3 कार्तिक, 1904 (शक)

यद्यपि मैं समिति की प्रमुख सिफारिशों से सहमत हूं परन्तु निम्नलिखित मामलों में समिति से मेरा मतभेद है :—

मेरे विचार से विधेयक का खंड-दो जिसमें भारतीय दण्ड संहिता की धारा 228 में संशोधन करने का प्रावधान है, पूर्णतया निकाल दिया जाना चाहिये।

इस खंड में कतिपय अपराधों, आदि से पीड़ित व्यक्ति की पहिचान प्रकट करने पर प्रतिबन्ध का उपबन्ध किया गया है। इसके लिये ये कारण बताये गये हैं:—

प्रचार से बलात्संग पीड़ित की प्रतिष्ठा पर आंच आती है और समाज में उसका रहना कठिन हो जाता है। उसे मानसिक आघात तथा पीड़ा के अतिरिक्त एक प्रकार से सामाजिक बहिष्कार वहन करना पड़ता है। अपराध की जांच करना कठिन हो जाता है।

मेरा सादर अनुरोध है कि उपर्युक्त दोनों आधारों में से कोई भी मेरे तर्क की कसौटी पर खरा नहीं उतरता है। बड़े दुर्भाग्य की बात है कि बलात्संग के पीड़ित को जिसे समाज की सहानुभूति प्राप्त होनी चाहिए समाज का तिरस्कार प्राप्त होता है। प्रत्येक व्यक्ति यह बात जानता है कि इस दुर्घटना में पीड़ित का कोई दोष नहीं है परन्तु समाज की पुरानी अतर्कसंगत मान्यताएं पीड़ित के आदर सहित समाज में रहने के विरुद्ध है। प्रश्न यह उठता है कि पीड़ित को यह कठिनाई समाचार पत्रों में अथवा अन्य प्रकार से प्रचार के कारण होती है। जब बलात्संग की कोई घटना घटती है तब यह मामला परिवार संबंधियों तथा समाज के छोटे वर्ग से छुपा नहीं रहता। समाज उसे स्वीकार करने को तैयार नहीं होता चाहे समाचार पत्रों में इसका प्रचार हो अथवा नहीं। वास्तव में आवश्यकता समाज की विचारधारा में परिवर्तन की है। यह तभी संभव है जब इस प्रकार का वातावरण पैदा किया जाये।

यह बात भी विचार करने योग्य है कि यह विधान क्यों लाया गया। बलात्संग निरंतर बहुत सी घटनाओं के विरुद्ध बहुत ऐसे महिला संगठनों तथा अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा उठायी गई आवाज बहुत से समाचार पत्रों द्वारा इन घटनाओं को प्रकाशित करने तथा मथुरा के मामले का बहुत अधिक प्रचार इस विधेयक के लाये जाने का एक महत्वपूर्ण पहलू है। यदि इस प्रकार का प्रचार न किया गया होता तो मुझे आशंका है कि इस प्रकार का संशोधन लाने के लिये समाज और विधान मंडल पर दबाव न पड़ता। यहां तक कि संसद् के दोनों संदन भी संयुक्त समिति के प्रतिवेदन को प्रस्तुत किये जाने में हुए विलंब को सहन नहीं कर सके और यह उचित भी है।

दूसरे जांच पड़ताल के मामले में कथित कठिनाई भी संदर्भ से अलग की बात है। वास्तव में जांच अधिकारियों की ढील और लापरवाही अपराधी को भाग निकलने का अवसर देती है। वास्तव में प्रचार से तंत्र पर दबाव पड़ता है जिसके परिणामस्वरूप शीघ्र तथा सावधानीपूर्वक जांच की जा सकती है।

तीसरे, यह विधि आयोग की रिपोर्ट के प्रतिकूल है। विधि आयोग ने अपनी रिपोर्ट में ऐसे संशोधनकारी प्रावधानों का प्रस्ताव नहीं किया है। अतः मेरा दृढ़ विचार है कि वर्तमान रूप में धारा 228-क जोड़ने से उद्देश्य का किसी प्रकार का हल न निकलकर इसे क्षति पहुंचेगी अतः इस धारा को निकाल दिया जाना चाहिये।

2. इस संशोधनकारी विधेयक से तीन अधिनियमों में अर्थात् दण्ड प्रक्रिया संहिता, भारतीय दण्ड संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम, संशोधन किया जा रहा है और मेरा विचार है कि यह ठीक है, परन्तु ऐसा करते समय कुछ प्रक्रियात्मक मामलों का बड़ा महत्व

है। मेरा विचार है कि पीड़ित तथा अपराधी दोनों की डाक्टरी जांच के लिये अधिक स्वीकृति होनी चाहिये। रंगीन फोटोग्राफी भी जिस पर विधि आयोग ने जोर दिया है बहुत ही वैध है। बहुत विलंब हो चुका है, हमें इन मामलों को स्वीकार कर लेना चाहिये।

इसके पश्चात् दो मुख्य मुद्दे रहते है जिन के बारे में मैं अपने विचार व्यक्त करना चाहता हूं। हमारे देश में अपनी परम पत्नी के साथ बलात्संग जैसी विचारधारा की कोई कामना नहीं है। यह अनुचित हो सकता है कि पति 12 वर्ष से कम आयु की अपनी पत्नी के साथ जबरदस्ती मैथुन करे। लेकिन यह स्थिति उत्पन्न कैसे हुई ? यद्यपि कानून में बाल विवाह निषिद्ध है तथापि भारतीय समाज ने कानून को पूर्णतः नहीं अपनाया है और इसीलिये अब भी यहां हजारों नहीं बल्कि लाखों बाल विवाह हो रहे है। यह हो सकता है कि ऐसे मामले बहुत कम हों और उनकी संख्या रजिस्ट्रेशन की जा सके लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में ऐसा उपबंध अनावश्यक लगता है।

धारा 114क उपबंधित करके साक्ष्य के सामान्य नियम का अनुसरण नहीं किया गया है। मूल विचार यह था कि अभिरक्षा में किये गये बलात्संग के मामलों में एक कल्पना की जानी चाहिए और वह यह है कि यदि कोई पीड़ित स्त्री कहे कि मैथुन उसकी सहमति से नहीं हुआ है तो अन्यथा सिद्ध करने का दायित्व अभियुक्त पर होगा। यह (कल्पना) ऐसे मामले से सम्बद्ध है जिसमें स्त्री गर्भवती हो और उसके साथ ऐसा अपराध किया जाए ; अतः यह माना जायेगा कि जो स्त्री गर्भवती हो गई है वह मैथुन क्रिया का प्रमाण है, और शरीर विज्ञान की दृष्टि से भी उसके साथ मैथुन करने में कोई रुकावट नहीं है। चिकित्सा विज्ञान और आधुनिक सामाजिक विचारधारा तथा यौन-मनो विज्ञान ने यह सिद्ध कर दिया है कि किसी गर्भवती स्त्री के साथ उसके 4–5 महीने की गर्भवती होने तक मैथुन करने में कोई बुराई नहीं है। इसलिये इस प्रकार के बलात्संग को अभिरक्षा में किये गए बलात्संग की श्रेणी में रखना, अर्थात् उन मामलों में जो धारा 376 उपखंड 2(क), (ख), (ग), और (घ) के अन्तर्गत आते है, उचित नहीं होगा और मैं महसूस करता हूं कि इसे धारा 114क के विस्तार क्षेत्र से निकाल दिया जाए। इसी प्रकार बलात्संग की परिभाषा अर्थात् धारा 375 भारतीय दण्ड संहिता, पर भी पुनर्विचार किया जाना आवश्यक लगता है। विशेषकर मैं परिभाषा के "छठे" भाग की ओर ध्यान दिलाना चाहता हूं जिसमें कहा गया है "जब वह 16 वर्ष की आयु की है तब उसकी सहमति से या सहमति के बिना। तर्क यह है कि जो स्त्री 16 वर्ष से कम आयु की है यदि वह मैथुन के लिये अपनी सहमति भी दे दे फिर भी यह नहीं कहा जा सकता कि वह इसके प्रभावों तथा इससे उत्पन्न होने वाली समस्याओं को समझती है। यह हो सकता है कि कुछ समस्याओं का पता स्त्री को न चले चाहे वह 16 वर्ष से अधिक आयु की हो लेकिन यह सही नहीं है कि आधुनिक समाज में 13–14 वर्ष के लड़के तथा लड़कियों को यौन संबंधी ज्ञान होता है। मैंने 13 और 16 वर्ष के बीच के भारतीय लड़के लड़कियों के यौन संबंधी अनुभवों का अध्ययन नहीं किया है लेकिन अमरीका में 13–19 वर्ष के लड़के-लड़कियों के बारे में आंकड़े उपलब्ध हैं और वहां 14–15 वर्ष की या जिन लड़कियों की उम्र अभी 16 वर्ष पूरी नहीं हुई है उन्हें यौन संबंधी काफी ज्ञान प्राप्त है। इनमें से कुछ को तो इस संबंध में अनुभवी कहा जा सकता है।

इस मुद्दे पर फिर से विचार किया जाना चाहिये कि जिस लड़की को अनुभव है और जो संभोग के आनंद जानती है अपनी इच्छा से पुरुष के साथ संभोग करती है क्या ऐसी स्थिति में भी पुरुष को दोषी ठहराया जावे। इस विषय के अध्ययन की आवश्यकता है और मेरे विचार से इस खंड में अध्ययन पर आधारित संशोधन हमारे समाज में होने वाले परिवर्तन के अनुरूप होगा। समिति ने कुछ सामान्य सिफारिशें की हैं जिनका तात्पर्य यह है कि वह विधेयक में कुछ और संशोधन चाहती है परन्तु वर्तमान संशोधनकारी विधेयक

में किये जा रहे ऐसे संशोधन के औचित्य के कारण उन्हें स्वीकार नहीं किया गया है। तथापि यह बात स्पष्ट है कि इन प्रश्नों पर यथाशीघ्र विचार किया जाना चाहिए। अतः मैं यह बात मानता हूं कि समिति ने जो उद्देश्य प्राप्त किये हैं वे पूर्ण नहीं है।

नई दिल्ली;
26 अक्तूबर, 1982

4 कार्तिक, 1904 (शक)

एम० के० मोखलकर

दंड विधि (संशोधन) विधेयक, 1980, संसद में जिस रूप में पुरःस्थापित किया गया है उससे स्पष्ट प्रगट होता है कि उसका प्रारूप शीघ्रता में बनाया गया तथा त्रुटिपूर्ण है। संयुक्त प्रवर समिति के हाथों मे इस विधेयक में उल्लेखनीय परिष्करण और परिमार्जन हुआ है। भले ही यह दोषरहित नहीं हो सका है लेकिन अब इसे एक सुविचारित विधान के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिये। तथापि, बहुमत से प्रेषित प्रतिवेदन में कुछ ऐसे पहलू है जिनसे हम सहमत नहीं हो सकते हैं। अतः यह विमत टिप्पण प्रस्तुत है।

हमारी प्रथम और प्रमुख आपत्ति विधेयक के खंड 2 के बारे में है जो "किसी ऐसे मामले के प्रकाशन पर प्रतिबंध लगाता है जिससे बलात्संग मे पीड़ित व्यक्ति की पहचान हो सकती है।" यह खंड सदाशय से प्रेरित है लेकिन इसका प्रमुख परिणाम यह होगा कि बलात्संग के मामलों के समाचार देने में समाचार-पत्रों पर भारी बाधा आ जायेगी। पीड़ित व्यक्ति के नाम के प्रकाशन पर ही रोक नहीं लगाई गई है अपितु ऐसा कोई भी मामला जो संभवतया पीड़ित व्यक्ति की ओर संकेत कर सकता है। हम महसूस करते हैं कि इस व्यापक प्रतिबंध से अधिकांश संवाददाता बलात्संग के मामलों का समाचार देने के बारे में संकोच करेंगे।

यह नही भूलना चाहिये कि यह विधेयक स्वयं ही बलात्संग के मामलों विशेषकर बातों के भीतर हुए मामलों का निरंतर समाचार-पत्रों द्वारा भंडाफोड़ किये जाने का परिणाम है। वास्तव में यदि यह खंड पहले ही सांविधिक पुस्तिका में होता तो यह बिल्कुल संभव है कि बलात्संग मामलों का समाचार-पत्रों में इस प्रकार प्रकाशन न हुआ होता और परिणामतः बलात्संग कानूनों को सुदृढ बनाने के लिये जनता द्वारा हो-हल्ला भी न किया जाता और इस प्रकार इस विधेयक का ही जन्म न हुआ होता। हम यह भी उल्लेख करते हैं कि इस सांविधिक उपबंध के बिना भी संवाददाता प्रायः स्वैच्छिक रूप से बलात्संग पीड़ित व्यक्तियों के नामों का उल्लेख नहीं करते हैं।

जब विधि आयोग ने इस मामले पर विचार किया तो उन्होंने महसूस किया कि मुकदमे की सुनवाई के दौरान बंद कमरे में मुकदमें की सुनवाई की व्यवस्था करके कार्यवाही की सूचना देने पर सांविधिक रूप से रोक लगानी चाहिए जांच पड़ताल की स्थिति में बलात्संग के मामले का किस प्रकार समाचार दिया जाना चाहिए, यह "पत्रकारिता व्यवसाय की अच्छी भावना और वर्तमान कानून के ऐसे उपबंधों जो लागू हो सकते है पर छोड़ देना चाहिये। हम उस पर विचार का पूरी तरह से समर्थन करते हैं।

इस विधेयक का खंड 3 भारतीय दंड संहिता की धारा 375 पर विचार करता है जिसमे "बलात्संग" की परिभाषा दी गई है। संयुक्त प्रवर समिति द्वारा सुझाये गये संशोधन अधिकांश कमियों पर ध्यान देते हैं। लेकिन धारा 375 के अपवादस्वरूप यह इस प्रकार है "पुरुष का अपनी पत्नी के साथ मैथुन बलात्संग नहीं है जबकि पत्नी पन्द्रह वर्ष से कम आयु की नहीं है।" इसका आशय यह है कि यदि पत्नी 15 वर्ष से कम आयु की है तो पति (जो अभी 15 अथवा 16 वर्ष का हो सकता है) बलात्संग का दोषी है यदि वह उसके साथ मैथुन करता है।

बाल विवाह व्यापक रूप से प्रचलित सामाजिक बुराई है और जिसके बारें में निश्चित रूप से सांविधिक मंजूरी की आवश्यकता है। लेकिन ये मंजूरी आवश्यक रूप से विभिन्न स्वरूप की होनी चाहिये। यद्यपि बाल विवाह अत्यंत निन्दनीय है तथापि इसे निश्चित रूप से बलात्संग जैसे एक ही वर्ग में नहीं रखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त बाल विवाह के मामले में वास्तविक अपराधी वधू अथवा वर नहीं है अपितु उनके माता पिता है। अतः हम बिना शर्त के इस अपवाद के पक्ष में है "किसी व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी के साथ किया गया मैथुन बलात्संग नहीं है।"

इस विधेयक का प्रमुख उपबंध साक्ष्य अधिनियम में जोड़ी गई नई धारा 114 क है। इसमें बलात्संग के कुछ विशेष मामलों में अभियोजिका की ओर से सहमति न होने के बारे में अनुमान की व्यवस्था है। संयुक्त प्रवर समिति ने मूल प्रारूप में "अभियुक्त द्वारा" शब्दों को शामिल किया है। अब यह प्रमाणित किया जाना है कि मैथुन केवल अभियुक्त द्वारा ही किया गया है। हमें इसमें तनिक संदेह है कि क्या इन शब्दों को जोड़ने से ऐसे व्यक्तियों को अनभिप्रेत तथा अवांछित लाभ तो नहीं होगा जिन पर सामूहिक बलात्संग जिसमें इस बात का ध्यान किये बिना ही किसी व्यक्ति ने वास्तव में बलात्संग किया है, का अभियोग है, वे सभी जो सामूहिक रूप से बलात्संग करने में सम्मिलित हैं, समान रूप से अपराधी हैं।

संयुक्त समिति ने विधेयक में संशोधन का सुझाव देने के अलावा कई सामान्य सिफारिशें भी की हैं। हालांकि वे सिफारिशें सही अर्थों में विधेयक के क्षेत्राधिकार के भीतर नहीं आतीं फिर भी उनका महिलाओं के विरुद्ध किये जाने वाले अपराधों को प्रभावी ढंग से निपटाने के लिये कानून की क्षमता पर बहुत बड़ा प्रभाव है।

इनमें से कुछ सिफारिशें विधि आयोग के बलात्संग तथा संबंधित अपराधों से संबंधित 84वें प्रतिवेदन से सीधे ली गई है। इनमें से कुछ सिफारिशें अर्थात् अभियुक्त और विशेष रूप से बलात्संग से पीडित स्त्री की डाक्टरी जांच संबंधी है। अतः हमारा विचार है कि ये सिफारिशें विधेयक में ही सम्मिलित की जानी चाहिये थी और बाद में बनाने वाले कानून के लिये नहीं छोड़ देनी चाहिये थीं। निःसन्देह सामान्य स्वरूप के मामलों जैसे छेड़छाड़ के मामले में आत्मरक्षा का अधिकार, सूर्यास्त के बाद और सूर्योदय से पूर्व स्त्रियों को गिरफ्तार न किया जाना, गिरफ्तारी पर महिलाओं की अभिरक्षा तथा नजरबंदी आदि, के संबंध मे अनुवर्ती कानून आवश्यक होगा। कुछ अन्य सिफारिशें जैसे "आर्थिक प्रभुत्व" के अधीन किसी स्त्री के साथ बलात्संग से संबंधित सिफारिश अस्पष्ट है और उनकी आसानी से कानूनी व्याख्या नहीं की जा सकती।

नई दिल्ली ;
7 अक्तूबर, 1982

लाल कृष्ण आडवाणी

---

5 कार्तिक, 1904 (शक)

क. भारतीय दण्ड संहिता की धारा 228 क

निम्नलिखित कारणों को ध्यान में रखते हुए समूची धारा 228क का पुनर्गठन/पुनः रचना/संशोधन करना होगा :—

(एक) जहां तक अपराधी का संबंध है, पहचान के प्रकटीकरण पर रोक लगाई गई है, जबकि महिला के संबंध में ऐसा नहीं किया गया है । अपराधी को यह विशेषाधिकार दिये जाने की मांग की गई है, जिससे महिला/उत्पीड़ित महिला का समाज में रहना खतरे में पड़ गया है ।

(दो) अपराधी के बारे में नियंत्रित तथा सीमित प्रचार की परिकल्पना की गई है परन्तु उत्पीड़ित महिला के बारे में अनुमति के अध्यधीन खुला प्रचार किया जा सकता है । (परन्तु ऐसी अनुमति अविश्वसनीय है) ।

(तीन) यथा उल्लिखित रूप में रोक की धारणा विरोधाभासपूर्ण तथा भेदभावपूर्ण है ।

(चार) प्रेस पर लगाई गई रोक उनकी स्वतंत्रता को समाप्त करती है और इस प्रकार की रोक का उद्देश्य केवल अपराधी को लाभ पहुंचाना है (हालांकि केवल अपराधी को लाभ पहुंचाने के लिये उपबन्ध नहीं बनाया जाना चाहिये) ।

(पांच) जहां तक भविष्य में छेड़खानी किये जाने का संबंध है, स्पष्टीकरण के साथ पठित धारा 228क (2) (ङ) का परन्तुक मान्य नहीं है, किसी महिला का नाम पहले से किसी मान्यताप्राप्त कल्याण संस्था या संगठन के पास दर्ज कराना होगा (चाहे ऐसे संगठन का अस्तित्व देश के सभी भागों में हो ही नहीं) ।

(छः) इससे धारा 228क (1) और (3) के अन्तर्गत किये गये कथित अपराधों के लिये अनेक मुकदमें चलाने पड़े हैं ।

(सात) इन अतिरिक्त मुकदमों ने संशोधन की समूची विचारधारा को जटिल तथा निष्फल बना दिया है क्योंकि उनसे केवल अपराधी को दंड की विचारधारा निष्फल होती है ।

अतः मेरा सुझाव है कि धारा 228क को निकाल दिया जाना चाहिये क्योंकि यह निष्प्रभावी तथा पक्षपातपूर्ण है ।

ख. भारतीय दण्ड संहिता की धारा 376(2)

अस्पतालों की भांति किसी भी नर्सिंग होम के प्रबन्धक अथवा कर्मचारियों को भी दंड दिया जाना चाहिये क्योंकि हमारे देश में नर्सिंग होम्स् बहुत अधिक बढ़ते जा रहे हैं ।

अतः मेरा सुझाव है—

संशोधन कारी विधेयक में जहां भी "अस्पताल" शब्द आता है वहां उसके पश्चात् "नर्सिंग होम" शब्द जोड़ा जाना चाहिये ।

ग. साक्ष्य अधिनियम की धारा 114क

उपर्युक्त संशोधन हटा दिया जाना चाहिये क्योंकि इससे किसी व्यक्ति के विरुद्ध झूठा मुकदमा चलाये जाने की पूरी आशंका है ।

अतः मैं उपर्युक्त विमत टिप्पण भेज रहा हूं और आशा करता हूं कि संसद के दोनों सदन दंड विधि (संशोधन) विधेयक, 1980, जहां तक इसमें पुलिस कर्मचारियों को प्रचार के मामले की जांच के लिये निर्बाध अधिकार देने के प्रश्न हैं, के प्रस्तावित संशोधनों पर पुनर्विचार करेंगे ।

कलकत्ता;

24 अक्तूबर, 1982

---

2 कार्तिक, 1904 (शक)

अमर प्रसाद चक्रवर्ती

जबकि हम इस तथ्य से सहमत हैं कि पिछले विधेयक (मूलतः लोक सभा में प्रस्तुत किया गया) की तुलना में वर्तमान दण्ड विधि (संशोधन) विधेयक, 1980 (संयुक्त समिति द्वारा प्रतिवेदित रूप में) कई प्रकार से सुधार हुआ है, किन्तु हम इस विधेयक और प्रतिवेदन से पूर्णतः सहमत नहीं हो सकते। इसलिये हम निम्नलिखित विमत टिप्पण प्रस्तुत करते हैं:

1. विधेयक के खण्ड 2 (पृष्ठ 1) में धारा 228क (1) के अन्तर्गत और इस उप-खण्ड के अन्त में हम दो संशोधन अन्तःस्थापित करना चाहते हैं। चूंकि यह स्वतः स्पष्ट है, हम दोनों को उद्धृत कर रहे हैं:

(क) धारा 228(1) (पृष्ठ 1) की पहली पंक्ति में "नाम" शब्द के पश्चात "या अन्य बात को, जिससे किसी व्यक्ति की पहचान हो सकती है" शब्दों को हटा दिया जावे।

(ख) उप-खण्ड 228(1) के अन्त में हम निम्नलिखित उपबन्ध जोड़ना चाहते हैं:—

बशर्ते कि किसी मामले अथवा बलात्संग अथवा महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की घटना का कोई समाचार, समाचार पत्रों अथवा अन्यों द्वारा प्रकाशित ऐसा प्रकाशन, जो महिलाओं से बलात्संग और छेड़छाड़ के किसी ऐसे मामले को प्रकाश में लाने के उद्देश्य से किया गया हो, धारा 354, 376, 376क, 376ख, 376घ के अन्तर्गत आने वाले अपराधों के संबंध में पुलिस अथवा अधिकारियों को दी गई शिकायत अथवा दी गई सूचना की जांच में लापरवाही बरती गई हो अथवा पुलिस या अधिकारियों द्वारा गलत दिशा प्रदान की गई हो, इस खण्ड के अन्तर्गत प्रकटन के अभिप्रेत नहीं होगा।

प्रत्येक व्यक्ति अपने अनुभव से यह जानता है कि पिछले कई वर्षों के दौरान समाचार पत्रों में प्रकाशन और महिलाओं और अन्य संगठनों के आंदोलनों ने बलात्संग के कतिपय मामलों और विशेषकर दूर दराज क्षेत्रों (जैसे हाल ही में सिसवा कांड तथा पिछली कई घटनायें) में गरीब महिलाओं पर हुए बलात्संग का पर्दाफाश किया है। इसके बिना शायद कुछ मामले तो कई स्थानों पर दर्ज ही न हो पाते; यह बात उन मामलों में विशेष कर सत्य है जहां अभियोग पुलिस कर्मियों अथवा स्थानीय पुलिस का संरक्षण प्राप्त अन्य प्रभावशाली व्यक्तियों के विरुद्ध हो।

वर्तमान विधेयक में अन्य चीजों के साथ पीड़ित की लिखित अनुमति से प्रकाशन दण्डनीय नहीं होगा जैसी व्यवस्था किये जाने से पीड़ित के "नाम" तथा अन्य किसी मामले, जिससे उसकी पहचान का पता चलता हो, के प्रकाशन पर पहले जैसे पूर्ण प्रतिबंध नहीं है। तो भी हमारा विचार है कि दूरगामी स्थानों में महिला की लिखित अनुमति प्राप्त करना सदा व्यवहार्य नहीं है और वास्तव में स्वयं प्रकाशन से ही इन महिलाओं की सहायता होती है।

यह तर्क दिया जा सकता है कि बलात्संग पीड़ितों के नाम पर लगने वाले कलंक के कारण हमारे समाज में बलात्संग के पीड़ितों को प्रचार के मामलों में संरक्षण की आवश्यकता है। जहां हम इस बात से सहमत हैं कि इस संबंध में सामान्य मामलों में कुछ संरक्षण आवश्यक है, इसीलिये हम पीड़ित के नाम के बारे में प्रचार पर प्रतिबंध के विरुद्ध नहीं हैं परन्तु हमारा विचार है कि "पहचान बताने वाले प्रत्येक मामले पर" की सीमा तक प्रतिबंध लगाना अत्यधिक हो जायेगा और समाचार पत्र सिसवान जैसे बहुत से मामलों को प्रकाशित करने से लाचार हो जायेंगे जो इस उद्देश्य के प्रतिकूल होगा।

यह महिला संगठनों के आवश्यक कार्य-कलाप करने में भी अड़चन डालेगा। इस बात को देखते हुए कि सामान्यतः सभी मामलों का प्रचार नहीं किया जाता अथवा उनमें

आन्दोलन नहीं चलाया जाता अपितु केवल उन्हीं मामलों में ऐसा किया जाता है जिनमें संबंधित प्राधिकारी पंजीकरण जांच आदि के बारें में उपेक्षा करते है, हमारा विचार है कि हमारे द्वारा प्रस्तावित परन्तुक विधेयक में स्पष्ट रूप से बताया जाना चाहिये ताकि बलात्संग के पीड़ितों को न्याय का अवसर मिल सके।

2. हम पुराने विधेयक के खंड 3 में स्पष्टीकरण 2 अर्थात् "न्यायिक पृथक्करण की किसी डिक्री के अधीन अपने पति से पृथक रहने वाली स्त्री के बारें में यह समझा जायेगा कि वह इस धारा के प्रयोजनों के लिये उसकी पत्नी नहीं है" का लोप करने से सहमत नहीं है।

यह तर्क दिया जा सकता है कि न्यायिक पृथक्करण के अधीन सहमति के बिना भी "पत्नी के साथ मैथुन को संभावित सुलाह के हित में बलात्संग नहीं माना जायेगा। किन्तु हमारा विचार है कि प्रथमतः सुलह के लिये स्त्रियों को बाध्य करना सबसे बेहतर तरीका नहीं है, दूसरे स्त्रियों को इस खतरे का भय रहता है कि यदि मैथुन से गर्भ धारण हो जावे तो स्त्री को बड़ी समस्या का मुकाबला करना पड़ेगा।

3. विधेयक के खण्ड 3 में भारतीय दंड संहिता की नई धारा 376 (1) के अन्तर्गत विद्यमान विधेयक के खण्ड (2) के उप खंड (1) जिसमें किसी पुलिस अधिकारी द्वारा बलात्संग की परिस्थितियों की परिभाषा की जा रही है, में कुछ सुधार है किन्तु फिर भी हमारा यह अधिकार है कि यह अपर्याप्त है। हम चाहते हैं कि एक अन्य उप खंड यह जोड़ा जाये कि "अथवा किसी क्षेत्र में जहां वह एक पुलिस कर्मचारी हो"।

हमारा तर्क यह है कि जो कोई भी (विशेष रूप से गरीब तथा ग्रामीण स्त्रियां) यह जानेगा कि कोई व्यक्ति विशेष पुलिस का कर्मचारी है, उसे उससे, जो प्रभुत्व की स्थिति में होगा, डरने की संभावना है, भले ही उस विधेयक में विहित परिस्थितियों में हो।

4. हमें आर्थिक अधिशासन अथवा शक्ति का लाभ उठाकर किये गये बलात्संग के मामलों के बारें में अत्यधिक चिन्ता है। इस प्रश्न पर संयुक्त समिति के प्रतिवेदन की सामान्य सिफारिश (पैरा 35) में आंशिक रूप से विचार किया गया है। किन्तु हमारा विचार है कि इस विधेयक को ही इस समस्या का ध्यान रखना चाहिये था और उसके लिये पर्याप्त गुंजाइश थी। हम चाहते है कि भारतीय दंड संहिता की नई धारा 376 (1) की उपधारा 2 में "सामूहिक बलात्संग" शब्दों के पश्चात या तो "(छ) शक्ति से बलात्संग करता है" या "(छ) किसी स्त्री के साथ जिस पर उस स्त्री का प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से आर्थिक अधिशासन है, बलात्संग करता है" शब्दों के माध्यम से एक अन्य अवधारणा जोड़ी जाये और उसके बाद यह स्पष्टीकरण दिया जाये--

"स्पष्टीकरण 4" जहां किसी स्त्री के साथ आर्थिक अधिशासन या प्रभाव या नियंत्रण या प्राधिकार के अधीन जिसके अन्तर्गत भूस्वामियों, अधिकारियों, प्रबन्ध कर्मचारियों, ठेकेदारों, नियोजकों तथा महाजनों द्वारा स्वतः या उनके द्वारा भाड़े पर नियोजित व्यक्तियों द्वारा बलात्संग किया जाता है, वहां इस उपधारा के अर्थ के अन्तर्गत प्रत्येक व्यक्ति द्वारा बलात्संग किया गया समझा जायेगा।

हमारा विचार है कि ऐसे मामलों में दोषी को ऐसा कड़ा दण्ड दिया जाना चाहिये जैसा अभिरक्षा में किये गए बलात्संग तथा सामूहिक बलात्संग के मामलों में दिया जाता है। इसके अतिरिक्त इन मामलों में पीड़ित को भारतीय दण्ड संहिता की प्रस्तावित नई धारा 114 का लाभ भी मिलना चाहिये जिसमें साक्ष्य के अभाव से संबंधित अवधारणा पीड़िता के पक्ष में की जाती है। किसी भावी विधान पर छोड़ने के बजाय उपर्युक्त दोनों प्रावधानों का उपबन्ध वर्तमान विधेयक में ही किया जा सकता था। इसके अतिरिक्त हमने यह नोट किया है कि प्रतिवेदन के पैरा 35 में इस संबंध में की गई सामान्य सिफारिशों में केवल "नियोजकों" के आर्थिक वर्चस्व, प्रभाव नियंत्रण तथा प्राधिकार मात्र का उल्लेख है तथा हमारे द्वारा सुझाए गए उपर्युक्त स्पष्टीकरण 4 में उल्लिखित अन्य श्रेणियों का उल्लेख नहीं है। अतएव हम यह महसूस करते हैं कि इस संबंध में प्रतिवेदन की सामान्य सिफारिश भी अपर्याप्त है।

5. विधेयक (खंड 4) में बलात्संग के मामलों के लिये "बन्द कमरे में" अनिवार्य विचारण संबंधी उपबंध के बारे में हम यह चाहते हैं कि इसमें "यदि पीड़ित द्वारा इच्छा व्यक्त की जाये" का उपबंध किया जाना चाहिये। हमारा विचार है कि यद्यपि बलात्संग के मामलों का विचारण सामान्यतया बन्द कमरे में किया जाना चाहिये तथा यह पीड़ित के हित में है, परन्तु ऐसे भी मामले हो सकते हैं जहां न्याय के लिये प्रचार की आवश्यकता हो तथा इस उद्देश्य से प्रचार पीड़ित के हित में किया जाना चाहिये और इस स्थिति में इसकी गुंजाइश रहेगी।

6. समाज कल्याण अधिकारी अथवा किसी मान्यता प्राप्त समाज कल्याण संगठन के किसी प्रतिनिधि के संबद्ध होने की आवश्यकता के बारे में प्रतिवेदन के पैरा 44 तथा 45 में (दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 में जोड़ी गई धारा 173क) यह सिफारिश की गई है कि दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 में नई धारा 173क जोड़ी जानी चाहिये। परन्तु हमारा विचार है कि किसी समाज कल्याण अधिकारी अथवा समाज कल्याण संगठन के किसी प्रतिनिधि अथवा क्षेत्रीय किसी महिला संगठन के जांच प्रक्रिया से संबद्ध होने तथा अपराधी पर मुकदमा चलाने और यदि पुलिस अधिकारी मुकदमा चलाना आवश्यक न समझते हों, तो भी ऐसे संगठनों द्वारा मुकदमा चलाये जाने के अधिकार की इस विधेयक में व्यवस्था की जानी चाहिये।

7. विधि आयोग ने यह सिफारिश की है तथा महिलाओं के अधिकांश संगठनों ने भी इस बात पर उल्लेख किया है कि पीड़ित के पिछले यौन जीवन को साक्ष्य में नहीं बताया जाना चाहिए अथवा इससे संबंधित प्रश्नों को बलात्संग के मामले के विचारण में अभियोजक की प्रति जांच में नहीं पूछा जाना चाहिए। इस प्रयोजन के लिए भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 में उक्त अधिनियम की धारा 146 में इस उद्देश्य की उपधारा (3) अन्तः स्थापित की जानी चाहिए। विधेयक अथवा प्रतिवेदन में की गई सामान्य सिफारिशों में इसका कोई उल्लेख नहीं किया गया है। निष्पक्ष विचारण के लिए यह आवश्यक है।

8. अन्ततः सूर्यास्त के बाद और सूर्योदय से पूर्व महिलाओं की गिरफ्तारी और नजरबंदी के बारे में तथा बलात्संग मामलों में पीड़ित तथा अभियुक्त स्त्री की तत्काल और प्रभावी डाक्टरी जांच और महिलाओं तथा बच्चों के विरुद्ध अपराधों में जांच पड़ताल की व्यवस्था के बारे में दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 में संशोधन का प्रश्न और विधि आयोग द्वारा उल्लेख किये गये बहुत से अन्य मामले अत्यन्त तत्कालिक हैं यदि इन मामलों को सफलता-पूर्वक किया जाना है। यह खेद की बात है कि समस्त अन्वेषणात्मक प्रक्रिया वर्तमान विधेयक की परिधि में से छोड़ दी गई है। अब कुछ जांच प्रक्रिया कार्यपालिका के आदेशों के माध्यम से पूरी किये जाने का प्रस्ताव है। हमारे विचार से यह पूरी तरह से अपर्याप्त है और इसमें प्रायः उल्लंघन हुआ है। अतः जांच पड़ताल से संबंधित विधि आयोग की सिफारिशों को इस विधेयक में ही स्थान मिला है।

नई दिल्ली ;
28 अक्तूबर, 1982

गीता मुखर्जी
सुशीला गोपालन

---

6 कार्तिक, 1904 (शक)

1. खण्ड 3, धारा 228क(1) जो कतिपय अपराधों आदि के पीड़ित की पहचान के प्रकरण से संबंधित है के संदर्भ में यह नोट दिया गया है कि उल्लिखित सजा जिसे 2 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है काफी सख्त है और जानबूझकर प्रेस का गला घोटना है। यह विधेयक भी सनसनीखेज प्रकटन और प्रेस द्वारा जघन्य अपराधों के विरुद्ध लगातार लगाई जा रही तीव्र फटकार का ही परिणाम है। चूंकि सामाजिक व्यवहार में परिवर्तन और कमजोर और गरीबों की रक्षा आवश्यक है, इसका शामिल किया जाना विधेयक के मूल उद्देश्य के लिए हानिकारक है। किन्तु पीड़ित के हितों की रक्षा और जिस भावना के साथ इसे शामिल किया गया था, हमारे उद्देश्य की पूर्ति के लिए केवल जुर्माना ही पर्याप्त होना चाहिए।

3. खण्ड 3 में धारा 375 के पश्चात् "अपवाद" उस व्यक्ति पर आयु की रोक लगाता है जो अपनी ही पत्नी के साथ मैथुन करता है।

चूंकि हिन्दु विवाह अधिनियम तथा अन्य विवाह कानूनों में जो पहले से विद्यमान हैं, पुरुष तथा स्त्री दोनों के लिए ही विवाह के लिए न्यूनतम आयु उपबन्धित की गई है।

इसका उपचार इसके प्रभावी और समुचित कार्यान्वयन में है। हमारे वर्तमान विवाह कानून एक एकरूप सिविल विवाह संहिता द्वारा निर्देशित होने चाहिए। इसे शामिल करना उचित नहीं है क्योंकि इससे यह पहले से ही मान लेना होगा कि वर्तमान विवाह कानूनों का मनमाने ढंग से उल्लंघन होगा और वर्तमान विवाह कानूनों का मजाक उड़ाता है। इसलिए इस अपवाद को शामिल न किया जाए।

धारा 376(2) भी इसी प्रकार की कमी से संबंधित है जो केवल हमारे वर्तमान कानूनों के उस खोखलेपन को उजागर करता है जिसे कार्यान्वित किया जाना संभव नहीं है।

नई दिल्ली ;   प्रो० किशोर चन्द्र एस० देव

29 अक्तूबर, 1982

---

7 कार्तिक, 1904 (शक)

मुझे खेद है कि मैं संयुक्त समिति द्वारा प्रस्तुत विधेयक के कुछ खण्डों का समर्थन नहीं कर सकता हूं।

मेरी राय है कि खण्ड दो जिसके अन्तर्गत नयी धारा 228क जोड़ी गयी है, वह अनावश्यक है और अनेक मामलों में सार्वजनिक अनिष्ट का कारण भी बनेगी। इसकी विस्तृत शब्दावली के अन्तर्गत वह मामला भी आ जाता है जिसमें एक पिता ने किसी मामले की जांच में ढिलाई और भ्रष्टाचार की शिकायत की हो। मेरी राय है कि इसे प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा बनाये जाने वाले नैतिक नियम पर छोड़ दिया जाना चाहिए।

जहां तक खण्ड 2, उपखण्ड 2(ग) के स्पष्टीकरण तथा परन्तुक का संबंध है मैं इससे सहमत हूं क्योंकि जो उपबंध सुझाया गया है वह अव्यवहार्य है तथा उसे लागू किया जाना भी कठिन है। पूरे देश में यहां तक कि जिला स्तरों पर मान्यता प्राप्त कल्याण संस्थाएं गठित कर पाना बिल्कुल असम्भव है। मेरा ख्याल है कि देश में जब तक प्रत्येक ग्राम में संस्थाएं खोल पाना सम्भव नहीं होगा तब तक उपबंध को लागू करना सम्भव नहीं होगा। और इस कारण उपबंध का लक्ष्य उसी रूप में पूरा नहीं किया जा सकेगा।

खण्ड 3 जिसमें नयी धारा 375 शामिल की गई है, उसमें पांचवे खण्ड के विस्तृत क्षेत्र को मैं समर्थन नहीं कर पा रहा हूं। इस खण्ड से खुद लिए जाने वाले उत्तेजक पदार्थों को छोड़ दिया जाना चाहिए। आधुनिक समाज में जहां तक कि कुछ पिछड़ी जातियों में भी जहां शराब और अन्य नशीली चीजों का सेवन मुख्य रूप से किया जाता है वहां बलात्कार का अभियोग बड़ी आसानी से लगाया जा सकता है। गर्भ धारण कर सकने वाले मामलों में पुरुष के लिए यह समझ पाना कठिन हो जाता है कि महिला यौन समागम के स्वरूप और परिणाम को समझने योग्य है या नहीं। इसी खण्ड के छठवें भाग से भी मैं सहमत नहीं हूं। उष्ण कटिबंधीय देशों में लड़कियां जल्दी ही परिपक्व हो जाती हैं। इस्लाम धर्म में वयः सन्धि होने पर ही विवाह की अनुमति दे दी जाती है। सोलह वर्ष से कम उम्र में सभी प्रकार के समागम को अवैध घोषित करने से अन्य कई बुराइयां पैदा होंगी जिन्हें समाज में प्रोत्साहन नहीं मिलना चाहिए।

मेरे विचार से छठे भाग का अपवाद होना चाहिए और प्रस्तावित धारा 376 में संशोधन किए जाने की आवश्यकता है। सही विधायी नीति में इस बात की भी आवश्यकता है कि विवाह की उम्र बढ़ाई जानी चाहिए। कम उम्र में विवाह की अनुमति देकर पति और पत्नी के बीच समागम को निषिद्ध करना आधुनिक स्थिति में स्पष्टतः बेतुकी बात है।

मेरे विचार में धारा 375 में दिए गए स्पष्टीकरण पर गम्भीरता से विचार करने की आवश्यकता है। न्यायालयों में कई बार यह सिद्ध करने की कोशिश की जाती है कि बलात्कार का अपराध सिद्ध नहीं हुआ है क्योंकि प्रवेशन जो अपराध का प्रमुख अंग है सिद्ध नहीं हो सका है। इस उपबंध का लाभ उठा कर अभियोक्त्री से कई ऐसे प्रश्न पूछे जाते हैं जो कि अपमानजनक होते हैं और इस अपमान से बचने के लिए वह ऐसी बातें स्वीकार कर लेती है जिसका लाभ अभियुक्त को मिलता है जिसके परिणामस्वरूप उसे दोषमुक्त करके छोड़ दिया जाता है। इसलिए मेरा यह सुझाव है कि वर्तमान स्पष्टीकरण के स्थान पर निम्नलिखित स्पष्टीकरण दिया जाना चाहिए :—

"बलात्कार के इरादे से किया गया यौन अवयवों का शारीरिक सम्पर्क बलात्कार के आरोप को सिद्ध करने के लिए पर्याप्त है।"

मेरी राय में इस खण्ड में धारा 376(2)(क) में इस प्रकार संशोधन कर लिया जाए कि उसके अन्तर्गत यूनिफार्म में पुलिस अधिकारी उसके अधिकार क्षेत्र में अथवा उसके क्षेत्राधिकार से बाहर भी शामिल हो सके।

मेरी राय में 376(2) के स्पष्टीकरण 1 में जिसमें विधेयक के खण्ड 3 में सामूहिक बलात्कार को परिभाषित किया गया है संशोधन करने अथवा स्पष्ट करने की आवश्यकता है। ऐसे भी मामले हो सकते हैं जिनमें 5 व्यक्तियों का समूह किसी महिला पर हमला करे जिनमें से 2 यौन समागम करें तथा 3 उसके हाथ अथवा पैर पकड़ने में सहायता करें। ऐसा भी हो सकता है कि इन तीनों में कोई महिला भी हो। लेकिन धारा 375 में दी गई बलात्कार की परिभाषा के अनुसार कोई महिला बलात्कार नहीं कर सकती और इस प्रकार सामूहिक बलात्कार अपराध में सक्रिय रूप से सहायता कर रही महिला को इसी अपराध के लिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। अपितु उसे अधिक से अधिक कुछ कम गम्भीर अपराध के लिए अभियुक्त ठहराया जा सकता है। यह आवश्यक है कि सामूहिक बलात्कार की परिभाषा में इस प्रकार के मामले भी शामिल किए जाने चाहिए।

मैं विधेयक के खण्ड 6 का समर्थन करने में असमर्थ हूं : इसमें प्रस्तावित भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 114क के अधीन सहमति के बारे में नए रूप में अनुमान लगाया गया है। अनुमान लगाने से पूर्व जो तथ्य साबित करने होंगे उनसे न्यायालय अक्सर यह निष्कर्ष लगा सकता है कि महिला ने सहमति नहीं दी थी। न्यायालय को इस प्रकार की उपधारणा सामान्य विवेक और साक्ष्य का समझदारीपूर्वक मूल्यांकन करके करनी चाहिए। "उपधारणा करेगा" ऐसी धारणा किसी मामले विशेष के तथ्यों के लिए काफी कठोर सिद्ध हो सकती है तथा इससे सही न्याय नहीं मिल पायेगा। साक्ष्य अधिनियम की धारा 114 में दृष्टांत जोड़ कर यही परिणाम प्राप्त किया जा सकता है अर्थात् यह न्यायालय पर छोड़ दिया जाए कि जहां तथ्यों में इस की जरूरत हो वह उपधारण कर सकता है।

रत्नगिरि;
24 अक्तूबर, 1982

बापू साहिब पटवर्धन

---

2 कार्तिक, 1904 (शक)

मैं, मुख्य रूप से इस विधेयक को तैयार करने में सरकार द्वारा दिखाई गई उदासीनता पर अपनी निराशा व्यक्त करने के लिए यह विमत टिप्पण दे रहा हूं।

1. मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री ने देश में महिलाओं के साथ बलात्कार और उनको कष्ट पहुंचाने की बढ़ती हुई घटनाओं के बारे में बहुत अच्छी तरह उल्लेख किया है जबकि उन्होंने विधान सभा में यह कहा कि उनके राज्य में औसतन "1981 में प्रत्येक आठ घंटे में एक स्त्री के साथ बलात्कार हुआ, प्रत्येक बारह घंटे में एक स्त्री ने आत्महत्या की और प्रत्येक तीन दिन में पारिवारिक कलह में एक स्त्री की हत्या की गयी।" राष्ट्रीय समाचार पत्रों में स्त्रियों के विरुद्ध बलात्कार और अपराध की जघन्य घटनाओं का प्रकाशन एक आम बात हो गई है; बागपत, अकुमाली, सिसवा और मथुरा कांड पर संसद में जोरदार बहस हुई और गृह मंत्री ने यह टिप्पणी की कि "इस प्रकार की घटनायें विश्व भर में हो रही हैं।" और यह कि "महाभारत काल से बलात्कार होता रहा है।" कभी-कभी भू-स्वामी द्वारा या कानून और व्यवस्था के रक्षक द्वारा पुलिस स्टेशन में किये गये बलात्कार की घटना पर स्थानीय स्तरों पर व्यापक आन्दोलन हुआ। किन्तु कई वर्षों से शासकीय उदासीनता, सार्वजनिक चिन्ता के अभाव और सांविधिक उपबन्धों की अपर्याप्तता के कारण अपराध दर में अत्यधिक वृद्धि हुई और बड़े तथा छोटे अपराधी राज्य में कानून का उल्लंघन करते रहे तथा इनके द्वारा विलम्ब किये जाने तथा कार्यवाही करने में तत्परता न दिखाये जाने के कारण छूट निकले। इस समिति द्वारा दिए गए ब्यौरे के अनुसार कुछ राज्यों में बलात्कार, दोषसिद्धि और दोषमुक्ति के मामलों के आंकड़े इस प्रकार हैं:—

बलात्कार के सामान्य मामले

(वर्ष 1978, 1979 तथा 1980 के लिए कुल)

राज्य	रिपोर्ट किये गये मामले	मामले, जिनमें दोष सिद्ध हुआ	मामले, जिनमें दोष मुक्ति हुई
गुजरात . .	241	47	163
हरियाणा	245	68	135
हिमाचल प्रदेश .	89	22	35
कर्नाटक .	258	30	76
केरल .	129	32	95
महाराष्ट्र	63	7	24
पंजाब	243	81	159
पश्चिम बंगाल	1516	124	734
दिल्ली . .	202	27	58

यह उल्लेखनीय है कि उपर्युक्त आंकड़ों से वास्तविक स्थिति का पता नहीं चलता क्योंकि बलात्संग की बहुत घटनाओं की रिपोर्ट नहीं कराई जाती है, उन्हें दर्ज नहीं करवाया जाता है तथा उनकी कोई जांच नहीं की जाती है एवं उनका कोई रिकार्ड नहीं रखा जाता है। तालिका से पता चलता है कि रिपोर्ट दर्ज कराये गये मामलों में भी कम प्रतिशत मामलों में दोष सिद्धि होती है।

2. तुका राम बनाम महाराष्ट्र राज्य (मथुरा कांड नामक मामला) मामले में उच्चतम न्यायालय के निर्णय के कारण हुई काफी लोक-चर्चा तथा विरोध के परिणामस्वरूप केन्द्रीय सरकार को विधि आयोग से इस विषय का विशेष अध्ययन करने का अनुरोध करना पड़ा। विधि आयोग ने 24 अप्रैल, 1980 को अपना 84वां प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। गृह मंत्री महोदय ने 19 जून, 1980 को आश्वासन दिया कि बलात्संग सम्बन्धी कानून में संशोधन करने के लिए एक व्यापक विधेयक उसी सत्र में संसद् में लाया जायेगा। पता चला है कि जुलाई, 1980 में राज्य सरकारों से टिप्पणियां और सुझाव मांगे गये। परन्तु यह खेद की बात है कि संसद् में पुरःस्थापित तथा संयुक्त प्रवर समिति को सौंपे गये रूप में दण्ड विधि (संशोधन) विधेयक से सभी आशाओं और केन्द्रीय सरकार द्वारा किये गये प्रयत्नों के प्रयोजन पर पानी फिर गया। जल्दबाजी के कारण विधि आयोग द्वारा की गई अनेक अच्छी सिफारिशों तथा राज्य सरकारों, महिला संगठनों एवं प्रसिद्ध विधिवेत्ताओं द्वारा दिये गये मौखिक साक्ष्य पर विचार करने के बाद समिति कुछ महीने तक निष्क्रिय रही क्योंकि सरकार प्रस्तावित/स्वीकार किए जाने वाले संशोधनों के बारे में कोई निर्णय नहीं कर सकी। जब सरकारी संशोधन अन्तिम रूप से आये तो विधेयक के प्रत्येक खंड में आमूल चूल संशोधन करना पड़ा। निःसन्देह, सरकार की इस सम्बन्ध में कोई निश्चित धारणा नहीं है। इसीलिए वह इस बारे में कोई निश्चित मत नहीं बना पायी है।

3. मुझे आशंका है कि विधेयक की धारा 228क के अतिरिक्त विधेयक के खंड 2 से भविष्य में पीड़ित व्यक्ति को लाभ नहीं होगा अपितु अभियुक्तों तथा भ्रष्ट चरित्र अपराधियों को प्रभावी प्रचार और सामाजिक विरोध के कारण संरक्षण मिलेगा। यद्यपि यह वांछनीय है कि पीड़ित व्यक्ति के सम्बन्ध में अवांछनीय प्रचार न किया जाये किन्तु संशोधित खण्ड 2 के वर्तमान रूप से ऐसी किसी भी घटना के समाचार को प्रकाशित करने पर पूर्णतः प्रतिबन्ध लग जायेगा और इसके फलस्वरूप जनमत तैयार करने तथा सामाजिक विरोध को संगठित करने के कार्य में काफी बाधा होगी। हमें यह नहीं भूलना चाहिये कि यह विधेयक, स्वयं की बलात्संग के विशेष मामलों के प्रकाशित समाचारों तथा उनसे उत्पन्न जनता की मांगों के कारण प्रस्तुत किया गया है।

4. विधेयक के खंडों में सुझाये गये संशोधनों के अलावा समिति ने कुछ सामान्य सुझाव भी दिए हैं जिनमें बलात्संग से सम्बन्धित वर्तमान विधान में व्यापक परिवर्तनों का सुझाव दिया गया है। उनमें से कुछ सुझाव विधि आयोग के प्रतिवेदन में दिए गये हैं। यदि सरकार ने इस समस्या और सुझावों पर अधिक ध्यान और चिन्ता प्रकट की होती तो उन्होंने कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं को आगामी विधेयक पर छोड़ने के स्थान पर एक व्यापक विधेयक प्रस्तुत किया होता।

5. बलात्संग केवल अपराधपूर्ण हमला ही नहीं अपितु वह पीड़ित व्यक्ति के जीवन, उसकी आत्मा तथा सामाजिक प्रतिष्ठा पर आक्रमण है। बिना किसी अपराध के एक नारी को अकस्मात ही सामान्य और सुखी जीवन बिताने के उसके जन्मजात अधिकार से वंचित कर दिया जाता है। उसे चुपचाप घुल-घुल कर जीवन बिताने के लिए छोड़ दिया जाता है और केवल मृत्यु ही उसे इस वेदना तथा अपयश से मुक्ति दिलवा सकती है। बलात्संग के मामलों में निवारक सजा देने के अतिरिक्त सरकार को जुल्म की शिकार महिलाओं की दशा को ध्यान में रख कर व्यापक दृष्टि अपनानी चाहिये तथा ऐसी सांविधिक और प्रशासनिक कार्यवाही करनी चाहिये जिससे उन पीड़ित महिलाओं का पुनर्वास हो सके।

6. मैं निश्चय से नहीं कह सकता हूं कि संयुक्त प्रवर समिति द्वारा प्रतिवेदित रूप में विधेयक पर संसद् के वर्तमान अधिवेशनों में विचार कर लिया जायेगा तथा उसे पारित कर लिया जायेगा अथवा उसे बजट सत्र अथवा वर्षाकालीन सत्र तक के लिए स्थगित रख लिया जाएगा। मैं अनुभव करता हूं कि इस विधान के महत्व और तात्कालिकता को

ध्यान में रखकर सरकार को वर्तमान सत्र में ही समय निकाल कर इसे पारित करना चाहिये। तथापि, हमें यह नहीं भूलना चाहिये कि बलात्संग से पीड़ित एक महिला का जीवन यातना और लांछन से परिपूर्ण होता है और वह सदैव दुखी जीवन यापन करती है । उसके जीवन में कभी सुख की बौछारें नहीं आतीं। उसकी आंखों में सदैव आंसुओं की बरसात बरसती रहती है । उसके सामने दुखों के लम्बे अतीतकाल और सूने भविष्य के अतिरिक्त कुछ नहीं है।

नई दिल्ली;
29 अक्तूबर, 1982

इरा सेझियान

---

7 कार्तिक, 1904 (शक)

दण्ड विधि (संशोधन) विधेयक, 1980

(संयुक्त समिति द्वारा प्रतिवेदित रूप में)

[समिति के संशोधन संबंधी सुझावों को दर्शाने के लिए संबंधित शब्दों के पार्श्व में या नीचे रेखांकन किया गया है और लोप संबंधी सुझावों को दर्शाने के लिए संबंधित शब्दों के स्थान पर तारांकन किया गया है]

भारतीय दण्ड संहिता, 1860, दण्ड प्रक्रिया संहिता,
1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम,
1872 का और संशोधन
करने के लिए
विधेयक

भारत गणराज्य के तैंतीसवें वर्ष में संसद द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :—

1. इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम दण्ड विधि (संशोधन) अधिनियम, 1982 है। — संक्षिप्त नाम

1860 का 45 — 2. भारतीय दण्ड संहिता (जिसे इसमें इसके पश्चात दण्ड संहिता कहा गया है) की धारा 228 के पश्चात निम्नलिखित धारा अन्तःस्थापित की जाएगी, अर्थात् :— — नई धारा 228क का अन्तःस्थापन।

'228क. (1) जो कोई किसी नाम या अन्य बात को, जिससे किसी ऐसे व्यक्ति की (जिसे इस धारा में इसके पश्चात पीड़ित व्यक्ति — कतिपय अपराधों आदि से पीड़ित।

व्यक्ति की पहचान का प्रकटीकरण ।

कहा गया है) पहचान हो सकती है, जिसके विरुद्ध***धारा 376, धारा 376क, धारा 376ख, धारा 376ग या धारा 376घ के अधीन किसी अपराध का किया जाना अभिकथित है या किया गया पाया गया है, मुद्रित या प्रकाशित करेगा वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से जिसकी अवधि***दो वर्ष तक की हो सकेगी, दण्डित किया जाएगा और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा;

(2) उपधारा (1) की किसी भी बात का विस्तार किसी नाम या अन्य बात के ऐसे मुद्रण या प्रकाशन पर, यदि उससे पीड़ित व्यक्ति की पहचान हो सकती है, तब लागू नहीं होता है जब ऐसा मुद्रण या प्रकाशन—

(क) पुलिस थाने के भारसाधक अधिकारी द्वारा या उसके लिखित आदेश के अधीन अथवा ऐसे अपराध का अन्वेषण करने वाले पुलिस अधिकारी द्वारा, जो ऐसे अन्वेषण के प्रयोजनों के लिये सद्भावपूर्वक कार्य करता है, या उसके लिखित आदेश के अधीन किया जाता है ; या

(ख) पीड़ित व्यक्ति द्वारा या उसके लिखित प्राधिकार से किया जाता है ; या

(ग) जहां पीड़ित व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी है अथवा वह अवयस्क या विकृत चित्त है वहां, पीड़ित व्यक्ति के निकट सम्बन्धी द्वारा या उसके लिखित प्राधिकार से, किया जाता है :

परन्तु निकट सम्बन्धी द्वारा कोई भी ऐसा प्राधिकार किसी मान्यता-प्राप्त कल्याण संस्था या संगठन के अध्यक्ष या सचिव से चाहे उसका जो भी नाम हो, भिन्न किसी अन्य व्यक्ति को नहीं दिया जाएगा ।

स्पष्टीकरण—इस उपधारा के प्रयोजनों के लिए, "मान्यता-प्राप्त कल्याण संस्था या संगठन" से केन्द्रीय या राज्य सरकार द्वारा इस उपधारा के प्रयोजनों के लिए मान्यताप्राप्त समाज कल्याण संस्था या संगठन अभिप्रेत है ।

(3) जो कोई व्यक्ति उपधारा (1) में निर्दिष्ट किसी अपराध की बाबत किसी न्यायालय के समक्ष किसी कार्यवाही के संबंध में, उस न्यायालय की पूर्व अनुज्ञा के बिना कोई बात मुद्रित या प्रकाशित करेगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि दो वर्ष तक की हो सकेगी, दण्डित किया जाएगा और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा ।

स्पष्टीकरण—किसी उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय के निर्णय का मुद्रण या प्रकाशन इस धारा के अर्थ में कोई अपराध नहीं है ।' ।

धारा 375 और 376 के स्थान पर नई धाराओं का प्रतिस्थापन ।

3. दण्ड संहिता में धारा 375 के ठीक पूर्व आने वाले शीर्षक "बलात्संग के विषय में" के स्थान पर तथा धारा 375 और 376 के स्थान पर, निम्नलिखित शीर्षक और धाराएं रखी जाएंगी, अर्थात् :—

'यौन अपराध

बलात्संग ।

375. जो पुरुष एतस्मिनपश्चात् अपवादित दशा के सिवाय किसी स्त्री के साथ निम्नलिखित छह भांति की परिस्थितियों में से किसी परिस्थिति में मैथुन करता है वह पुरुष "बलात्संग" करता है, यह कहा जाता है :—

पहला : उस स्त्री की इच्छा के विरुद्ध ।

दूसरा : उस स्त्री की***सम्मति के बिना ।

तीसरा : उस स्त्री की सम्मति से जबकि उसकी सम्मति, उसे या ऐसे किसी व्यक्ति को जिससे वह हितबद्ध है, मृत्यु या उपहति के भय में डाल कर अभिप्राप्त की गई है ।

चौथा : उस स्त्री की सम्मति से जबकि वह पुरुष यह जानता है कि वह उस स्त्री का पति नहीं है और उस स्त्री ने सम्मति इसलिये दी है कि वह विश्वास करती है कि वह ऐसा पुरुष है जिससे वह विधिपूर्वक विवाहित है या विवाहित होने का विश्वास करती है ।

* * * *

पांचवां : उस स्त्री की सम्मति से जब ऐसी सम्मति देने के समय वह विकृत चित्त या मत्तता या किसी संज्ञा शून्यकारी या अस्वास्थ्यकर पदार्थ उसके द्वारा व्यक्तिशत रूप में या किसी अन्य व्यक्ति के मध्यम से दिए जाने के कारण उस बात की, जिसके बारे में वह सम्मति देती है, प्रकृति और परिणामों को समझाने में असमर्थ है*** ।

छठा : उस स्त्री की सम्मति से या बिना सम्मति के जब कि वह सोलह वर्ष से कम आयु की है ।

स्पष्टीकरण—बलात्संग के अपराध के लिए आवश्यक मैथुन गठित करने के लिए प्रवेशन पर्याप्त है ।

* * * *

अपवाद —पुरुष का अपनी पत्नी के साथ मैथुन बलात्संग नहीं है जब कि पत्नी पन्द्रह वर्ष से कम आयु की नहीं है ।

बलात्संग के लिए दंड ।

376. (1) जो कोई, उपधारा (2) द्वारा उपबन्धित मामलों के सिवाय, बलात्संग करेगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि सात वर्ष से कम की नहीं होगी किन्तु जो आजीवन या दस वर्ष तक की हो सकेगी, दण्डित किया जाएगा और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा, सिवाय तब के जब कि वह स्त्री, जिसके साथ बलात्संग किया गया है, उसकी अपनी पत्नी है और बारह वर्ष से कम आयु की नहीं है, और ऐसे मामले में वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि दो वर्ष तक की हो सकेगी, या जुर्माने से या दोनों से दण्डित किया जाएगा ;

परन्तु न्यायालय पर्याप्त और विशेष कारणों से, जो निर्णय में उल्लिखित किए जाएंगे, सात वर्ष से कम अवधि के कारावास का दण्डादेश अधिरोपित कर सकेगा ।

2. जो, कोई—

(क) पुलिस अधिकारी होते हुए—

(i) उस पुलिस थाने की सीमाओं के भीतर, जिसमें वह नियुक्त है, बलात्संग करेगा ; या

(ii) किसी भी थाने के परिसर में चाहे वह ऐसे पुलिस थाने में, जिसमें वह नियुक्त है, स्थित है या नहीं, बलात्संग करेगा; या

(iii) अपनी अभिरक्षा में या अपने अधीनस्थ किसी पुलिस अधिकारी की अभिरक्षा में किसी स्त्री के साथ, बलात्संग करेगा, या

(ङ) लोक सेवक होते हुए, अपनी शासकीय स्थिति का लाभ उठा कर, किसी ऐसी स्त्री के साथ जो ऐसे लोक सेवक के रूप में उसकी अभिरक्षा में या उसके अधीनस्थ किसी लोक सेवक की अभिरक्षा में है, बलात्संग करेगा ; या

(च) किसी जेल, प्रतिप्रेषण गृह या तत्समय प्रवृत्त किसी विधि द्वारा या उसके अधीन स्थापित अभिरक्षा के अन्य स्थान के या, स्त्रियों या बालकों की किसी संस्था के प्रबन्ध, या कर्मचारीवृन्द में होते हुए, अपनी शासकीय स्थिति का लाभ उठाकर उस संस्था के किसी निवासी के साथ बलात्संग करेगा ; या

(घ) किसी अस्पताल के प्रबन्धक या कर्मचारीवृन्द में होते हुए, अपनी शासकीय स्थिति का लाभ उठाएगा और उस अस्पताल में किसी स्त्री के साथ बलात्संग करेगा ; या

(ङ) किसी स्त्री के साथ यह जानते हुए कि वह गर्भवती है, बलात्संग करेगा ; या

(च) किसी स्त्री के साथ, जो बारह वर्ष से कम आयु की है, बलात्संग करेगा ; या

(छ) सामूहिक बलात्संग करेगा,

वह कठोर कारावास से, जिसकी अवधि दस वर्ष से कम नहीं होगी, किन्तु जो आजीवन हो सकेगी, दण्डित किया जायेगा और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा :

परन्तु न्यायालय पर्याप्त और विशेष कारणों से, जो निर्णय में उल्लिखित किये जायेंगे, दोनों में से किसी भांति के कारावास का, जिसकी अवधि दस वर्ष से कम की हो सकेगी, दण्डनीय अधिरोपित कर सकेगा ।

स्पष्टीकरण 1—जहां किसी स्त्री के साथ बलात्संग व्यक्तियों के समूह में से एक या अधिक व्यक्तियों द्वारा, अपने सामान्य आशय को अग्रसर करने के लिये किया जाता है, वहां प्रत्येक व्यक्ति के बारे में यह समझा जायेगा कि उस ने इस उपधारा के अर्थ में सामूहिक बलात्संग किया है ।

* * * * *

स्पष्टीकरण 2—"स्त्रियों या बालकों की किसी संस्था" से ऐसी कोई संस्था अभिप्रेत है जिसका नाम चाहे अनाथालय हो या उपेक्षित स्त्रियों या बालकों के लिये गृह हो या विधवाओं के लिये गृह या कोई भी अन्य नाम हो, जो स्त्रियों और बालकों को ग्रहण करने और उनकी देखभाल करने के लिये स्थापित या अनुरक्षित है ।

स्पष्टीकरण 3—"अस्पताल" से अस्पताल का अहाता अभिप्रेत है और उसके अन्तर्गत ऐसी किसी संस्था का अहाता है जो उपधाय (अरोग्य स्थापन) के दौरान व्यक्तियों को या चिकित्सीय ध्यान या पुनर्वास की अपेक्षा रखने वाले व्यक्तियों को प्रविष्ट करने और उनका उपचार करने के लिये है ।

पृथक कर दिये जाने के दौरान किसी पुरुष द्वारा अपनी पत्नी के साथ संभोग ।

376क. जो कोई अपनी पत्नी के साथ, जो पृथक्करण की किसी डिक्री के अधीन या किसी प्रथा अथवा रूढ़ि के अधीन, उससे पृथक रह रही है, उसकी सम्मति के बिना उसके साथ मैथुन करेगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि दो वर्ष तक की हो सकेगी, दण्डित किया जायेगा और जुर्माने से भी दंडनीय होगा ।

लोक सेवक द्वारा अपनी अभिरक्षा में की किसी स्त्री के साथ संभोग ।

376ख. जो कोई, लोक सेवक होते हुए, अपनी शासकीय स्थिति का लाभ उठाकर किसी स्त्री को जो ऐसे लोक सेवक के रूप में उसकी अधिरक्षा में है, या उसके अधीनस्थ किसी लोक सेवक की अभिरक्षा में है, ऐसा मैथुन करने के लिये उत्प्रेरित या विलुब्ध करेगा, जो बलात्संग की अपराध की कोटि में नहीं आता है, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से जिसकी अवधि पांच वर्ष तक की हो सकेगी, दण्डित किया जायेगा और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा ।

जेल, प्रतिप्रेषण-गृह आदि के अधीक्षक द्वारा संभोग ।

376ग. जो कोई किसी जेल, प्रतिप्रेषण गृह या अभिरक्षा के ऐसे अन्य स्थान का जो तत्समय प्रवृत्त किसी विधि द्वारा या उसके अधीन स्थापित किया गया है या स्त्रियों या बालकों की किसी संस्था का अधीक्षक या प्रबन्धक होते हुए * * * अपनी शासकीय स्थिति का * * * लाभ उठा कर जेल, प्रतिप्रेषणगृह, स्थान या संस्था की किसी स्त्री निवासी की, ऐसे मैथुन करने के लिये जो बलात्संग के अपराध की कोटि में नहीं आता है, उत्प्रेरित या विलुब्ध करेगा वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से जिसकी अवधि पांच वर्ष तक की हो सकेगी, दण्डित किया जायेगा और जुर्माने से भी दंडनीय होगा ।

स्पष्टीकरण 1.—किसी जेल, प्रतिप्रेषणगृह या अभिरक्षा के किसी अन्य स्थान या स्त्रियों या बालकों की किसी संस्था के सम्बन्ध में "अधीक्षक" के अन्तर्गत कोई ऐसा व्यक्ति भी है जो ऐसी संस्था में कोई ऐसा पद धारण करता है, जिसके आधार पर वह उसके निवासियों पर किसी प्राधिकार या नियंत्रण का प्रयोग कर सकता है ।

स्पष्टीकरण 2—स्त्रियों या बालकों की किसी "संस्था" पद का वही अर्थ है जो धारा 376 की उपधारा (2) के स्पष्टीकरण 2 में उसका है ।

* * * *

अस्पताल के प्रबन्ध या कर्मचारिवृन्द आदि के किसी सदस्य द्वारा उस अस्पताल में किसी स्त्री के साथ संभोग ।

376घ. जो कोई, किसी अस्पताल के प्रबन्ध में होते हुए या किसी अस्पताल के कर्मचारी वृन्द में होते हुए, अपनी शासकीय स्थिति का लाभ उठायेगा और किसी स्त्री के साथ, जो उस अस्पताल में है * * * ऐसा मैथुन करेगा जो बलात्संग की कोटि में नहीं आता है, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से जिसकी अवधि पांच वर्ष तक की हो सकेगी, दण्डित किया जायेगा और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा ।

स्पष्टीकरण—"अस्पताल" पद का वही अर्थ है जो धारा 376 की उपधारा (2) के स्पष्टीकरण –3 में उसका है ।' ।

धारा 327 का संशोधन ।

4. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (जिसे इस में इसके पश्चात् दण्ड प्रक्रिया संहिता कहा गया है) में धारा 327 को उस धारा की उपधारा (1) के रूप में संख्यांकित किया जायेगा और इस प्रकार संख्यांकित उपधारा के पश्चात् निम्नलिखित उपधारा अन्तःस्थापित की जायेगी, अर्थात् :— 1974 का 2

"(2) उपधारा (1) में किसी बात के होते हुए भी, भारतीय दण्ड संहिता की धारा 376, धारा 376क, धारा 376ख, धारा 376ग या धारा 376घ, के अधीन बलात्संग या किसी अपराध की जांच या उसका विचारण बन्द कमरे में किया जायेगा : 1860 का 45

परन्तु पीठासीन न्यायाधीश, यदि वह उचित समझता है तो, या दोनों में से किसी पक्षकार द्वारा आवेदन किये जाने पर, किसी विशिष्ट व्यक्ति को, न्यायालय द्वारा उपयोग किये गये कक्ष का या भवन तक पहुंचने या उसमें होने या उसमें बने रहने की अनुज्ञा देसकता है ।

(3) जहां उपधारा (2) के अधीन कोई कार्यवाही की जाती है वहां ऐसे किसी व्यक्ति के लिये किसी ऐसी कार्यवाही से संबंधित किसी बात को न्यायालय की पूर्व अनुज्ञा के बिना, मुद्रित या प्रकाशित करना विधिपूर्ण नहीं होगा ।" ।

* * * *

प्रथम अनुसूची का संशोधन ।

5. दण्ड प्रक्रिया संहिता की प्रथम अनुसूची में, "1—भारतीय दण्ड संहिता के अधीन अपराध" शीर्ष के नीचे,—

(क) धारा 228 से संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित प्रविष्टियां अन्तःस्थापित की जायेंगी, अर्थात् :—

1	2	3	4	5	6
"228क.	कतिपय अपराध आदि से पीड़ित व्यक्ति की पहचान का प्रकटीकरण ।	दो वर्ष के लिये कारावास और जुर्माना	संज्ञेय	जमानतीय	कोई मजिस्ट्रेट
	न्यायालय की पूर्व अनुज्ञा के बिना किसी कार्यवाही का *** मुद्रण या प्रकाशन ।	यथोक्त	यथोक्त	यथोक्त	यथोक्त ।";

(ब) धारा 376 से संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टियां रखी जाएंगी , अर्थात् :—

1	2	3	4	5	6
"376.	बलात्संग	आजीवन कारावास या दस वर्ष के लिये कारावास और जुर्माना	संज्ञेय	अजमानतीय	सेशन न्यायालय
	किसी पुरुष द्वारा अपनी पत्नी के साथ संभोग जिसकी आयु बारह वर्ष से कम नहीं है ।	दो वर्ष के लिये कारावास या जुर्माना या दोनों	असंज्ञेय	जमानतीय	यथोक्त
376क.	पृथक कर दिये जाने के दौरान किसी पुरुष द्वारा अपनी पत्नी के साथ संभोग ।	दो वर्ष के लिये कारावास और जुर्माना	असंज्ञेय	जमानतीय	यथोक्त
376ख.	लोक सेवक द्वारा अपनी अभिरक्षा में की किसी स्त्री के साथ संभोग ।	पांच वर्ष के लिये कारावास और जुर्माना	संज्ञेय (किन्तु किसी वारन्ट या मजिस्ट्रेट के आदेश के बिना कोई गिरफ्तार नहीं किया जायेगा)	यथोक्त	यथोक्त
376ग.	जेल, प्रतिप्रेषणगृह आदि के अधीक्षक द्वारा संभोग ।	यथोक्त	यथोक्त	यथोक्त	यथोक्त
376घ.	किसी अस्पताल के प्रबन्धक आदि द्वारा किसी स्त्री के साथ जो उस अस्पताल में है, संभोग ।	यथोक्त	यथोक्त	यथोक्त	यथोक्त ।" ।

1872 के अधिनियम सं० 1 में नई धारा 114क का अन्तःस्थापन ।

6. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 114 के पश्चात् निम्नलिखित धारा अन्तःस्थापित की जायेगी, अर्थात् :—

बलात्संग के लिए कुछ अभियोजनों में सम्मति न होने की उपधारणा ।

"114क. भारतीय दण्ड संहिता की धारा 376 की उपधारा (2) के खण्ड (क) या खण्ड (ख) या खण्ड (ग) या खण्ड (घ) या खण्ड (ङ) या खण्ड (छ) के अधीन बलात्संग के लिये किसी अभियोजन में, जहां अभियुक्त द्वारा मैथुन साबित हो जाना है और प्रश्न यह है कि क्या वह उस स्त्री की सम्मति के बिना किया गया है जिसके साथ बलात्संग किया जाना अभिकथित है और वह स्त्री, न्यायालय के समक्ष अपने साक्ष्य में यह कथन करती है कि उसने सम्मति नहीं दी थी, वहां न्यायालय यह उपधारणा करेगा कि उसने सम्मति नहीं दी थी ।" । 1860 का 45

परिशिष्ट एक

(देखिये प्रतिवेदन का पैरा 2)

विधेयक को संयुक्त समिति को सौंपने के लिए लोक सभा में प्रस्ताव

"कि भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता 1973 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 में और आगे संशोधन करने वाले विधेयक को दोनों सभाओं की एक संयुक्त समिति को सौंपा जाये जिसमें 35 सदस्य हों, इस सभा से 22 अर्थात् :—

(1) श्री के० अप्पुनन

(2) श्री रासबिहारी बेहरा

(3) श्रीमती गुरचिन्दर कौर ब्रार

(4) श्रीमती विद्यावती चतुर्वेदी

(5) श्रीमती सुशीला गोपालन

(6) श्रीमती गीता मुखर्जी

(7) श्रीमती मोहसिना किदवई

(8) श्रीमती माधुरी सिंह

(9) श्री आर० के० महालगी

(10) श्री डी० के० नायकर

(11) श्री के० एस० नारायण

(12) श्री राम प्यारे पनिका

(13) श्री बाबू साहिब प रुलेकर

(14) श्री अमृत पटेल

(15) श्री काजी सलीम

(16) प्रो० निर्मला कुमारी शक्तावत

6. समिति 4 "सामान्य सुझावों" (सामान्य सुझावों की सूची संख्या–दो में अन्तर्विष्ट संख्या 7, 24, 27 तथा 28—देखिए अनुबन्ध) पर आधारित उपयुक्त सुझावों को यद्यपि ये सुझाव विधेयक के विषय क्षेत्र से बाहर के संयुक्त समिति के प्रतिवेदन में "सामान्य सिफारिशों" के रूप में समाविष्ट करने का निर्णय किया ।

7. तत्पश्चात् समिति की बैठक स्थगित हुई ।

अनुबन्ध

(देखिए दिनांक 11–2–1982 के कार्यवाही सारांश का पैरा 6)

(सदस्यों द्वारा दिए गए उन "सामान्य सुझावों" की समेकित सूची की सूची सं० दो के उद्धरण, जिन्हें समिति ने प्रतिवेदन में "सामान्य सिफारिशों" के रूप में समाविष्ट करने के लिए स्वीकृत किया]।

क्रमांक	सदस्य का नाम तथा सामान्य सुझाव का पाठ	खंड संख्या
1	2	3
***	***	***
	श्री लालकृष्ण आडवाणी : श्री बापूसाहिब पारलेकर : श्रीमती गीता मुखर्जी : श्रीमती सुशीला गोपालन : श्री भीखर वासुदेव धाबे :	
7.	पृष्ठ 4, पंक्ति 38 के पश्चात्—	उक (नया)
	"दंड प्रक्रिया संहिता में, धारा 46(3) के पश्चात् निम्नलिखित नई उपधारा अन्तःस्थापित की जाएगी, अर्थात् "(4) अपरिहार्य परिस्थितियों के सिवाय, किसी भी स्त्री को सूर्यास्त के पश्चात् तथा सूर्योदय से पूर्व गिरफ्तार नहीं किया	

1 | 2 | 3

जाएगा, तथा जहां ऐसी अपरिहार्य परिस्थितियां उपस्थित हों, ऐसी गिरफ्तारी करने के लिए पुलिस अधिकारी सूचना के द्वारा अपने तात्कालिक उच्च अधिकारी की पूर्व अनुमति प्राप्त करेगा या यदि मामला अत्यन्त अविलम्बनीय हो तो वह पुलिस अधिकारी गिरफ्तारी करने के तुरन्त बाद अपने तात्कालिक अधिकारी को लिखित में गिरफ्तारी के कारण तथा उपर्युक्त रूप में पूर्वानुमति न लेने के कारणों की सूचना देगा ।" अन्तःस्थापित किया जावे ।

श्री श्रीधर वासुदेव धावे : 6क

24. पृष्ठ 5, पंक्ति 25 के पश्चात्— (नया)

"6क; दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 में धारा 357 की उप धारा (1) के खण्ड (घ) के पश्चात् निम्नलिखित खण्ड अन्तः-स्थापित किया जावेगा, अर्थात् :—

"(ङ) किसी व्यक्ति की भारतीय दण्ड संहिता की धारा 354, 354क, 376, 376क, 376ख, 376ग के अन्तर्गत दोष सिद्धि पर जिस स्त्री के विरुद्ध अपराध किया गया है, उस स्त्री को, उसके पुनर्वास के लिए पर्याप्त प्रतिकर अदा किया जावेगा तथा जिस स्त्री के विरुद्ध अपराध किया गया है, उसकी मृत्यु हो जाने पर उस मामले की विशेष परिस्थितियों में वह प्रतिकर उस स्त्री के विधिक प्रतिनिधियों को अदा किया जावेगा ।" अन्तः स्थापित किया जावे ।

श्रीमती गीता मुखर्जी :

श्रीमती सुशीला गोपालन :

27. पृष्ठ 5, पंक्ति 25 के पश्चात्— 6क (नया)

"6क; दण्ड प्रक्रिया की धारा 417 के पश्चात् निम्नलिखित धारा में अन्तःस्थापित की जावेंगी" अर्थात् :—

"417 क—किसी भी स्त्री को रात के 8 बजे और प्रातः 6 बजे के बीच गिरफ्तार नहीं किया जावेगा और पुलिस हवालात में नहीं रखा जावेगा ।

417 ख. —जब किसी स्त्री को गिरफ्तार किया जाता है तथा विशेष रूप से स्त्रियों के लिये अभिप्रेत विरुद्ध स्थान में उसे अभिरक्षा में रखने के लिए स्थानीय रूप से कोई समुचित व्यवस्था न हो, तो उस स्त्री को स्त्री और बालक संस्था (अनुज्ञापन) अधिनियम, 1956 के अधीन अनुज्ञापित बालकों के प्रवेश, देखभाल, सुरक्षा तथा कल्याण के लिए स्थापित और चलाई जा रही किसी संस्था अथवा राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था में भेजा जावेगा, उस मामले को छोड़कर जिसमें किसी विशेष विधि के अनुसार उस स्त्री को किसी सुरक्षागृह या ऐसी विशेष विधि के प्रयोजनों के

1	2	3
	लिये प्राधिकृत किसी अन्य निरुद्ध स्थान पर भेजा जाना अपेक्षित हो।" अन्तःस्थापित किया जाये।	
	श्री श्रीधर वासुदेव धावे :	
28.	पृष्ठ 5, पंक्ति 25 के पश्चात्—	6क (नया)
	"6क; दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 417 के पश्चात् निम्नलिखित धारा अन्तः स्थापित की जावेगी, अर्थात् :—	
	"417क. जब किसी स्त्री को गिरफ्तार किया जाता है तथा विशेषरूप से स्त्रियों के लिए अभिप्रेत निरुद्ध स्थान में उसे अभिरक्षा में रखने के लिए स्थानीय रूप से कोई समुचित व्यवस्था न हो, तो उस स्त्री और बालक संस्था (अनुज्ञापन) अधिनियम, 1956 के अधीन अनुज्ञापित बालकों के प्रवेश, देखभाल, सुरक्षा तथा कल्याण के लिये स्थापित और चलाई जा रही किसी संस्था अथवा राज्य सरकार द्वारा मान्यता-प्राप्त संस्था में भेजा जावेगा, उस मामले को छोड़कर, जिसमें किसी विशेष विधि के अनुसार उस स्त्री को किसी सुरक्षा-गृह या ऐसी विशेष विधि के प्रयोजनों के लिये प्राधिकृत किसी अन्य निरुद्ध स्थान पर भेजा जाना अपेक्षित हो।"	
	अन्तःस्थापित किया जाये।	

सैंतीसवीं बैठक

2-8-1982

समिति की बैठक सोमवार, 2 अगस्त, 1982 को 15.30 बजे से 16.25 बजे तक समिति कमरा सं० 62, संसद भवन, नई दिल्ली में हुई।

उपस्थित

श्री डी० के० नायकर —सभापति

सदस्य

लोक सभा

2. श्रीमती गुरबिन्दर कौर ब्रार
3. श्रीमती विद्यावती चतुर्वेदी
4. श्रीमती सुशीला गोपालन
5. श्रीमती माधुरी सिंह
6. श्री एन० के० शेजवलकर
7. श्रीमती गीता मुखर्जी
8. श्री राम प्यारे पनिका
9. प्रो० निर्मला कुमारी शक्तावत
10. श्री आर० एस० स्पैरो
11. श्री त्रिलोक चन्द
12. श्री पी० वेंकटसुब्बया

राज्य सभा

13. श्री लाल कृष्ण आडवाणी
14. श्री रामचन्द्र भारद्वाज
15. श्री अमर प्रसाद चक्रवर्ती
16. श्री श्रीधर वासुदेव धाबे
17. श्री सुरेन्द्र मोहन्ती
18. श्री हुकमदेव नारायण यादव

सचिवालय

1. श्री ए०जी० परांजपे—संयुक्त सचिव
2. श्री सत्यदेव कौड़ा—मुख्य विधायी समिति अधिकारी
3. श्री टी० ई० जगन्नाथन—वरिष्ठ विधायी समिति अधिकारी

विधायी परामर्शदाता

1. श्रीमती वी० एस० रामादेवी—संयुक्त सचिव एवं विधायी परामर्शदाता
2. डा० रघुवीर सिंह—सहायक विधायी परामर्शदाता

गृह मंत्रालय का प्रतिनिधि

श्री एस० वी० शरण—संयुक्त सचिव

2. सर्वप्रथम सभापति ने समिति को अब तक किये गये कार्य की प्रगति से अवगत कराया और टिप्पणी की कि उन्होंने सरकारी संशोधनों के बारे में गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य विभाग से परामर्श किया है और उन्होंने सरकारी संशोधनों को समिति के समक्ष रखने का वचन दिया है। उन्होंने समिति को यह भी बताया कि उन्हें गृह मंत्रालय से एक पत्र प्राप्त हुआ है जिसमें उल्लिखित है कि सरकारी संशोधनों को अंतिम रूप दिये जाने में विलम्ब के कारण समिति से अनुरोध किया जा सकता है कि वह प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए समय बढ़ाने के लिए कहे। तत्पश्चात् गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्री (श्री पी० वेंकटसुब्बया) ने स्पष्ट किया कि सरकारी संशोधनों को पहले ही विधि, न्याय और कंपनी कार्य के विधि कार्य विभाग को पुनरीक्षण के लिए भेज दिया है। इनका पुनरीक्षण हो जाने के बाद इन संशोधनों को अनुमोदनार्थ मंत्रीमंडल के समक्ष रखा जाएगा और इसके बाद वह लोक सभा सचिवालय को संशोधन सूचनाएं भेजेंगे। इसलिए सभापति ने सुझाव दिया कि समिति 1982 के शीतकालीन सत्र के अंतिम सप्ताह तक समय बढ़ाने के लिए कह सकती है।

3. सरकार द्वारा किये गये अनुरोध : काम की मात्रा और उसके पास समय की कमी को ध्यान में रखते हुए समिति ने महसूस किया कि उनके लिए निर्धारित दिनांक अर्थात् 7 अगस्त 1982 तक प्रतिवेदन प्रस्तुत करना संभव नहीं होगा। कुछ चर्चा के बाद समिति ने निर्णय किया कि अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए शीतकालीन सत्र 1982 के अंतिम सप्ताह के प्रथम दिन तक का समय बढ़ाने की मांग की जाए अतः समिति ने सभापति को और उनकी अनुपस्थिति में श्री आर०एस० स्पैरा को 5 अगस्त 1982 को इस संबंध में सभा में आवश्यक प्रस्ताव रखने के लिए प्राधिकृत किया।

4. तत्पश्चात् समिति ने निर्णय किया कि इस संबंध में सरकारी संशोधनों पर विचार करने के लिए समिति की अगली बैठकें 14 और 15 सितम्बर, 1982 को होंगी।

5. तत्पश्चात् समिति की बैठक स्थगित हुई।

अड़तीसवीं बैठक

14-9-1982

समिति की बैठक मंगलवार, 14 सितम्बर, 1982 को 11.00 बजे से 12.00 बजे तक समिति कमरा संख्या "बी" संसदीय सौध, नयी दिल्ली में हुई ।

उपस्थित

श्री डी० के० नायकर—सभापति

सदस्य

लोक सभा

2. श्री के० अर्जुनन्
3. श्री रास बिहारी बेहरा
4. श्रीमती गुरबिन्दर कौर बरार
5. श्री बी० किशोर चन्द्र एस० देव
6. श्रीमती सुशीला गोपालन
7. श्री एन० के० शेजवलकर
8. श्रीमती गीता मुखर्जी
9. श्री के० एस० नारायण
10. श्री राम प्यारे पनिका
11. श्री बापूसाहिब परूलेकर
12. श्री काजी सलीम
13. श्री एस० सिंगारावडीवेल
14. श्री आर० एस० स्पैरो
15. श्री त्रिलोक चन्द
16. श्री बी० एस० विजयराघवन
17. श्री पी० वेंकटसुब्बया

राज्य सभा

18. श्री लाल कृष्ण आडवाणी
19. श्री रामचन्द्र भारद्वाज
20. श्री बी० इब्राहिम
21. श्री धूलेश्वर मीणा
22. श्री सुरेन्द्र महन्ती
23. श्री बी० पी० मुनुस्वामी
24. श्री हुक्मदेव नारायण यादव

सचिवालय

श्री सत्य देव कौड़ा—मुख्य विधायी समिति अधिकारी

विधायी सलाहकार

1. श्रीमती वी० एस० रमादेवी—संयुक्त सचिव तथा विधायी सलाहकार
2. डा० रघुबीर सिंह—सहायक विधायी सलाहकार

गृह मंत्रालय के प्रतिनिधि

1. श्री एस० बी० शरण—संयुक्त सचिव

2. श्री पी० एस० अनन्तनारायणन—अवर सचिव

2. प्रारंभ में सभापति महोदय ने समिति को अब तक किये गये कार्य की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने यह टिप्पणी की कि 2-8-1982 को हुई समिति की पिछली बैठक के दौरान गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० वेंकटसुब्बया) ने यह कहा था कि सरकारी संशोधन पहले ही संवीक्षा के लिए विधि, न्याय और कंपनी कार्य मंत्रालय के विधि कार्य विभाग को भेज दिए गए हैं और उन संशोधनों की उनके द्वारा संवीक्षा किए जाने के पश्चात् उक्त संशोधन मंत्रिमंडल के समक्ष उसकी स्वीकृति के लिए रखे जायेंगे और उसके बाद वह संशोधन की सूचना लोक सभा सचिवालय को भेजेंगे। सभापति महोदय ने सदस्यों को यह जानकारी दी कि सरकारी संशोधन अभी तक लोक सभा सचिवालय को प्राप्त नहीं हुए हैं।

3. गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० वेंकटसुब्बया) ने यह बताया कि संशोधनों की संवीक्षा विधि, न्याय और कंपनी कार्य मंत्रालय के विधि कार्य विभाग द्वारा कर ली गई है और संशोधन स्वीकृति के लिए मंत्रिमंडल में अनिर्णित पड़े हुए हैं। उन्होंने यह आशा व्यक्त की कि संशोधनों के बारे में शीघ्र ही मंत्रि मंडल द्वारा निर्णय कर लिया जायेगा। उन्होंने आगे यह बताया कि समिति के सदस्यों की तरह सरकार भी उक्त मामले के बारे में द्रुत कार्यवाही करने के लिये इच्छुक है। उक्त संशोधनों के बारे में मंत्रिमंडल द्वारा निर्णय किए जाने के पश्चात् उन्हें लोक सभा सचिवालय को समिति के विचारार्थ भेजा जाएगा। इसलिये उन्होंने यह सुझाव दिया कि 14 सितम्बर को दोपहर बाद 15.00 बजे और 15 तथा 16 सितम्बर को होने वाली बैठकों की वर्तमान श्रृंखला को रद्द कर दिया जाये।

4. इसके पश्चात् सर्वश्री एन० के० शेजवलकर, लाल कृष्ण आडवाणी, बापू साहिब परुलेकर, बी० किशोर चन्द्र एस० देव, हुकम देव नारायण यादव, श्रीमती गीता मुखर्जी और श्रीमती सुशीला गोपालन सहित अनेक सदस्यों ने यह टिप्पणी की कि सरकारी संशोधनों को प्रस्तुत किये जाने में पहले ही अत्यधिक विलम्ब हो गया है और उसके परिणामस्वरूप समिति के कार्य में बाधा पहुंची है। उन्होंने आगे यह कहा कि समिति के सदस्यों की संसद के अन्दर और संसद् के बाहर विलम्ब के लिये आलोचना की जा रही है। सर्वश्री आर० एस० स्पैरो और के० एस० नारायण सहित सदस्यों का यह मत था कि सरकारी संशोधनों के बारे में बिना और अधिक विलम्ब के द्रुतगति से कार्यवाही की जानी चाहिये और वे समिति की बैठकों की यदि वे सत्र के दौरान शनिवार/रविवार को अथवा प्रातःकाल/सायंकाल में आयोजित की गई तो भी भाग लेने के लिये तैयार हैं जिससे कार्य पूरा हो सके और निर्धारित तारीख (अर्थात् 2 नवम्बर 1982) तक अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत कर सके।

5. गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० वेंकटसुब्बया) द्वारा किये गये अनुरोध को ध्यान में रखते हुए समिति ने कुछ चर्चा के बाद यह निर्णय किया कि उस दिन दोपहर बाद होने वाली उसकी बैठक और 15 तथा 16 सितम्बर, 1982 को होने वाली बैठकों को रद्द कर दिया जाये।

6. इसके पश्चात् समिति ने सभापति महोदय को यह प्राधिकार दिया कि वह सरकारी संशोधनों के प्राप्त होने के पश्चात् समिति की अगली बैठकों की तारीख और समय निर्धारित करें।

7. इसके पश्चात् कुछ सदस्यों ने यह प्रश्न उठाया कि क्या विधेयक के खण्डों के बारे में उनके द्वारा संशोधनों के बारे में दी गई उन सूचनाओं के बारे में जिन पर समिति की बैठकों से उनकी अनुपस्थिति के कारण उन पर उस समय चर्चा नहीं की जा सकी जबकि विधेयक के संगत खण्डों पर समिति द्वारा पहले चर्चा की गई थी उस समय चर्चा के लिये लिया जा सकता है जबकि सरकारी संशोधनों पर चर्चा हो क्योंकि खण्डवार विचार के दौरान खण्डों को संशोधनों

के साथ या संशोधनों के बिना अन्तिम रूप से स्वीकार नहीं किया गया है। सभापति महोदय ने यह कहा कि सरकारी संशोधनों पर चर्चा के समय उक्त मामले पर विचार किया जायेगा और नियमों के अनुसार उनके द्वारा निर्णय किया जायेगा।

8. तत्पश्चात् समिति की बैठक स्थगित हुई।

उनतालीसवीं बैठक

(30-9-1982)

समिति की बैठक गुरुवार, 30 सितम्बर, 1982 को संसदीय सौध, नई दिल्ली के समिति कमरा "क" में 11.00 बजे से 11.30 बजे तक हुई।

उपस्थित

श्री डी० के० नायकर—सभापति

सदस्य

लोक सभा

2. श्री के० प्रद्युम्न
3. श्री रास बिहारी बहेरा
4. श्रीमती गुरबिन्दर कौर बरार
5. श्री वी० किशोर चन्द्र एस० देव
6. श्रीमती सुशीला गोपालन
7. श्रीमती गीता मुखर्जी
8. श्री के० एस० नारायण
9. श्री राम प्यारे पनिका
10. श्री काजी सलीम
11. प्रो० निर्मला कुमारी शक्तावत
12. श्री एस० के० शेजवलकर
13. श्री पी० वेंकटसुब्बय्या

राज्य सभा

14. श्री लाल कृष्ण आडवाणी
15. श्री राम चन्द्र भारद्वाज
16. श्री श्रीधर वासुदेव धाबे
17. श्री सुखदेव प्रसाद मीणा
18. श्री ईरा सेझियान

सचिवालय

श्री सत्यदेव कौड़ा—मुख्य विधायी समिति अधिकारी।

विधायी परामर्शदाता

श्रीमती वी० एस० रामा देवी—संयुक्त सचिव तथा विधायी परामर्शदाता।

गृह मंत्रालय के प्रतिनिधि

1. श्री एस० वी० बरन—संयुक्त सचिव
2. श्री पी० एस० जगन्नाथरामन—अवर सचिव

प्रारम्भ में सभापति ने सदस्यों को सूचित किया कि सरकारी संशोधन तथा श्री लाल कृष्ण आडवाणी, संसद् सदस्य द्वारा रखे गये नए संशोधन उन्हें पहले ही भेजे जा चुके हैं। उन्होंने आगे बताया कि सदस्यों से सरकारी संशोधनों को ध्यान में रखते हुए 27 सितम्बर, 1982 तक नये संशोधन भेजने का अनुरोध किया गया था। इस पर बहुत से सदस्यों ने यह इच्छा व्यक्त की थी कि सरकारी संशोधनों का अध्ययन करने तथा नये संशोधनों की सूचना देने के लिये उनके पास पर्याप्त समय न होने के कारण नये संशोधनों का नोटिस देने का समय बढ़ाया जाये। थोड़ा विचार विमर्श करने के पश्चात् समिति ने सदस्यों द्वारा नये संशोधनों के नोटिस देने के लिये समय 6 अक्तूबर, 1982 तक बढ़ाने का निर्णय किया।

2. इसके पश्चात् समिति ने विधेयक पर खण्डवार विचार करने एवम् सरकारी संशोधनों और सदस्यों द्वारा किये गये नये संशोधनों पर विचार करने के लिये अपनी अगली बैठक शुक्रवार, 8 अक्तूबर, 1982 को 9.00 बजे आयोजित करने का निर्णय किया।

3. तत्पश्चात् समिति की बैठक स्थगित हुई।

चालीसवीं बैठक

(8–10–1982)

समिति की बैठक शुक्रवार, 8 अक्तूबर, 1982 को समिति कक्ष संख्या 62, संसद भवन, नई दिल्ली में 9.30 बजे से 11.00 बजे तक हुई।

उपस्थित

श्री डी० के० नायकर—सभापति

सदस्य

लोक सभा

2. श्रीमती गुरबिन्दर कौर बरार
3. श्री० बी किशोर चन्द्र एस० देव
4. श्रीमती सुशीला गोपालन
5. श्रीमती माधुरी सिंह
6. श्रीमती गीता मुखर्जी
7. श्री राम प्यारे पनिका
8. श्री एन० के० शेजवलकर
9. श्री त्रिलोक चन्द
10. श्री पी० वेंकटसुब्बया

राज्य सभा

11. श्री लाल कृष्ण आडवाणी
12. श्री राम चन्द्र भारद्वाज
13. श्री अमर प्रसाद चक्रवर्ती
14. श्री श्रीधर वासुदेव धाबे
15. श्री बी० श्री० सत्यानी
16. श्री ईरा सेझियान

सचिवालय

श्री सत्य देव कौड़ा—मुख्य विधायी समिति अधिकारी।

विधायी परामर्शदाता

1. श्री एस० रामय्या—संयुक्त सचिव एवं विधायी परामर्श दाता ।

2. श्री आर० वी० अग्रवाल—डिप्टी ड्राफ्ट्समैन, विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय, विधायी विभाग (राज्य सभा स्कन्ध)

3. डा० रघुबीर सिंह—सहायक विधायी परामर्शदाता

गृह मंत्रालय का प्रतिनिधि

श्री एस० बी० सरन—संयुक्त सचिव

2. समिति ने सरकारी संशोधनों की सूचनाओं और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री द्वारा पुरःस्थापित सरकारी संशोधनों तथा सम्बन्धित सदस्यों द्वारा पुरःस्थापित तथा सूचित नये संशोधनों आदि के आधार पर विधेयक के खण्ड 2 पर चर्चा आरम्भ की। चर्चा समाप्त नहीं हुई तत्पश्चात् समिति ने इस खण्ड पर अपनी 11 अक्तूबर, 1982 को 9.30 बजे होने वाली अगली बैठक में पुनः चर्चा आरम्भ करने का निर्णय किया।

3. तत्पश्चात् सभापति ने घोषणा की कि कार्य को पूरा करने तथा निर्धारित तिथि (अर्थात् 2-11-1982) तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिये एक अन्तिम कार्यक्रम (अनुबंध) निर्धारित किया गया है और उन्होंने सदस्यों से उपर्युक्त कार्यक्रम का पालन करने में उनसे सहयोग करने का अनुरोध किया। समिति ने अपनी आगामी बैठक में अन्तिम कार्यक्रम पर चर्चा करने का निर्णय किया।

4. तत्पश्चात् समिति की बैठक स्थगित हुई।

अनुबंध

(देखिए कार्यवाही सारांश का पैरा 3)

दण्ड विधि (संशोधन) विधेयक, 1980 सम्बन्धी संयुक्त समिति

समिति की रिपोर्ट को पूरा करने और सदन में प्रस्तुत करने के लिए अनन्तिम कार्यक्रम।

एक. विधेयक पर खण्ड वार विचार के लिए तारीखें	8-10-1982 : 11-10-1982 से 14-10-1982
दो. प्रारूप प्रतिवेदन तैयार करने की तारीखें	15-10-1982 से 20-10-1982
तीन. गृह मंत्रालय तथा विधि मंत्रालय द्वारा प्रारूप प्रतिवेदन की जांच किये जाने और सत्यापित किये जाने के लिए तारीखें।	20-10-1982 से 22-10-1982
चार. सभापति द्वारा प्रारूप प्रतिवेदन स्वीकृत किये जाने की तारीख	22-10-1982
पांच. समिति द्वारा संशोधित रूप में विधेयक की असंशोधित प्रतियां (अंग्रेजी तथा हिन्दी दोनों संस्करण) विधि मंत्रालय से प्राप्त होने की तारीख। . . .	22-10-1982

छः. प्रारूप प्रतिवेदन तथा यथासंशोधित विधेयक समिति के सदस्यों को परिचालित करने की तारीख 23-10-1982

सात. यथा संशोधित विधेयक पर और समिति द्वारा प्रारूप प्रतिवेदन पर विचार करने और इसे स्वीकार किये जाने की तारीख 25-10-1982

आठ. सदस्यों से प्राप्त होने वाले किन्हीं विवक्षित टिप्पणों को सचिवालय में लिए जाने की तारीख 29-10-1982 (10.00 बजे)

नौ. प्रतिवेदन को लोक सभा में प्रस्तुत किये जाने और उसकी एक प्रति राज्य सभा के पटल पर रखे जाने की तारीख . . 2-11-1982

इक्तालीसवीं बैठक

11-10-1982

समिति की बैठक सोमवार, 11 अक्तूबर, 1982 को 15.30 बजे से 18.00 बजे तक समिति कमरा संख्या 62, संसद् भवन, नयी दिल्ली में हुई ।

उपस्थित

श्री डी० के० नायकर—सभापति

सदस्य

लोक सभा

2. श्रीमती गुरबिन्दर कौर बरार
3. श्री बी० किशोर चन्द्र एस० देव
4. श्रीमती सुशीला गोपालन
5. श्रीमती माधुरी सिंह
6. श्रीमती गीता मुखर्जी
7. श्री राम प्यारे पनिका
8. श्री एन० के० प्रेमचन्द्रन
9. श्री आर० एस० स्पैरो
10. श्री त्रिलोक चन्द
11. श्री बी० एस० विजयराघवन
12. श्री पी० वेंकटसुब्बया

राज्य सभा

13. श्री लालकृष्ण आडवाणी
14. श्री श्रीधर वासुदेव आवे
15. श्री धूलेश्वर मीणा

सचिवालय

1. श्री एच० जी० परांजपे—संयुक्त सचिव

3. श्री सत्यदेव कौड़ा—मुख्य विधायी समिति अधिकारी

विधायी परामर्शदाता

1. श्री एस० रामैय्या—संयुक्त सचिव तथा विधायी परामर्शदाता

2. श्री आर० वी० अग्रवाल—उप प्रारूपकार, विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय, विधायी निर्माण (राजभाषा स्कंध)

3. डा० रघुवीर सिंह—सहायक विधायी परामर्शदाता

गृह मंत्रालय के प्रतिनिधि

श्री एस० बी० शरण—संयुक्त सचिव

2. समिति ने (एक) उन सरकारी संशोधनों जिनकी सूचनायें गृह राज्य मंत्री ने दी तथा जिन्हें उन्होंने पेश किया और (दो) उन नये संशोधनों आदि, जिनकी सूचनायें संबंधित सदस्यों ने दी तथा जिन्हें उन्होंने पेश किया, के आधार पर विधेयक पर और आगे खंडवार विचार करना आरम्भ किया ।

3. खंड दो—निम्नलिखित संशोधन स्वीकार किये गये :—

(एक) पृष्ठ 1, पंक्ति 8 से 18 तथा पृष्ठ 2, पंक्ति 1 से 3 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाये—

"228क(1) जो कोई किसी नाम या अन्य बात को जिससे किसी ऐसे व्यक्ति की (जिसे इस धारा में इसके पश्चात् पीड़ित व्यक्ति कहा गया है) पहचान हो सकती है, जिसके विरुद्ध धारा 376, धारा 376क, धारा 376ख, धारा 376ग या धारा 376घ के अधीन किसी अपराध का किया जाना अभिकथित है या किया गया पाया गया है, मुद्रित या प्रकाशित करेगा वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि दो वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और जुर्माने से भी दंडनीय होगा ;

(2) उपधारा (1) की किसी भी बात की विस्तार किसी नाम या अन्य बात के ऐसे मुद्रण या प्रकाशन पर, यदि उससे पीड़ित व्यक्ति की पहचान हो सकती है, तब नहीं होगा जब ऐसा मुद्रण या प्रकाशन—

(क) पुलिस थाने के भारसाधक अधिकारी अथवा ऐसे अपराध को अन्वेषण करने वाले पुलिस अधिकारी द्वारा, जो ऐसे अन्वेषण के प्रयोजनों के लिए सद्भावपूर्वक कार्य करता है, या उसके लिखित आदेश के अधीन किया जाता है; या

(ख) पीड़ित व्यक्ति द्वारा या उसके लिखित प्राधिकार से किया जाता है ; या

(ग) जहां पीड़ित व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी है अथवा वह अव्यस्क या विकृतचित्त है वहां, पीड़ित व्यक्ति के निकट सम्बन्धी द्वारा या उसके लिखित प्राधिकार से किया जाता है ;

परन्तु निकट सम्बन्धी द्वारा कोई भी ऐसा प्राधिकार किसी मान्यताप्राप्त कल्याण संस्था या संगठन के अध्यक्ष या सचिव से, चाहे उसका जो भी नाम हो, भिन्न किसी अन्य व्यक्ति को नहीं दिया जाएगा ।

स्पष्टीकरण—इस उपधारा के प्रयोजनों के लिए, "मान्यताप्राप्त कल्याण संस्था संगठन" से केन्द्रीय या राज्य सरकार द्वारा इस उपधारा के प्रयोजनों के लिए मान्यताप्राप्त समाज कल्याण संस्था या संगठन अभिप्रेत है ।

(3) जो कोई व्यक्ति उपधारा 1 में निर्दिष्ट किसी अपराध की बाबत किसी न्यायालय के समक्ष किसी कार्यवाही के सम्बन्ध में, उस न्यायालय की पूर्व अनुज्ञा के बिना कोई बात मुद्रित या प्रकाशित करेगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से जिसकी अवधि दो वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और जुर्माने के लिए दंडनीय होगा ।"

(दो) पृष्ठ 2,

पंक्ति 4 से 12 का लोप किया जाये ।

यथासंशोधित खंड स्वीकृत हुआ ।

खंड 3 निम्नलिखित संशोधन स्वीकार किये गये :

(एक) पृष्ठ 2, पंक्ति 20—

"सात" के स्थान पर "छह" प्रतिस्थापित किया जाये ।

(दो) पृष्ठ 2, पंक्ति 24—

"स्वतन्त्र और स्वेच्छिक" का लोप किया जाये ।

(तीन) पृष्ठ 2, पंक्ति 26-27—

"मृत्यु या उपहति या क्षति के भय में डालकर या धारा 503 में परिभाषित आपराधिक अभित्रास से" के स्थान पर "या किसी ऐसे व्यक्ति को, जिसमें वह हितबद्ध है, मृत्यु या उपहति के भय में डालकर" प्रतिस्थापित किया जाये ।

(चार) पृष्ठ 2—

पंक्ति 32 से 35 का लोप किया जाये ।

"छठा" के स्थान पर "पांचवा" प्रतिस्थापित किया जाये ।

(छह) पृष्ठ 2, पंक्ति 38—

"उसके द्वारा" के स्थान पर "स्वयं उसके द्वारा या किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से" प्रतिस्थापित किया जाये ।

(सात) पृष्ठ 2, पंक्ति 40—

या प्रभावी प्रतिरोध करने में असमर्थ है" का लोप किया जाये—

(आठ) पृष्ठ 2, पंक्ति 40—

"सातवां" के स्थान पर "छठा" प्रतिस्थापित किया जाये ।

(नौ) पृष्ठ 2, पंक्ति 43—

"स्पष्टीकरण—1" के स्थान पर "स्पष्टीकरण" प्रतिस्थापित किया जाये ।

(दस) पृष्ठ 3, पंक्ति 1 से 3 का लोप किया जाये ।

(ग्यारह)*

और आगे खण्डवार विचार करना रोक दिया जाये ।

5. समिति ने यह भी निर्णय किया कि नये संशोधनों/नये सामान्य संशोधनों की समेकित सूची के नये सामान्य सुझाव संख्या 9, जो उत्पीड़न के बारे में है, पर आधारित उपयुक्त सिफारिश समिति के प्रतिवेदन में "सामान्य सिफारिश" के रूप में सम्मिलित की जाये । (देखिए अनुबन्ध)

6. तत्पश्चात् समिति ने विधेयक पर और आगे खंडवार विचार करने के लिए मंगलवार, 12 अक्तूबर, 1982 को 16.00 बजे से अपनी अगली बैठक करने का निश्चय किया ।

तत्पश्चात् समिति की बैठक स्थगित हुई ।

अनुबंध

सामान्य सिफारिश

(देखिए दिनांक 11-10-1982 के कार्यवाही सारांश का पैरा 5)

[नये संशोधनों/नए सामान्य सुझावों, जिनकी सूचनायें सदस्यों ने दी और जिन्हें "सामान्य सिफारिश" के रूप में प्रतिवेदन में सम्मिलित करने के लिए समिति ने स्वीकार किया की समेकित सूची से उद्धरण]

क्रमांक	सदस्य का नाम तथा संशोधन का पाठ	खण्ड संख्या
***	***	***
9 (नया सामान्य सुझाव 6)	श्री एन० के० शेजवलकर विधेयक का पृष्ठ 2, पंक्ति 14 के पश्चात् निम्नलिखित नया खण्ड 2क जोड़ा जाये ।	2क (नया)
	"2क भारतीय दण्ड संहिता धारा 100 में तीसरे खण्ड में "बलात्संग" शब्द के पश्चात् निम्नलिखित शब्द जोड़े जायेंगे— "या उत्पीड़न"	

बयालीसवीं बैठक

12-10-1982

समिति की बैठक, मंगलवार, 12 अक्तूबर, 1982 को 16.00 बजे से 18.30 बजे तक समिति कमरा सं० 62, संसद भवन, नई दिल्ली में हुई ।

उपस्थित

श्री डी० के० नायकर—सभापति

सदस्य

लोक सभा

2. श्रीमती गुरविन्दर कौर बराड़
3. श्री वी० किशोर चन्द्र एस० देव

---

*हिन्दी अनुवाद में संशोधन करने की आवश्यकता नहीं ।

4. श्रीमती सुशीला गोपालन
5. श्रीमती माधुरी सिंह
6. श्रीमती गीता मुखर्जी
7. श्री राम प्यारे पनिका
8. प्रो० निर्मला कुमारी शक्तावत
9. श्री एन० के० शेजवलकर
10. श्री आर० एस० स्पैरो
11. श्री त्रिलोक चन्द
12. श्री वी० एस० विजयराघवन
13. श्री पी० वेंकटसुब्बैया

राज्य सभा

14. श्री लाल कृष्ण आडवाणी
15. श्री रामचन्द्र भारद्वाज
16. श्री बी० इब्राहिम
17. श्री धूलेश्वर मीणा।

सचिवालय

1. श्री हरि गोपाल परांजपे—संयुक्त सचिव।
2. श्री सत्यदेव कौड़ा—मुख्य विधायी समिति अधिकारी।

विधायी परामर्शदाता

1. श्री एस० रमैय्या—संयुक्त सचिव तथा विधायी परामर्शदाता।
2. श्री आर० वी० अग्रवाल—उप प्रारूपकार, विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय, विधायी विभाग (राजभाषा खण्ड)
3. डा० रघुबीर सिंह—सहायक विधायी परामर्शदाता।

गृह मंत्रालय का प्रतिनिधि

श्री एस० वी० शरण—संयुक्त सचिव।

2. समिति ने (एक) उन सरकारी संशोधनों, गृह राज्य मंत्री ने जिन की सूचना दी तथा जिन्हें पेश किया और (दो) उन नये संशोधनों आदि सम्बन्धित सदस्यों ने जिनकी सूचना दी तथा जिन्हें पेश किया, के आधार पर विधेयक पर और आगे खण्डवार विचार करना आरम्भ किया।

3. खण्ड 3 :—(देखिए दिनांक 11-10-1982 के कार्यवाही सारांश का पैरा 4)—निम्नलिखित और संशोधन स्वीकार किये गये :—

(एक) पृष्ठ 3, पंक्ति 10 के पश्चात् निम्नलिखित जोड़ा जाय—

"सिवाय उस दशा के जब कि वह स्त्री, जिसके साथ बलात्संग किया गया है, उसकी अपनी पत्नी है और बारह वर्ष से कम आयु की नहीं है, और ऐसे मामले में वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि दो वर्ष तक की हो सकेगी, या जुर्माने से या दोनों से दण्डित किया जायगा ;"

(दो) पृष्ठ 3, पंक्ति 15 से 17 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए—

"(क) पुलिस अधिकारी के होते हुए —

(एक) उस पुलिस थाने की सीमाओं के भीतर, जिसमें वह नियुक्त है, बलात्संग करेगा ; या

(दो) किसी भी थाने के परिसर में, चाहे वह ऐसे पुलिस थाने में जिसमें वह नियुक्त है, स्थित है या नहीं, बलात्संग करेगा ; या

(तीन) अपनी अभिरक्षा में या अपने अधीनस्थ पुलिस अधिकारी की अभिरक्षा में किसी स्त्री के साथ बलात्संग करेगा ; या"

(तीन) पृष्ठ 3, पंक्ति 24—

"अधीक्षक या प्रबन्धक" के स्थान पर

"प्रबन्ध या कर्मचारिवृन्द में होते हुए" प्रतिस्थापित किया जाए

(चार) पृष्ठ 3, पंक्ति 27 से 29 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए—

"(घ) किसी अस्पताल के प्रबन्ध या कर्मचारिवृन्द में होते हुए, अपनी पदीय हैसियत का लाभ उठाएगा और उस अस्पताल में किसी स्त्री के साथ बलात्संग करेगा ; या "

(पांच) पृष्ठ, 3, पंक्ति 31 के पश्चात् निम्नलिखित जोड़ा जाये—

"(च) किसी ऐसी स्त्री के साथ बलात्संग करेगा जो 12 वर्ष से कम आयु की है ; या"

(छः) पृष्ठ 3, पंक्ति 32—

"(च)" के स्थान पर "(छ)" प्रतिस्थापित किया जाये

(सात) पृष्ठ 3, पंक्ति 38–39—

"तीन या अधिक व्यक्तियों" के स्थान पर

"व्यक्तियों के समूह में से एक या अधिक व्यक्तियों" प्रतिस्थापित किया जाए।

(आठ) पृष्ठ 4—

पंक्ति 1 से 4 का लोप किया जाये।

(नौ) पृष्ठ 4, पंक्ति 5—

"स्पष्टीकरण 3" के स्थान पर "स्पष्टीकरण 2" प्रतिस्थापित किया जाये।

(दस) पृष्ठ 4, पंक्ति 9 के पश्चात् निम्नलिखित जोड़ा जाये —

"स्पष्टीकरण 3—"अस्पताल" से अस्पताल का अहाता अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत ऐसी किसी संस्था का अहाता है जो उल्लाघ (आरोग्य-स्थापन) के दौरान व्यक्तियों को या चिकित्सीय ध्यान या पुनर्वास की अपेक्षा रखने वाले व्यक्तियों को प्रविष्ट करने और उनका उपचार करने के लिए है।

पृथक कर दिये जाने के दौरान किसी पुरुष द्वारा अपनी पत्नी के साथ सम्भोग।

376क. जो कोई अपनी पत्नी के साथ, जो पृथक्करण की किसी डिक्री के अधीन या किसी प्रथा अथवा रुढ़ि के अधीन, उससे पृथक रह रही है, उसकी सम्मति के बिना उसके साथ मैथुन करेगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि दो वर्ष तक की हो सकेगी, दण्डित किया जाएगा और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा।"

(ग्यारह) पृष्ठ 4, पंक्ति 10—

"376क" के स्थान पर "376ख" प्रतिस्थापित किया जाए।

(बारह) पृष्ठ 4, पंक्ति 11—

"अनुचित" का लोप किया जाए।

(तेरह) पृष्ठ 4, पंक्ति 13—

"विलुब्ध" के स्थान पर "उत्प्रेरित या विलुब्ध" प्रतिस्थापित किया जाए।

(चौदह) पृष्ठ 4, पंक्ति 16—

"376ख" के स्थान पर "376 ग" प्रतिस्थापित किया जाए।

(पन्द्रह) पृष्ठ 4, पंक्ति 18 से 20—

"या ऐसी संस्था में कोई अन्य पद धारण करते हुए जिसके आधार पर वह उसके निवासियों पर किसी प्राधिकार या नियंत्रण का प्रयोग कर सकता है" का लोप किया जाए।

(सोलह) पृष्ठ 4, पंक्ति 21—

"अनुचित" का लोप किया जाए।

(सत्रह) पृष्ठ 4, पंक्ति 23—

"विलुब्ध" के स्थान पर "उत्प्रेरित या विलुब्ध" प्रतिस्थापित किया जाए।

(अठारह) पृष्ठ 4, पंक्ति 26 से 28 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए—

"स्पष्टीकरण 1—किसी जेल, प्रतिप्रेषण गृह यथा अभिरक्षा के किसी स्थान या स्त्रियों या बालकों की किसी संस्था के संबंध में, "प्रबंधक" के अन्तर्गत कोई ऐसा व्यक्ति भी है जो ऐसी संस्था में कोई ऐसा पद धारण करते हुए, जिसके आधार पर वह उसके निवासियों पर किसी प्राधिकार या नियंत्रण का प्रयोग कर सकता है,

स्पष्टीकरण 2—"स्त्रियों या बालकों की किसी संस्था" पद का वही अर्थ है जो धारा 376 की उपधारा (2) के स्पष्टीकरण 2 में उसका है।"

(उन्नीस) पृष्ठ 4, पंक्ति 29—

"376ग" के स्थान पर "376घ" प्रतिस्थापित किया जाए।

(बीस) पृष्ठ 4, पंक्ति 29—

"से सम्बन्धित" के स्थान पर "में" प्रतिस्थापित किया जाए।

(इक्कीस) पृष्ठ 4, पंक्ति 30—

"अस्पताल के कर्मचारिवृन्द में होते हुए," के पश्चात् "अपनी हैसियत का फायदा उठा कर," अन्तःस्थापित किया जाए।

(बाईस) पृष्ठ 4, पंक्ति 30 और 31—

"जो उस अस्पताल में उपचार प्राप्त कर रही है" का लोप किया जाए।

(तेईस) पृष्ठ 4, पंक्ति 34 से 38 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए—

"स्पष्टीकरण—"अस्पताल" पद का वही अर्थ है जो धारा 376 की उपधारा (2) के स्पष्टीकरण 3 में उसका है।"

यथासंशोधित खण्ड 3 स्वीकृत हुआ।

4. खण्ड 4—निम्नलिखित संशोधन स्वीकार किया गया।

पृष्ठ 4, पंक्ति 39 से 48 और पृष्ठ 5, पंक्ति 1 से 10 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए —

धारा 327 का संशोधन

"4. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 (जिसे इसमें इसके पश्चात् दण्ड प्रक्रिया संहिता कहा गया है) में धारा 327 को उस धारा की उपधारा (1) के रूप में संख्यांकित किया जाएगा और इस प्रकार संख्यांकित करने के पश्चात् निम्नलिखित उपधाराएं अंत:स्थापित की जाएगी, अर्थात् :—

1860 का 45

"(2) उपधारा (1) में किसी बात के होते हुए भी, भारतीय दण्ड संहिता की धारा 376, धारा 376क, धारा 376ख, धारा 376ग या धारा 376घ के अधीन किसी अपराध या बलात्संग की जांच या उसका विचारण बन्द कमरे में किया जाएगा :

परन्तु पीठासीन न्यायाधीश, यदि वह उचित समझता है तो या दोनों में से किसी पक्षकार द्वारा आवेदन किए जाने पर, किसी व्यक्ति को, न्यायालय द्वारा उपयोग किए गए कक्ष या भवन तक पहुंचने या उसमें होने या बने रहने की अनुज्ञा दे सकता है ।

(3) जहां उपधारा (2) के अधीन कोई कार्यवाही की जाती है वहां ऐसे किसी व्यक्ति के लिए किसी ऐसी कार्यवाही से संबंधित किसी बात को न्यायालय की पूर्व अनुज्ञा के सिवाय, मुद्रित या प्रकाशित करना विधिपूर्ण नहीं होगा।"

यथासंशोधित खण्ड 4 स्वीकृत हुआ।

5. खण्ड 5 तथा 6 :—समिति ने महसूस किया है कि बन्द कमरे में हुई कार्यवाहियों के मुद्रण अथवा प्रकाशन के किसी अपराध के संक्षिप्त विचारण के लिये विधेयक में स्पष्ट उपबंध करने की कोई आवश्यकता नहीं। अत: विधेयक का खण्ड 5 स्वीकार नहीं किया गया।

इसी प्रकार खण्ड 6 भी, जो पारिणामिक स्वरूप का है, स्वीकार नहीं किया गया।

6. खण्ड 7 :—निम्नलिखित संशोधन स्वीकार किये गये।

(एक) पृष्ठ 5, पंक्ति 26—

"7" के स्थान पर "5" प्रतिस्थापित किया जाए।

(दो) पृष्ठ 5, पंक्ति 30, स्तम्भ 5—

"अजमानतीय" के स्थान पर "जमानतीय" प्रतिस्थापित किया जाए।

(तीन) पृष्ठ 5, पंक्ति 30 से 34, स्तम्भ 3—

"2 वर्ष के लिये कारावास या जुर्माना या दोनों" के स्थान पर "दो वर्ष के लिये कारावास और जुर्माना" प्रतिस्थापित किया जाए ।

(चार) पृष्ठ 5, स्तम्भ 2—

पंक्ति 35 से 39 के स्थान पर "न्यायालय की पूर्व अनुज्ञा के बिना किसी कार्यवाही का मुद्रण या प्रकाशन" प्रतिस्थापित किया जाए।

(पांच) पृष्ठ 6,—पंक्ति 8 के पश्चात् निम्नलिखित अन्तःस्थापित किया जाए।

1	2	3	4	5	6
	किसी पुरुष द्वारा अपनी पत्नी के साथ संभोग जिसकी आयु 12 वर्ष से कम नहीं है ।	दो वर्ष के लिये कारावास या जुर्माना या दोनों	असंज्ञेय	जमानतीय	यथोक्त
376क	पृथक कर दिये जाने के दौरान किसी पुरुष द्वारा अपनी पत्नी के साथ संभोग	दो वर्ष के लिये कारावास या जुर्माना या दोनों	असंज्ञेय	जमानतीय	यथोक्त

(छः) पृष्ठ 6, पंक्ति 9—

(क) स्तम्भ 1 "376 क" के स्थान पर "376ख" प्रतिस्थापित किया जाए ।

(ख) स्तम्भ 4, "यथोक्त" के स्थान पर "संज्ञेय (किन्तु बारण्ट या किसी मजिस्ट्रेट के आदेश के बिना गिरफ्तार नहीं किया जायेगा)।" प्रतिस्थापित किया जाए।

(ग) स्तम्भ 6, "प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट" के स्थान पर "यथोक्त" प्रतिस्थापित किया जाए।

(सात) पृष्ठ 6, पंक्ति 13, स्तम्भ 1—

"376 ख" के स्थान पर "376ग" प्रतिस्थापित किया जाए।

(आठ) पृष्ठ 6, पंक्ति 16, स्तम्भ 1—

"376ग" के स्थान पर "376 घ" प्रतिस्थापित किया जाए।

(नौ) पृष्ठ 6, पंक्ति 18, स्तम्भ 2.—

"किसी रोगी" के स्थान पर "उस अस्पताल में किसी स्त्री" प्रतिस्थापित किया जाए ।

यथासंशोधित खण्ड 7 स्वीकृत हुआ ।

7. समिति ने यह भी निर्णय किया कि क्रमांक 15 और 16 (आर्थिक अधिलाभ के अर्जन किये गये बलात्संग के बारे में); क्रमांक 24, 25, 26, 28 तथा 29 (बलात्संग से पीड़ित की चिकित्सीय जांच के बारे में) और क्रमांक 27 (बलात्संग के मामले की जांच के साथ किसी समाज कल्याण अधिकारी को सहयोजित करने के बारे में) पर दिये गये सुझावों पर आधारित उपयुक्त सिफारिशों को समिति के प्रतिवेदन में "सामान्य सिफारिशों" के रूप में सम्मिलित किया जाये। (देखिये अनुबन्ध)

8. तत्पश्चात् समिति ने विधेयक पर और आगे खण्डवार विचार आरम्भ करने के लिये अपनी अगली बैठक बुधवार, 13 अक्तूबर, 1982 को 15.00 बजे से करने का निर्णय किया।

9. तत्पश्चात् समिति की बैठक स्थगित हुई ।

अनुबंध

सामान्य सिफारिशें

(देखिये दिनांक 12-10-1982 के कार्यवाही सारांश का पैरा 7)

[नये संशोधनों/नये सामान्य सुझावों जिनकी सदस्यों ने सूचना दी, की समेकित सूची में अंतर्विष्ट वे संशोधन/सुझाव जिन्हें समिति ने प्रतिवेदन में सामान्य सिफारिशों के रूप में सम्मिलित करने के लिये स्वीकार कर लिया है।]

क्रम० सं०	सदस्य का नाम और संशोधन का पाठ	खंड सं०
1	2	3
15	(नं० सं० 8) श्रीमती गीता मुखर्जी	3
	विधेयक के पृष्ठ 3 में,—	
	पंक्ति 32 के पश्चात् निम्नलिखित	
	अंत:स्थापित किया जाए—	
	"(छ) शक्ति बलात्संग करेगा,"	
16	(नं० सं० 27) श्रीमती सुशीला गोपालन	
	विधेयक के पृष्ठ 3 में पंक्ति 32 के पश्चात् निम्नलिखित	3
	अंत:स्थापित किया जाए—	
	"(छ) किसी स्त्री के साथ, जिस पर उसका प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से आर्थिक अधिशासन है, बलात्संग करेगा"—	
24	(नं० सा० सु०—एक) श्री लाल कृष्ण आडवाणी	
	पृष्ठ 5, पंक्ति 10 के पश्चात् निम्नलिखित अंत:स्थापित किया जावे,—	4 क (नया)
	"4क. दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 53 के पश्चात् निम्नलिखित नयी धारा 53 (क) अंत:स्थापित की जायेगी, अर्थात्:—	
	53(क). (क) जब बलात्संग करने या बलात्संग करने का प्रयास करने से दोषारोपित किसी व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाता है और इस धारा के अंतर्गत उसकी शारीरिक परीक्षा की जानी हो तो उसे अविलंब उस रजिस्ट्रीकृत चिकित्सा व्यवसायी के पास भेजा जायेगा जिसके द्वारा उसकी परीक्षा की जानी हो।	
	(ख) ऐसी जांच करने वाला रजिस्ट्रीकृत चिकित्सा व्यवसायी अविलंब ऐसे व्यक्ति की जांच करेगा और एक रिपोर्ट तैयार करेगा जिसमें वह की गई जांच के परिणाम विनिर्दिष्ट रूप से अभिलिखित करेगा और उसमें निम्नलिखित ब्यौरा देगा :	
	(एक) अभियुक्त और उसे लाने वाले व्यक्ति का नाम और पता ;	
	(दो) अभियुक्त की आयु ;	

1	2	3

(तीन) अभियुक्त के शरीर पर चोट, यदि कोई हो, के निशान; और

(चार) अन्य महत्वपूर्ण विवरण, समुचित विस्तार सहित।

(ग) रिपोर्ट में प्रत्येक निष्कर्ष पर पहुंचने के ठीक-ठीक कारण बताये जायेंगे।

(घ) रिपोर्ट में जांच प्रारंभ करने और उसके पूरा होने का ठीक-ठीक समय भी दिया जायेगा और रजिस्टर्ड चिकित्सा व्यवसायी अविलम्ब अन्वेषक अधिकारी को रिपोर्ट भेजेगा, जो उसे धारा 173 की उप धारा (5) के खंड (क) में निर्दिष्ट दस्तावेज के भाग के रूप में इस धारा में निर्दिष्ट मजिस्ट्रेट को भेजेगा।"

25. (न० सा० मु०) श्री रामबिहारी बहेरा — 4 क (नया)

पृष्ठ 5, पंक्ति 10 के पश्चात् निम्नलिखित अंतः स्थापित किया जाए :—

"4क, दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 53 के पश्चात् निम्नलिखित नयी धारा 53क अंतःस्थापित की जायेगी, अर्थात् :—

"53क. जब बलात्संग करने या बलात्संग करने का प्रयास करने से दोषारोपित किसी व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाता है और इस धारा के अंतर्गत उसकी शारीरिक परीक्षा की जानी हो तो उसे अविलंब उस रजिस्ट्रीकृत चिकित्सा व्यवसायी के पास भेजा जायेगा जिसके द्वारा उसकी परीक्षा की जानी हो (परीक्षा कम से कम दो रजिस्ट्रीकृत चिकित्सा व्यवसायियों द्वारा की जानी चाहिये।)

उस महिला की शारीरिक परीक्षा जिसके साथ बलात्संग किये जाने का या किये जाने का प्रयास अभिकथन है, किसी चिकित्सा विशेषज्ञ द्वारा किये जाने की स्थिति में ऐसी परीक्षा उस महिला की सहमति से दो रजिस्ट्रीकृत चिकित्सा व्यवसायियों द्वारा की जायेगी।"

26. (न० सा० मु०—सात) श्री एन० के० शेजवलकर :

नये संशोधन (सूची संख्या 1) का पृष्ठ 2—नये सामान्य सुझाव—एक (श्री लाल कृष्ण आडवाणी द्वारा) में प्रस्तावित नये खंड 53क के उपखंड (ख) के भाग (चार) में "समुचित ब्यौरा" के पश्चात् निम्नलिखित जोड़ा जाये—"जिसमें जब भी संभव हो उस व्यक्ति के शरीर या कपड़ों पर वीर्य या खून तथा/अथवा उसके धब्बों की रासायनिक जांच भी शामिल है।" — 4 क (नया)

28. (न० सा० मु०—दो) श्री लाल कृष्ण आडवाणी :

पृष्ठ 5, पंक्ति 10 के बाद अंतःस्थापित किया जाये "4 ख" — 4 ख (नया)

दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 164 के पश्चात् निम्नलिखित नयी धारा अंतःस्थापित की जायेगी, अर्थात् :—

"164क (1) जहां, उस अवस्था में जब बलात्संग या बलात्संग करने के प्रयास का अपराध अन्वेषणाधीन होने

1	2	3

पर उस महिला, जिसके साथ बलात्संग किये जाने या किये जाने का प्रयास अभिकथित है, के शरीर को किसी चिकित्सा विशेषज्ञ द्वारा परीक्षा किये जाने का प्रस्ताव हो, वहां ऐसी जांच उस महिला की सहमति से अथवा उसकी ओर से सहमति देने के लिये सक्षम किसी व्यक्ति की सहमति से किसी रजिस्ट्रीकृत चिकित्सा व्यवसायी द्वारा की जायेगी और महिला को उस रजिस्ट्रीकृत चिकित्सा व्यवसायी के पास अविलंब भेजा जायेगा ।

(2) रजिस्ट्रीकृत चिकित्सा व्यवसायी जिसके पास ऐसी महिला को भेजा जाता है, अविलंब उसके शरीर की परीक्षा करेगा और एक रिपोर्ट तैयार करेगा जिसमें वह की गई जांच के परिणामों को विनिर्दिष्ट रूप से अभिलिखित करेगा और निम्नलिखित ब्यौरा भी देगा :—

(एक) महिला और उसे लाने वाले व्यक्ति का नाम और पता

(दो) महिला की आयु

(तीन) क्या पीड़ित महिला के साथ पहले भी मैथुन होता था ।

(चार) महिला के शरीर पर चोट, यदि कोई हो, के निशान ;

(पांच) महिला की सामान्य मानसिक स्थिति ; और

(छ) अन्य महत्वपूर्ण विवरण, समुचित विस्तार सहित ।

(3) रिपोर्ट में प्रत्येक निष्कर्ष पर पहुंचने के ठीक-ठीक कारण बताये जायेंगे ।

(4) रिपोर्ट में विशिष्ट रूप से बताया जायेगा कि ऐसी जांच के लिये महिला की सहमति या उसकी ओर से ऐसी सहमति देने के लिये सक्षम किसी व्यक्ति की सहमति प्राप्त कर ली गई थी ।

(5) रिपोर्ट में जांच आरम्भ करने और उसके पूरा होने का ठीक-ठीक समय भी दिया जायेगा और रजिस्ट्रीकृत चिकित्सा व्यवसायी अविलम्ब अन्वेषक अधिकारी को रिपोर्ट भेजेगा, जो उसे धारा 173 की उपधारा (5) के खंड (क) में निर्दिष्ट दस्तावेज के भाग के रूप में उस धारा में निर्दिष्ट मजिस्ट्रेट को भेजेगा ।

(6) इस धारा की किसी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जायेगा कि पीड़ित महिला की सहमति या उसकी ओर से ऐसी सहमति देने के लिए सक्षम किसी व्यक्ति की सहमति के बिना किसी जांच को यह धारा विधिपूर्ण बनाती है ।"

1	2	3
29	(न०सा०सु०—आठ) श्री एम० के० जेअवलकर :	
	नये संशोधन (सूची संख्या 1) का पृष्ठ 3, नये सामान्य सुझाव 2 (श्री लाल कृष्ण अडवाणी द्वारा प्रस्तुत) में प्रस्तावित नये खंड 164क की उपधारा (2) के भाग (ङ:) में, "समुचित ब्योरा" के पश्चात् निम्नलिखित जोड़ा जाये–	4ख (नया)
	"जिसमें जहां भी संभव हो उस व्यक्ति के शरीर या कपड़ों पर वीर्य या खून तथा/अथवा उसके शुक्रों की रासायनिक जांच भी शामिल है।"	
27	(न० सा० सु०—तीन) श्रीमती सुशीला गोपालन	
	पृष्ठ 5, पंक्ति 10 के पश्चात् निम्नलिखित अंतःस्थापित किया जाये :—	4क (नया)
	"4क. दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 173 के पश्चात् निम्नलिखित नयी धारा अंतःस्थापित की जायेगी, अर्थात् :—	
	"173क (1) स्त्रियों और बच्चों के विरुद्ध अपराधों की दशा में मामले का अन्वेषण करने वाला प्रत्येक पुलिस अधिकारी ऐसे अन्वेषण के साथ एक समाज कल्याण अधिकारी या मान्यता प्राप्त समाज कल्याण संगठन या उस क्षेत्र के महिला संगठन के किसी प्रतिनिधि को सहयोजित करेगा तथा अन्वेषण के परिणामस्वरूप मजिस्ट्रेट को प्रस्तुत किये जाने वाले अंतिम प्रतिवेदन में उनकी राय भी दर्ज की जायेगी।	
	(2) ऐसे सभी मामलों में समाज कल्याण अधिकारी या समाज कल्याण संगठन अथवा महिला संगठन के प्रतिनिधि को राज्य के साथ मिलकर वाद-चलाने का अधिकार दिया जायेगा।	
	173ख यदि अन्वेषण के पश्चात् संबंधित पुलिस अधिकारी की यह राय है कि कोई अपराध नहीं किया गया है, जबकि समाज कल्याण अधिकारी या मान्यता प्राप्त समाज कल्याण संगठन अथवा महिला संगठन के प्रतिनिधि की राय उससे भिन्न है, तो संबंधित मजिस्ट्रेट उस अधिकारी या प्रतिनिधि की रिपोर्ट पर अभियुक्त को विचारण के लिए सुपुर्द करेगा और पुलिस की बजाए समाज कल्याण अधिकारी या समाज कल्याण संगठन अथवा महिला संगठन के प्रतिनिधि को वाद चलाने देगा।"	

तैंतालीसवीं बैठक

13-10-1982

समिति की बैठक बुधवार, 13 अक्तूबर, 1982 को समिति कमरा संख्या 62, संसद भवन नई दिल्ली में 15.30 बजे से 16.30 बजे तक हुई।

उपस्थित

श्री डी० के० नायकर—सभापति

सदस्य

लोक सभा

2. श्रीमती गुरबिन्दर कौर बराड़
3. श्री वी० किशोर चन्द्र एस० देव
4. श्रीमती सुशीला गोपालन
5. श्रीमती माधुरी सिंह
6. श्रीमती गीता मुखर्जी
7. श्री राम प्यारे पनिका
8. श्री एन० के० शेजवलकर
9. श्री आर० एस० स्पैरो
10. श्री त्रिलोक चन्द
11. श्री वी० एस० विजयराघवन
12. श्री पी० वेंकटसुब्बैया

राज्य सभा

13. श्री लाल कृष्ण आडवाणी
14. श्री बी० इब्राहीम
15. श्री धूलेश्वर मीणा
16. श्री ईरा सेजियन

सचिवालय

1. श्री सत्यदेव कौड़ा—मुख्य विधायी समिति अधिकारी।
2. श्री टी० ई० जगन्नाथन—वरिष्ठ विधायी समिति अधिकारी।

विधायी परामर्शदाता

1. श्री एस० रामैय्या—संयुक्त सचिव और विधायी परामर्शदाता।
2. श्री आर० बी० अग्रवाल— ड्राफ्टमैन, विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय, विधायी विभाग (राजभाषा स्कंध)
3. डा० रघुवीर सिंह—सहायक विधायी परामर्शदाता।

गृह मंत्रालय के प्रतिनिधि

श्री एस० बी० शरन—संयुक्त सचिव

2. समिति ने (एक) सरकारी संशोधनों, जिनके संबंध में गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री ने सूचना दी और प्रस्ताव पेश किया तथा (दो) नये संशोधनों आदि, जिनके संबंध में संबंधित सदस्यों ने सूचना दी और प्रस्ताव पेश किया, को ध्यान में रखकर विधेयक पर और आगे खण्डवार विचार आरम्भ किया।

3. खण्ड 8 :—निम्नलिखित संशोधन स्वीकार किये गये :—

(एक) पृष्ठ 6, हाशिये के शीर्षक में "111क" के स्थान पर "114क" प्रतिस्थापित किया जाये।

(दो) पृष्ठ 6, पंक्ति 20, "8" के स्थान पर "6" प्रतिस्थापित किया जाये।

(तीन) पृष्ठ 6, पंक्ति 20, "111" के स्थान पर "114" प्रतिस्थापित किया जाये।

(चार) पृष्ठ 6, पंक्ति 22, "111क" के स्थान पर "114क" प्रतिस्थापित किया जाये।

(पांच) पृष्ठ 6, पंक्ति 23

(क) "खण्ड (च)" के पश्चात्

"या खण्ड (ङ)" अन्तःस्थापित किया जाये।

(ख) "खण्ड (च)" के स्थान पर

"खण्ड (छ)" प्रतिस्थापित किया जाये।

(छः) पृष्ठ 6, पंक्ति 24,:—

"जहां मैथुन" के स्थान पर "जहां अभियुक्त द्वारा मैथुन किया जाना" प्रतिस्थापित किया जाए।

खण्ड 8, संशोधित रूप में स्वीकृत हुआ।

4. खण्ड 1—निम्नलिखित संशोधन स्वीकार किया गया :—

पृष्ठ 1, पंक्ति 4,

"1980" के स्थान पर

"1982" प्रतिस्थापित किया जाये।

खण्ड 1, संशोधित रूप में स्वीकृत हुआ।

5. अधिनियमन सूत्र :—निम्नलिखित संशोधन स्वीकार किया गया :—

पृष्ठ 1, पंक्ति 1,

"इक्कतीसवें" के स्थान पर

"तैंतीसवें" प्रतिस्थापित किया जायें।

अधिनियमन सूत्र संशोधित रूप में स्वीकृत हुआ।

6. पूरा नाम : पूरा नाम बिना किसी संशोधन के स्वीकृत हुआ।

7. समिति ने विधेयक में किन्हीं स्पष्ट गलतियों को ठीक करने और आनुषंगिक तथा परिणामिक किस्म के संशोधनों को करने के लिये विधायी परामर्शदाता को प्राधिकृत किया।

8. समिति ने निर्णय किया कि समिति द्वारा विधेयक के संबंध में प्राप्त टिप्पणियों/सुझावों वाले ज्ञापनों/अभ्यावेदनों आदि के दो सैट, प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिये जाने के पश्चात्, संसद् सदस्यों के संदर्भ के लिये संसद् ग्रंथालय में रख दिये जायें।

9. तत्पश्चात् समिति ने अपनी अगली बैठक सोमवार, 23 अक्तूबर, 1982 को 15.00 बजे अपने प्रारूप प्रतिवेदन पर विचार करने और उसे स्वीकृत करने हेतु करने का निर्णय किया।

10. तत्पश्चात् सभापति ने सदस्यों का ध्यान विधेयक के संबंध में अध्यक्ष द्वारा दिये गये निदेशों के निदेश 87 में अन्तर्विष्ट उपबंधों की ओर दिलाया।

11. तत्पश्चात् समिति की बैठक स्थगित हुई।

चौवालीसवीं बैठक

23-10-1982

समिति की बैठक शनिवार, 23 अक्तूबर, 1982 को 15.00 बजे से 16.15 बजे तक संसद् भवन, नई दिल्ली प्रथम तल, समिति कमरा सं० 62 में हुई।

उपस्थित

श्री डी० के० नायकर—सभापति

सदस्य

लोक सभा

2. श्री रास बिहारी बहेरा
3. श्रीमती गुरब्रिन्दर कौर बरार
4. श्रीमती विद्यावती चतुर्वेदी
5. श्री वी० किशोर चन्द्र एस० देव
6. श्रीमती माधुरी सिंह
7. श्रीमती गीता मुखर्जी
8. श्री राम प्यारे पनिका
9. श्री काजी सलीम
10. श्री एस० सिंगारावाडीवेल
11. श्री आर० एस० स्पैरो
12. श्री त्रिलोक चन्द
13. श्री वी० एस० विजयराघवन
14. श्री पी० वेंकटासुब्बैया

राज्य सभा

15. श्री लाल कृष्ण आडवाणी
16. श्री रामचन्द्र भारद्वाज
17. श्री अमर प्रसाद चक्रवर्ती
18. श्री एस० डब्ल्यु० धाबे
19. श्री बी० इब्राहीम
20. श्री धूलेश्वर मीना
21. श्री वी० पी० मुनुस्वामी
22. श्री लियोनार्ड सोलोमन सारिंग
23. श्री ईरा सेझियान
24. श्री हुक्मदेव नारायण यादव

सचिवालय

1. श्री एच० जी० परांजपे—संयुक्त सचिव।
2. श्री सत्य देव कोड़ा—मुख्य विधायी समिति अधिकारी।
3. श्री डी० ई० जगन्नाथन—वरिष्ठ विधायी समिति अधिकारी।

विधायी परामर्शदाता

1. श्री एस० रामैय्या—संयुक्त सचिव और विधायी परामर्शदाता ।

2. श्री बी० के० शर्मा—संयुक्त सचिव तथा ड्राफ्टसमैन ।

3. श्री आर० बी० अग्रवाल—डिप्टी ड्राफ्टसमैन ।

4. डा० रघुवीर सिंह—सहायक विधायी परामर्शदाता ।

गृह मंत्रालय के प्रतिनिधि

श्री एस० बी० शरन—संयुक्त सचिव ।

2. प्रारम्भ में सभापति ने समिति को धारा 376ग तथा 376घ के संबंध में अनुसूची में बाद में किये गये परिवर्तनों से अवगत कराया । क्योंकि अनुसूची में धारा 376घ संज्ञेय, जमानतीय तथा सत्र न्यायालय द्वारा सुनवाई किये जाने योग्य मामलों के बारे में कुछ संशोधनों के साथ लाया गया था इसलिये धारा 376ग तथा 376घ भी इसी प्रकार के अपराधों से सम्बन्धित हैं, अतः इन्हें स्वीकार कर लिया गया । अनुसूची में यह परिवर्तन धारा 376घ में किये गये परिवर्तनों के अनुसार पारिणामिक संशोधनों के रूप में किया गया था । समिति इन पारिणामिक संशोधनों से सहमत हुई ।

3. तत्पश्चात् समिति ने विधेयक पर विचार किया और उसे संशोधित रूप में स्वीकार किया ।

4. तत्पश्चात् समिति ने प्रारूप प्रतिवेदन पर विचार किया और उसे स्वीकार किया ।

5. तत्पश्चात् सभापति ने सदस्यों का ध्यान साक्ष्य तथा विमत के सम्बन्ध में अध्यक्ष की निर्देशिका के निर्देश 87 की ओर दिलाया और यह घोषणा की कि विमत टिप्पण, यदि कोई हो, लोक सभा सचिवालय को शुक्रवार, 29 अक्तूबर, 1982 को 16.00 बजे तक भेज दिया जाये ।

6. समिति ने मंगलवार, 2 नवम्बर, 1982 को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने तथा साक्ष्य का रिकार्ड सभा पटल पर रखने के लिये सभापति को तथा उनकी अनुपस्थिति में श्री आर० एस० स्पैरो को प्राधिकृत किया ।

7. समिति ने मंगलवार, 2 नवम्बर, 1982 को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने तथा साक्ष्य का रिकार्ड राज्य सभा पटल पर रखने के लिये श्री बी० शंकरानन्द को तथा उनकी अनुपस्थिति में श्री रामचन्द्र भारद्वाज को प्राधिकृत किया ।

8. समिति ने अपनी बैठकों में विचार-विमर्श के दौरान गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० वेंकटसुब्बैया) द्वारा दी गई सहायता की सराहना की ।

9. समिति ने विधि, न्याय तथा कम्पनी कार्य मंत्रालय (विधायी विभाग) के विधायी परामर्शदाता तथा ड्राफ्टसमैन (हिन्दी) तथा गृह मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा दिये गये सहयोग तथा सहायता की भी सराहना की ।

10. समिति ने अपने सभी कार्यों को सुविधापूर्वक करने तथा प्रारूप प्रतिवेदन शीघ्रता से तैयार करने में लोक सभा सचिवालय के अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा किये गये कठिन परिश्रम की भी सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया ।

11. उपर्युक्त अधिकारियों का धन्यवाद करते हुए सभापति ने सद्भावपूर्ण वातावरण में समिति की कार्यवाही सुचारु रूप से चलाने में समिति के सदस्यों द्वारा दिये गये सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद दिया ।

12. गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री ने भी सभापति द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सहमति व्यक्त करते हुए समिति की तथा गृह मंत्रालय, विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय तथा लोक सभा सचिवालय के अधिकारियों, द्वारा किये गये कार्य की सराहना की।

13. समिति के सदस्यों ने समिति की बैठकों की कार्यवाही को योग्यतापूर्ण तथा निष्पक्ष ढंग से चलाने तथा विधेयक के विभिन्न चरणों में उनके विचारों का निर्देशन करने के लिये सभापति (श्री डी० के० नायकर) की सराहना की तथा उन्हें धन्यवाद दिया।

14. तत्पश्चात समिति की बैठक स्थगित हुई।